वर्ष : 17 अंक : 265 लखनऊ रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-


# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4


मौसम

| | |
|---|---|
| सूर्योदय | : 5:46 |
| सूर्यास्त | : 6:25 |
| अधिकतम | : 31:00° |
| न्यूनतम | : 26:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



रश्मिका मंदाना–विजय देवरकोंडा की सगाई का दावा 10



निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी 2

'संघ' भारत का सर्वोत्तम 6

नलकूपों से पानी का दुरुपयोग रोकने को ... 12


## संभल मस्जिद केस में मुस्लिम पक्ष को झटका

### इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका




विश्ववार्ता ब्यूरो

**प्रयागराज।** संभल में तालाब और सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण मामले में मस्जिद पक्ष की ओर से दाखिल याचिका इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने याची की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक श्री त्रिपाठी और अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल को सुनकर दिया है। दशहरा अवकाश होने के बावजूद शनिवार सुबह बैठी विशेष बेंच ने मसाजिद शरीफ गोसुलबारा रावां बुजुर्ग और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजर की ओर से दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि इसके लिए वैकल्पिक उपचार उपलब्ध है, उसका सहारा ले सकते हैं। जानकारों के मुताबिक अब मस्जिद पक्ष ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल कर सकता है।



दशहरा अवकाश के दौरान यह याचिका दाखिल कर छुट्टी के दिन अर्जेंट बेसिस पर सुनवाई की मांग की गई थी। याचिका में मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कहा गया था कि बारात घर को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण के लिए दो अक्टूबर गांधी जयंती और दशहरे की छुट्टी का दिन चुना गया जबकि बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भीड़ की वजह से कोई बड़ा हादसा या बवाल भी हो सकता था।

इस कार्रवाई के पीछे आरोप है कि बारात घर तालाब की जमीन पर बना हुआ है जबकि मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना हुआ है। याचिका में राज्य सरकार, डीएम और एसपी संभल, एडीएम, तहसीलदार और ग्राम सभा गोसुलबारा रावां बुजुर्ग को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में शुक्रवार को भी दोपहर एक बजे से करीब सवा घंटे हुई सुनवाई हुई थी। इसमें मस्जिद पक्ष को कोई अंतरिम राहत नहीं मिली थी। लेकिन कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को आवश्यक कागजात पेश करने का निर्देश देते हुए शनिवार सुबह 10 बजे मामले में पुनः सुनवाई करने को कहा था। संभल के रायां बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को हटाने का काम दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी था। प्रशासन ने मस्जिद को हटाने के लिए चार दिन का समय दिया था, जिसे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्वीकार किया। जुमे की नमाज अदा करने के बाद ग्रामीणों ने खुद ही मस्जिद की दीवारें गिरानी शुरू कर दी थीं।

# बरेली में सरकार का ऐक्शन दर ऐक्शन

## नीरज मौर्य पुलिस को चकमा दे पहुंचे बरेली

### सर्किट हाउस पहुंचते ही पुलिस ने लिया हिरासत में, शहर में नहीं जा पाये





विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ/बरेली।** बरेली में बवाल के 8 दिन बाद पीड़ितों से मिलने जा रहे सपा के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को जाने नहीं दिया गया। हालांकि, आंवला से सांसद नीरज मौर्य पुलिस को चकमा देकर सर्किट हाउस पहुंच गए। इसका पता चलते ही पुलिसवाले पहुंच गए और उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा- तौकीर रजा भाजपा के एजेंट की तरह काम करते हैं।

इधर दिल्ली से बरेली जा रहे सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन और मोहिबुल्लाह नदवी को गाजियाबाद बॉर्डर पर रोका गया। तीनों सांसद करीब 40 मिनट तक अड़े रहे, लेकिन बाद में पुलिस ने उन्हें लौटा दिया। इकरा हसन ने कहा- यूपी में अघोषित इमरजेंसी दिख रही है। कल कोई 'आई लव महादेव' या 'आई लव श्रीराम' लिखेगा तो किसी को आपत्ति नहीं होगी, तो फिर 'आई लव मोहम्मद' में क्या गलत है?

> » दिल्ली से बरेली जा रहे सांसद हरेंद्र, इकरा और नदवी को बॉर्डर पर रोका

लखनऊ में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को पुलिस ने उनके घर पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क जब बरेली के लिए निकले, तो इंस्पेक्टर राजीव कुमार मलिक उनके सामने खड़े हो गए। काफी देर तक सांसद जाने पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर नहीं जाने दिया।

बर्क ने कहा- बरेली में जिनको गिरफ्तार किया गया, उनका क्या दोष है? अगर पुलिस के पास कोई सबूत है कि उन्होंने कोई कानून तोड़ा है, तो वे मीडिया में सबूत पेश क्यों नहीं करते?

फिलहाल, बरेली में आज भी इंटरनेट बंद है। 26 सितंबर को 'आई लव मोहम्मद' मामले को लेकर जुमे की नमाज के बाद बवाल हुआ था। इस मामले में 81 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

2,500 उपद्रवियों में से 200 को नामजद किया गया है। पुलिस ने दावा किया था कि बरेली में बवाल की साजिश रची गई थी, जिसका मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा है।

## आईएमसी नेता नफीस का रजा पैलेस ध्वस्त

### तीन बुलडोजर से गिरायी गयी इमारत, इंटरनेट अब भी बंद



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** बरेली में 26 सितंबर को जुमा नमाज के बाद हुए बवाल के आरोपियों के खिलाफ ऐक्शन पर ऐक्शन हो रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम उपद्रवियों और उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को जखीरा स्थित रज़ा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह इमारत आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस खां और उनके पार्टनर शोहेब बेग की बताई जा रही है। कार्रवाई से पहले बिजली कनेक्शन काट दिए गए। उसके बाद प्रशासन, पुलिस और बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम तीन बुलडोज़रों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध हिस्से को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है। प्रशासन का कहना है कि उपद्रवियों की अवैध संपत्तियों पर यह अभियान जारी रहेगा।

बरेली बवाल के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा, आईएमसी महासचिव डॉ. नफीस खां और नदीम खान को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह उपद्रवियों और हिंसा के साजिशकर्ताओं की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को निशाना बनाएगा।

बरेली में बवाल के दौरान तौकीर रजा खां को शरण देने के आरोप में चर्चा में आए फरहत खां के फाइक इंक्लेव स्थित मकान पर शनिवार को कार्रवाई की गई। बीडीए ने गुरुवार तक का समय देते हुए फरहत खां को मकान खाली करने का नोटिस दिया था। शनिवार को जिला प्रशासन और बीडीए की टीम फरहत के घर पहुंची। मकान खाली पड़ा हुआ था। टीम ने मुख्य गेट पर ताला को तोड़कर अपना ताला लगा दिया। इसके बाद सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

शनिवार को हुई बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स, पीएसी और रैपिड एक्शन फोर्स तैनात रही ताकि किसी भी तरह की अशांति को रोका जा सके। रजा पैलेस को अवैध निर्माण मानते हुए जिला प्रशासन और बरेली विकास प्राधिकरण ने यह ध्वस्तीकरण अभियान चलाया।

# फर्रुखाबाद में कोचिंग सेंटर में धमाका, दो छात्रों की मौत

## कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग में बना सेप्टिक टैंक मीथेन गैस से फटा : डीएम



विश्ववार्ता संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** शनिवार दोपहर को बिल्डिंग में सेप्टिक टैंक में मीथेन गैस का विस्फोट हो गया और आस-पास के इलाके दहल उठे। धमाके की धमक लगभग एक किलोमीटर दूर तक महसूस की गयी। धमाके ने कोचिंग सेंटर के बाहरी हिस्से को उड़ा दिया, जिससे दो बच्चों की मौत हो गयी। लगभग एक दर्जन घायल हुए है। घायलों में एक को लोहिया अस्पताल में मृत घोषत कर दिया गया जबकि दूसरे को रेफर किया गया लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। थाना कादरी गेट सातनपुर आलू मंडी रोड पर स्थित कटियार कोल्ड के सामने द सन लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर का संचालन होता है।

विस्फोट इतना भयानक था कि शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लास्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

थाना नवाबगंज के गुठिना निवासी योगेश राजपूत व रविन्द्र शर्मा संचालित बीते कुछ महीनों से कर रहे थे। दोपहर लगभग ढाई बजे बच्चे कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे थे, उसी दौरान अचानक कोचिंग सेंटर में सेप्टिक टैंक फट जाने से धमाका हुआ। घटना के दौरान पहली मंजिल पर पढ़ रहे 10 वर्षीय अभय पुत्र सुदीप श्रीवास्तव, 10 वर्षीय निखिल पुत्र नीलू यादव, 12 वर्षीय निखिल पुत्र नीलू यादव निवासी गुंजन बिहार कालोनी, 14 वर्षीय अंशुल पुत्र प्रदीप यादव व 13 वर्षीय आयुष यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी ग्राम मीरपुर, 14 वर्षीय अभय राजपूत पुत्र रघुवीर निवासी टिकुरियन नगला व 17 वर्षीय प्रभात पुत्र बबलू के साथ ही 25 वर्षीय आकाश सक्सेना पुत्र राजेश सक्सेना, 12 वर्षीय रिदम यादव पुत्र विवेक यादव, अंशिका गुप्ता पुत्री पंकज गुप्ता निवासी सेंट्रल जेल चौराहा, के साथ 24 वर्षीय आकाश कश्यप पुत्र दीपक कश्यप निवासी निंनौआ फतेहगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गये। अंशुल यादव व आयुष के साथ ही प्रभात व अभय राजपूत का निजी अस्पताल में सेन्ट्रल जेल पर उपचार किया गया, जबकि अन्य घायलों को लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहाँ आकाश सक्सेना को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल आकाश कश्यप को रेफर कर दिया गया। आकाश कश्यप की रास्ते में कमालगंज के निकट मौत हो गयी। मृतक आकाश सक्सेना के पिता दारोगा हैं और लखनऊ में तैनात हैं।

## तमिलनाडु, एमपी के बाद केरल में कफ सिरप बैन

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोलड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्यप्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई।

कोलड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है।

# 'जननायक' पद की हो रही है चोरी

## बिहार वाले सावधान! मोदी ने राहुल और राजद पर साधा निशाना



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** पीएम सेतु योजना की लॉन्चिंग और आईटीआई दीक्षांत समारोह के मौके पर आयोजित युवा संवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन से राहुल गांधी और बिहार की लालू-राबड़ी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के जननायक पद की चोरी की कवायद की जा रही है। बिहार के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा के समय कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तो पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर राहुल गांधी को जननायक बताकर पोस्ट किया गया था।

युवा संवाद को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को नई स्किल यूनिवर्सिटी मिली है। नीतीश सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखा है। मैं बिहार के लोगों को कहूंगा चौकन्ने रहिए। यह जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही शोभायमान है। बिहार की जनता ने उनकी कृति को देखते हुए यह सम्मान दिया। आजकल कुछ लोग जननायक की भी चोरी करने में लग गए हैं। इसलिए बिहार के लोगों से जागृत रहने का आग्रह करता हूं। हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब को जनता के द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर ले।

पीएम ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और शिक्षा विस्तार के लिए लगा दिया। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी आगे बढ़े। उनके नाम पर बनने वाले इसके लिए यूनिवर्सिटी इस सपने को आगे बढ़ने का माध्यम है। बिहार के हजारों युवा हमारे साथ जुड़े हैं। दो-ढाई दशक पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था कैसी थी, इसका अंदाजा उन्हें नहीं होगा। एक भी ढंग के संस्थान नहीं थे। ईमानदारी से स्कूल नहीं खुलते थे। कोई भर्ती नहीं होती थी। मजबूरी में लाखों बच्चों को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों में पढ़ने जाना पड़ता था। असली पलायन यहीं से शुरू होता था।

# फाइलों तक सीमित न रहें बड़े अधिकारी

## धरातल पर उतरकर परियोजनाओं की देखें प्रगति : योगी



विश्ववार्ता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आवास विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश के अवस्थापना और शहरी विकास कार्यों को नए स्तर पर ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर उतरकर परियोजनाओं की प्रगति देखें और जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत कार्यों को आगे बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान बनाते समय चयन प्रक्रिया को वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाएं ताकि योजनाएं व्यवहारिक तौर पर धरातल पर उतर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अल्प अवधि, मध्य अवधि और दीर्घकालिक योजनाएं बनाकर विकास परियोजनाओं को समग्रता के साथ आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ, कानपुर एवं मथुरा-वृंदावन के समग्र विकास हेतु 1833 करोड़ रुपए कि लागत से 38 परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। इनमें मेरठ में 11, कानपुर में 13 और मथुरा वृंदावन में 14 शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि हर प्रस्ताव को स्थानीय स्तर पर सर्वे और अध्ययन के बाद ही अंतिम रूप दिया जाए, ताकि योजनाएं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप हों और जनता को वास्तविक लाभ मिल सके।

राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 28 किलोमीटर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में संचालित विभिन्न परियोजनाओं को आपस में जोड़ने से आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीन कॉरिडोर और अन्य अवस्थापना परियोजनाओं के लिए आवश्यक निधि निवेश ऋण के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को विभागीय कन्वर्जेंस के माध्यम से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने विकास प्राधिकरणों से कहा कि वे ऐसी परियोजनाएं तैयार करें जो राष्ट्रीय स्तर पर मॉडल साबित हों और साथ ही प्राधिकरण की आय का भी स्रोत बनें।

# लव अफेयर में हत्या

### महामंडलेश्वर पर शिकंजा, 25 हजार का इनाम



विश्ववार्ता ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में टीवीएस शोरूम मालिक अभिषेक की हत्या के मामले में फरार महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। 25 हजार का इनाम घोषित करने के साथ ही गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हो गया है। पुलिस की चार टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस पूजा के करीब पहुंच गई है। जल्द उसकी गिरफ्तारी हो सकती है। इसी बीच पूजा ने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी डाली है, जिस पर सात अक्टूबर को सुनवाई होगी।

यह घटना 26 सितंबर की रात को हुई थी। हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव कचौरा निवासी 25 वर्षीय अभिषेक गुप्ता अपने पिता व चचेरे भाई के साथ खैर स्थित टीवीएस शोरूम को बंद करके लौट रहे थे। खेरेश्वर चौराहे पर बस में चढ़ने के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने दोनों शूटरों के अलावा पूजा शकुन पांडेय के पति अशोक पांडेय को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार पूजा व अशोक ने तीन लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। पूजा के अभिषेक से संबंध थे। वह अभिषेक को दूर नहीं होने देना चाहती थी। जब उसने शोरूम खोलातो उसमें भी पार्टनरशिप की बात कहती थी। एसएसपी ने पूजा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। शनिवार को उसके गैर-जमानती वारंट जारी कराए गए। अगर पूजा पकड़ में नहीं आती तो पुलिस कुर्की की प्रक्रिया शुरू करेगी। साथ ही उसे भगौड़ा भी घोषित कराया जाएगा। एएसपी व सीओ प्रथम मयंक पाठक ने बताया कि पूजा की तलाश में टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पूजा की तलाश में जुटीं टीमों ने राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, पूर्वांचल में संभावित स्थानों में दबिश दी। लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस उसके रिश्तेदारों व करीबियों की सीडीआर भी खंगाल रही है। पूजा ने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत अर्जी डाली है। इस पर सुनवाई के लिए सात अक्टूबर की तिथि नियत की गई है। उधर, उसके पति अशोक पांडेय के अधिवक्ता ने भी निचली अदालत में जमानत अर्जी डाली थी, जो रद्द हो गई। अब सत्र न्यायालय में अर्जी डाली जाएगी।

# हमारी सरेंडर नीति बहुत अच्छी, हथियार डाल दें नक्सली

## अमित शाह ने माओवादियों से बातचीत की किसी भी सम्भावना से किया इनकार

एजेंसी

जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से एक बार फिर हथियार डालने की अपील की है। छत्तीसगढ़ में बस्तर दशहरा महोत्सव में शाह ने कहा कि हमने बहुत अच्छी सरेंडर नीति बनाई है। साथ ही कहा कि मां दंतेश्वरी से प्रार्थना की कि वे हमारे सुरक्षा बलों को शक्ति दें ताकि वे 31 मार्च 2026 तक बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कर सकें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को माओवादियों के साथ बातचीत की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार की लाभदायक सरेंडर और पुनर्वास नीति को स्वीकार करके हथियार डालने होंगे। शाह ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा महोत्सव को संबोधित किया। इससे पहले शाह ने प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजन किया। बस्तर दशहरा महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री डॉ. विजय शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

अमित शाह ने कहा कि 75 दिनों तक चलने वाला विश्व का सबसे बड़ा और अनूठा बस्तर दशहरा मेला एक सांस्कृतिक महोत्सव है। शाह ने कहा कि आज मां दंतेश्वरी के दर्शन-पूजन के दौरान उन्होंने प्रार्थना की कि वे हमारे सुरक्षा बलों को शक्ति दें ताकि वे 31 मार्च 2026 तक बस्तर क्षेत्र को लाल आतंक से मुक्त कर सकें।

शाह ने कहा कि दिल्ली में कुछ लोग वर्षों तक यह भ्रांति फैलाते रहे कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, जबकि सच यह है कि बस्तर के विकास से वंचित रहने का मूल कारण नक्सलवाद ही है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर गांव में बिजली, पेयजल, सड़क, हर घर में शौचालय, पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था पहुंच चुकी है, लेकिन बस्तर प्रगति की इस दौड़ में पीछे रह गया है।

> **फिर याद दिलायी तारीख**
>
> गृह मंत्री ने कहा कि हमने बहुत सुंदर आत्मसमर्पण नीति बनाई है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार डाल दें। साथ ही चेताया भी कि यदि हथियारों के जरिए बस्तर की शांति को भंग करने का प्रयास किया गया तो हमारे सशस्त्र बल, सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस मिलकर इसका करारा जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 की तिथि तय है, जब नक्सलवाद को इस देश से पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।



गृह मंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी की ओर से यह आश्वासन देना चाहते हैं कि 31 मार्च, 2026 के बाद नक्सलवादी न तो बस्तर के विकास और न ही बस्तर के लोगों के अधिकारों को रोक पाएंगे। शाह ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के जो बच्चे भटक कर नक्सलवाद से जुड़ गए हैं, वे स्थानीय गांवों के ही हैं। शाह ने बस्तर के लोगों से अपील की कि वे भटके हुए इन बच्चों को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की बात समझाएं, ताकि वे बस्तर के विकास में सहभागी बनें।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने देश की सबसे बेहतर सरेंडर नीति बनाई है। पिछले एक महीने में ही 500 से अधिक नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे सरेंडर कर दें। शाह ने कहा कि जिस गांव में नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा, वहां छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांव के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। शाह ने कहा कि नक्सलवाद से किसी का भला नहीं हुआ है और यह समस्या अब काफी हद तक कम हो चुकी है। अमित शाह ने कहा कि कि केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए पूर्णतः समर्पित हैं। इसके लिए आकर्षक नीतियां बनाई गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख 40 हजार करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है।



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान व कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. चौहान ने शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की मूर्ति भेंट कर मुख्यमंत्री को मंगलकामनाएं दीं और कहा कि माँ दुर्गा की शक्ति से प्रेरित होकर प्रदेश की प्रत्येक बेटी सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने, यही आयोग की निरंतर प्रेरणा है।

## एक नजर

### उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने महाकुंभ 2025 पर आधारित पुस्तकों के चार खंडों का किया विमोचन

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय, आशियाना, लखनऊ में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी से संबंधित पुस्तकों के चार खंडों का विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शिक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा अध्यापन तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना भी विकसित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए स्वदेशी अपनाने के संदेश की सराहना करते हुए विदेशी वस्तुओं का परित्याग करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता ने स्वागत वक्तव्य में महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में नेट एवं जेआरएफ उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राघवेंद्र मिश्र ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. सरिता सिंह द्वारा किया गया। समारोह में सचिव उच्च शिक्षा अमृत त्रिपाठी, विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी, निधि श्रीवास्तव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. अमित भारद्वाज एवं सहायक निदेशक प्रो. बी.एल. शर्मा सहित विभागीय अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्तनधारी जीवों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में यह दौड़ यह अहम भूमिका निभाएगी : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** दुनिया भर में प्रतिवर्ष 05 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ग्लोबल मैमल बिग डे के अवसर पर ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में विशेष ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से किया जा रहा है। इस ईको रन का उद्देश्य सिर्फ दौड़ना नहीं, बल्कि प्रकृति और स्तनधारी जीवों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि ओखला बर्ड सैंक्चुअरी में ईको रन की शुरुआत 05 अक्टूबर (रविवार) की सुबह 7:00 बजे, गेट नंबर- 2 से शुरू होगी। इस दौड़ में संरक्षणवादियों, शिक्षाविदों, पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों, फिटनेस उत्साही लोगों एवं सामान्य जनमानस की भागीदारी रहेगी। हर कदम के साथ प्रतिभागी न केवल जीवन के हर रूप का उत्सव मनाएंगे, बल्कि स्तनधारी जीवों के संरक्षण और उन्हें सुरक्षित रखने की साझा जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय योगदान देंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इको रन में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। ओखला बर्ड सैंक्चुअरी (दिल्ली-एनसीआर) की प्राकृतिक सुंदरता के बीच एक विशेष दौड़ में सम्मिलित होना धावकों को अविस्मरणीय अनुभव देगा। यह दौड़ ग्लोबल मैमल बिग डे का हिस्सा है, जो प्रत्येक वर्ष छोटे से छोटे चमगादड़ से लेकर विशाल जीवों के प्रति संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करती है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्तनधारी जीव हमारे पर्यावरण और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से कई संकट का सामना कर रहे हैं, जिनके संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इसी उद्देश्य के साथ यूपी ईको टूरिज्म और ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर के सहयोग से ईको रन का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कार्यक्रम लोगों को फिटनेस, जागरूकता और संरक्षण के लिए एक मंच प्रदान करता है। निदेशक, ईको पर्यटन प्रखर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भागीदारी से यह पहल स्तनधारी जीवों के संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी के बीच सेतु बनाती है। ईको रन प्रतिभागियों को न केवल दौड़ने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि वे प्रकृति और जैव विविधता की सुरक्षा के संदेश को भी आगे बढ़ाएंगे।

### गांवों में रोजगार व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा : केशव प्रसाद

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण हाटों के संचालन एवं रखरखाव से सम्बन्धित सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं ।उन्होंने निर्देश दिये है ग्रामीण हाटों के आवंटन मे स्वयं सहायता समूहो को प्राथमिकता दी जाय, यह महिला सशक्तिकरण की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मनरेगा योजनान्तर्गत संचालित ग्रामीण हाटों के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारियो को भेजे गये पत्र मे कहा गया है कि ग्रामीण हाट के संचालन एवं स्थल चयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव की संयुक्त समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा हाट स्थल का चयन एवं संचालन सम्बन्धी सभी कार्य सुनिश्चित किए जाएंगे। गांव के सबसे गरीब एवं बाजार लगाने के इच्छुक निवासियों को हाट में दुकान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) को भी प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। हाट संचालन से प्राप्त किराये की आय ग्राम पंचायत के खाते में सुरक्षित रखी जाएगी तथा उक्त आय का उपयोग हाट की संरचना के रखरखाव, सुरक्षा एवं विकास कार्यों में किया जाएगा।

# निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी

## निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट को रद्द करने की नियामक आयोग से मांग

- संघर्ष समिति ने निजीकरण पर बिजली कर्मियों का पक्ष रखने हेतु नियामक आयोग से मांगा समय




विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने निजीकरण की चर्चा तेज होने के बीच एक बार पुनः विद्युत नियामक आयोग से मांग की है कि वह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु तैयार किए गए एकतरफा आरएफपी डॉक्यूमेंट को निरस्त कर दें। इस बीच निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 311 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से पुनः अनुरोध किया है कि वे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से बिजली कर्मियों को होने वाले नुकसान के विषय में बिजली कर्मियों का पक्ष रखने के लिए संघर्ष समिति को वार्ता हेतु समय दें। संघर्ष समिति ने कहा है कि बिजली के क्षेत्र में बिजली कर्मी और बिजली के उपभोक्ता सबसे बड़े स्टेकहोल्डर हैं। ऐसे में निजीकरण के पहले बिजली कर्मियों और बिजली के उपभोक्ताओं का पक्ष सुने बिना निजीकरण के आर एफ पी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग को कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए। इस दृष्टि से विद्युत नियामक आयोग को आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विस्तृत वार्ता के लिए संघर्ष समिति को शीघ्रातिशीघ्र समय देना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से लगभग 16500 नियमित कर्मचारियों और 60000 संविदा कर्मचारियों की नौकरियों के समाप्त होने का खतरा है। इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर अभियंताओं, जूनियर इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को रिवर्शन का सामना करना पड़ेगा। निजीकरण कर्मचारियों का भविष्य अंधेरे में डाल देने वाला है। निजीकरण का प्रस्ताव हर हाल में निरस्त किया जाना चाहिए।

निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे हैं आंदोलन के 311 वें दिन आज बिजली कर्मियों ने वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

## नई शिक्षा नीति विकसित भारत व विकसित यूपी के लिए सॉफ्ट स्किल के साथ, ग्लोबल सिटीजन करेगी तैयार

**आगरा।** आज प्रो.डीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष यूजीसी व शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री द्वारा आरबीएस मैनेजमेंट टेक्निकल कैंपस खंदारी सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विषय पर शिक्षकों तथा छात्र - छात्राओं के साथ संवाद कर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा आरबीएस कॉलेज के संस्थापक राजा बलबंत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.डीपी सिंह जी,पूर्व अध्यक्ष यूजीसी व शिक्षा सलाहकार मा.मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश का पटका पहना कर व मोमेंट देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति प्रो. राजेश कुमार धाकरे, प्रो. ए एन सिंह जी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तार से बताया। इस अवसर पर शिक्षा सलाहकार मुख्यमंत्री प्रो डीपी सिंह जी ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों, छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु 2047 तक का लक्ष्य रखा गया है, उन्होंने आजादी के अमृत काल में लक्ष्य तय किए उन्हीं में देश को विकसित बनाने का भी लक्ष्य है, मोदी जी ने ब्रांड इंडिया बनाए जाना हेतु 5- टी यथा टैलेंट, ट्रेड, ट्रेडिशन, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी पर कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत @2047 की अवधारणा को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश को समर्थ उत्तर प्रदेश -विकसित उत्तर प्रदेश @2047 तक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिए गया है।

# भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान विरोधी और अलोकतांत्रिक कार्य कर रही है। बरेली जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा रोका जाना निन्दनीय है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए तानाशाही कर रही है। सरकार अपने तानाशाही रवैये से संविधान की मूल भावना पर प्रहार कर रही है।



अभी पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के नेतृत्व में जा रहे प्रतिनिधिमंडल को रोका गया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बरेली जा रहे प्रतिनिधिमंडल को जगह-जगह रोका जाना भाजपा सरकार की नाकामी है। समाजवादी प्रतिनिधिमंडल को बरेली के डीआईजी और कमिश्नर से मिलकर वहां शांति बहाली की दिशा में प्रयास करना था। हैरानी की बात है कि बरेली के जिलाधिकारी ने निषेधाज्ञा का हवाला देकर नेता विरोधी दल और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल को बरेली जाने से रोक दिया। पुलिस ने माता प्रसाद पाण्डेय सहित प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों, हरेन्द्र मलिक सांसद, इकरा हसन सांसद, जियाउर्रहमान बर्क सांसद, मोहिबुल्लाह नदवी सांसद, नीरज मौर्य सांसद, वीरपाल सिंह यादव पूर्व सांसद, प्रवीण सिंह ऐरन पूर्व सांसद, शिवचरन कश्यप जिलाध्यक्ष, शमीम खाँ सुल्तानी महानगर अध्यक्ष, अताउर्रहमान विधायक एवं प्रदेश महासचिव समाजवादी पार्टी उप्र, शहजिल इस्लाम अंसारी विधायक, भगवत शरण गंगवार पूर्व मंत्री उप्र सरकार, शुभलेश यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र को भी उनके घरों में पाबंद कर दिया। यह निंदनीय और शर्मनाक है। भाजपा सरकार का व्यवहार सत्ता के दुरुपयोग के साथ पूर्णतया अलोकतांत्रिक है। आगरा में 26 सितम्बर 2025 को जुमे की नमाज के बाद घटी घटना के बाद निदोषों की धरपकड़ के साथ कई मकानों-दुकानों पर बुलडोजर चला है। विपक्ष को वहां के हालात की सही जानकारी करने और पीड़ित परिवारों से मिलने से रोक कर जता दिया गया है कि अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने के लिए ही भाजपा सरकार यह सब हरकतें कर रही है। भाजपा सरकार को एक बात समझ लेनी चाहिए कि वह बरेली की जनता पर अपना दमनचक्र चलाकर कुछ हासिल नहीं कर पाएगी। पीडीए जाग चुका है। पीडीए की एकजुटता के आगे भाजपा का अन्याय, अत्याचार टिकने वाला नहीं है। भाजपा का कुशासन, लूट और भ्रष्टाचार सब जनता जान चुकी है। सन 2027 के चुनावों में भाजपा की दमनकारी, अहंकारी सरकार का सूपड़ा साफ होना तय है। अलोकतांत्रिक, जनविरोधी और अन्यायी भाजपा सरकार के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण एवं विभागीय समीक्षा बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय शनिवार को लखनऊ स्थित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने सर्वप्रथम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उच्च शिक्षा की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने पर बल दिया। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रहित से जुड़ी प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध ढंग से विद्यार्थियों तक पहुँचे तथा शिक्षण संस्थानों में अनुशासन, सुचारु परीक्षा प्रणाली और शोध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। उच्च शिक्षा मंत्री ने लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि शीघ्र ही इस कार्यालय भवन का निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के कार्यों के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढाँचा उपलब्ध हो सके।

# मलिन बस्तियों का कायाकल्प जरूरी, मूलभूत सुविधाओं का हो विस्तार : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

- मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग, रेस्टोरेंट और ऑडिटोरियम जैसे प्रोजेक्ट्स को पीपीपी मॉडल पर करें विकसित
- बिना मानक और नगर निकायों की अनुमति के विकसित होने वाली कॉलोनियों और बस्तियों पर प्रारंभिक स्तर पर ही लगाएं रोक : मुख्यमंत्री



राजधानी स्थित सरकारी आवास में आवास विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में शहरों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्य नियोजित ढंग से और समन्वित रूप में किए जाएं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग कार्य करने से योजनाओं में अनावश्यक देरी होती है। इसलिए सभी विभाग मिलकर साझा कार्ययोजना बनाएं और समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन करें। मलिन बस्तियों के विकास पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, सड़क कनेक्टिविटी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल निकासी व्यवस्था (ड्रेनेज सिस्टम) को और मजबूत करने की आवश्यकता है। प्रत्येक शहर में ऐसी नाली की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे भारी बारिश के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनेज सिस्टम के सुधार और नई व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि नागरिकों को बरसात के समय किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मलिन बस्तियों के विकास पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जल निकासी, सड़क कनेक्टिविटी, कूड़ा कलेक्शन और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इन बस्तियों के विकास की जिम्मेदारी ठेकेदारों को न दी जाए, बल्कि नगर निकाय स्वयं इसकी जिम्मेदारी उठाएं और समय-समय पर उसकी मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलिन बस्तियों और पब्लिक प्लेसेस अधिक से अधिक सामुदायिक शौचलयों के निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखा जाए की इन सामुदायिक शौचालयों में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकायों से जुड़े नए गांवों में भी मूलभूत सुविधाएं जल्द सुनिश्चित की जाए, जिससे लोगों किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय की जाएगी। स्मार्ट सिटी के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी की योजनाओं को इस तरह तैयार किया जाए जिससे शहर का समग्र विकास हो और साथ ही राजस्व की भी वृद्धि सुनिश्चित हो। इसके तहत मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, रेस्टोरेंट और ऑडिटोरियम जैसे प्रोजेक्ट्स को पीपीपी मॉडल पर विकसित करें। स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने नियमित कूड़ा उठान और उसके निस्तारण को सुनिश्चित करने के साथ-साथ ठोस और गीले कचरे को अलग करने के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बिना मानक और नगर निकायों की अनुमति के विकसित होने वाली कॉलोनियों और बस्तियों पर प्रारंभिक स्तर पर ही रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि शहरों की नियोजित संरचना बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने नगर विकास से जुड़ी सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ कोर कमेटी की बैठक निरीक्षण भवन जौनपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विकास कार्यों की प्रगति, जनसमस्याओं के समाधान और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री जी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लापरवाही या ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनता के बीच उत्तरदायी और पारदर्शी कार्यशैली अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि जनता को समयबद्ध सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे निरंतर जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाते रहें ताकि समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा सके। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक मडियाहू डॉक्टर आर के पटेल, जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# वैश्य समाज के लोगों को लेकर दिल्ली पहुंचे मंत्री नन्दी



- वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कांक्लेव में होंगे सम्मिलित

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** राजनैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ निर्बल वर्ग को सबल बनाने, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने एवं आत्मनिर्भर बनाने व समाज के उत्थान में पूरी तरह समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ प्रयागराज एवं विभिन्न जनपदों के 60 सदस्य शनिवार को देश की राजधानी दिल्ली के होटल ललित में वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कांक्लेव में सम्मिलित होंगे। जहां देश के कई बड़े व्यापारिक एवं सामाजिक घरानों की मौजूदगी में विभिन्न राज्यों एवं विभिन्न जनपदों के वैश्य समाज के निर्बल वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक ठेला दिया जाएगा। साथ ही उन्हें सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली में आयोजित वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन के कांक्लेव में सम्मिलित होने के लिए मंत्री नन्दी शुक्रवार की रात हमसफर एक्सप्रेस से सभी 60 सदस्यों को साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। सभी परिवार ने मंत्री नन्दी के साथ प्रयागराज से दिल्ली का सफर किया। सुबह सभी लोग दिल्ली पहुंचे जहां एक होटल में सभी के रूकने की व्यवस्था की गई थी।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बद्री प्रसाद दुलीचन्द्र उमराव इण्टर कॉलेज, अमौली, जनपद फतेहपुर के प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 19-10-2025 को विद्यालय के सभागार में होना तय हुआ है जिसमें प्रबन्ध समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समय से उपस्थित होकर विद्यालय प्रबन्ध समिति के चुनाव को सम्पन्न करायें।

- जय सिंह
अध्यक्ष
बद्री प्रसाद दुलीचन्द्र उमराव पू0 माध्यमिक विद्यालय अमौली, फतेहपुर

**मिशन शक्ति** महिला एवं बाल विकास विभाग का अभिनव प्रयास–हर बेटी सुरक्षित, हर बेटी जागरूक : लीना जौहरी

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को मिली आत्मरक्षा की नई दिशा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज प्रदेश के सभी जनपदों में पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन 3 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह थीम के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा और व्यक्तिगत संरक्षण से जुडे विषयों पर जागरूक करना है। आज के कार्यक्रमों में जनपद, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर कार्यशालाएँ और छोटे सूहों में सत्र आयोजित किये गये, जिनमें बालिकाओं और महिलाओं को उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा से जुडे अधिकारों, उपायों और कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यालयों में विशेष रूप से सत्रों का आयोजन किया गया, जहाँ छात्राओं को विशेषज्ञों द्वारा यह समझाया गया कि विभिन्न सामाजिक या व्यक्तिगत परिस्थितियों में वे अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकती हैं। इस दौरान आत्मरक्षा के बुनियादी अभ्यास, संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीके, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी तथा साइबर सुरक्षा जैसे पहलुओं पर भी चर्चा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम का संचालन विषय विशेषज्ञों, समाजसेवियों और प्रशिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। इसमें यह विशेष संदेश दिया गया कि कोई भी बालिका या महिला अगर किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति का सामना करती है तो उसे चुप न रहकर अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और उपलब्ध सरकारी एवं सामाजिक सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहिए। ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी विद्यालयों तक आयोजित इन सत्रों में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खुले मन से अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं। कई जगह छात्राओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मविश्वास देते हैं बल्कि परिवार और समाज में भी सुरक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं।




महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश की अपर मुख्य सचिव लीना जोहरी ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बडा कदम है। पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस से जुडी जानकारी हर बेटी के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी शिक्षा। पर्सनल सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि समाज में जागरूकता ही सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है। मिशन शक्ति के इस प्रयास से न केवल बालिकाओं की व्यक्तिगत सुरक्षा सुदृढ होगी, बल्कि पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण के निर्माण को भी गति मिलेगी।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी अमौली, फतेहपुर

पत्रांकः 659/ज०भ०नीलामी/2025-26 दिनांक :- 04/10/2025

### विज्ञप्ति

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर के कार्यालय पत्रांक SSA 3290-96/2024-25 दिनांक 06.08.2024 के क्रम में विकास खण्ड-अमौली में स्थित जीर्ण-जर्जर भवनों की नीलामी की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी फतेहपुर द्वारा अनुमोदित न्यूनतम मूल्य (स्क्रैप वैल्यू) से अधिक पर नीलामी की कार्यवाही गठित समिति के माध्यम से की जायेगी।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | विद्यालय का नाम | नीलामी तिथि | स्क्रैप वैल्यू |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमौली | कम्पो0 वि0 गोहरारी | 13.10.2025 | 53522 |
| 2 | अमौली | कम्पो0 वि0 गोविन्दपुर बिलारी | 13.10.2025 | 56628 |
| 3 | अमौली | उ0प्रा0वि0 बकियापुर | 13.10.2025 | 56970 |

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक बोलीदाता इस कार्यालय से सम्पर्क कर नीलामी हेतु नियम व शर्तों की जानकारी प्राप्त कर तथा स्वयं विद्यालय का स्थलीय अवलोकन कर निर्धारित तिथि को नीलामी में प्रतिभाग करेंगे।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
अमौली, फतेहपुर

## एक नजर

### एसडीएम सोहावल ने किया निरीक्षण



**अयोध्या।** धार्मिक स्थल भरतकुंड सरोवर में मछलियों के मरने की खबर ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मीडिया में समाचार चलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सोहावल सविता राजपूत ने शनिवार को सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मत्स्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। एसडीएम सविता राजपूत ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सरोवर में मछलियों की संख्या आवश्यकता से अधिक थी, जिससे पानी में ऑक्सीजन की कमी हो गई। मत्स्य अधिकारियों के अनुसार, हाल के दिनों में आसमान में लगातार बादल छाए रहने से पर्याप्त धूप नहीं मिल पाई, जिससे पानी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर और भी कम हो गया। इसी कारण मछलियों की मृत्यु हुई। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल तालाब में चूने का छिड़काव कराया गया है और सफाई अभियान भी शुरू किया गया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि आगे ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए निगरानी बढ़ाई जाएगी और तालाब के पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### 6 अक्टूबर को मनाएंगे टिकैत की जयंती

**अयोध्या।** किसानों के मसीहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक अध्यक्ष चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत जी की जयंती 6 अक्टूबर दिन सोमवार को चौधरी चरण सिंह घाट अयोध्या में किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि चौ0 महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण/ पुष्पांजलि एवं गोष्टी/ पंचायत तथा भण्डारा किया जाएगा। जिसमें पूरे जिले से कार्यकर्ता पदाधिकारी भाग लेंगे।

### सीमित साधनों में भी गौसेवा जारी

**अयोध्या।** शहर के गौसेवक हरि श्याम बीते एक दशक से अधिक समय से सीमित संसाधनों में भी बेसहारा, भूखे और घायल जानवरों की सेवा में जुटे हैं। ठेले पर दवा, चारा और पानी लेकर वे स्वयं घूम-घूम कर जरूरतमंद जानवरों की सेवा करते हैं।गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले हरि श्याम मजदूरी से जो भी धन कमाते हैं, उसी से इन निरिह जीवों की मदद करते हैं। कोरोना काल में जब इंसानों को भी राहत मिलना कठिन था, तब भी उन्होंने अपनी सेवा नहीं रोकी।पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय द्वारा कभी-कभार मदद जरूर मिली, लेकिन स्थायी सहयोग आज तक नहीं मिला। खर्चों के चलते वे अब पहले जैसी व्यापक सेवा नहीं कर पा रहे, फिर भी उनका कहना है, सेवा मेरे जीवन का हिस्सा है।हरि श्याम की यह निस्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणा है। यदि प्रशासन और समाज से उन्हें समर्थन मिले, तो अयोध्या की सड़कों पर बेसहारा जानवरों की स्थिति में बड़ा सुधार संभव है।

### प्रतापगढ़ का बाबर प्रथम स्थान पाकर अयोध्या में लहराया अपना परचम

**अयोध्या।** जनपद के सोहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रौनाही में हाजी जुबेर खान एंड सुल्तान खान मेमोरियल राष्ट्रीय घोड़ा रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरा प्रतापगढ़ का बाबर प्रथम स्थान पाकर अयोध्या में अपना परचम लहराया। रौनाही गांव में विगत दो दशकों से आयोजित हो रही घोड़ दौड़ प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ के रहने वाले लकी सिंह का घोड़ा बाबर प्रथम स्थान पर रहा। जिसे प्रतियोगिता के आयोजक बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर एवं उनके बड़े भाई हाजी सरफराज खान ने 51000 नगद पुरस्कार एवं एक शील्ड पुरस्कार स्वरूप दिया। दूसरे स्थान पर बिहार के अजय सिंह की घोड़ी बिजली रानी रही एवं तृतीय स्थान पर मोतीहारी बिहार के रहने वाले सैयद फरहान का घोड़ा उस्मान रहा। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे घोड़े को 25000 एवं 11000 नगद पुरस्कार दिया गया। हाजी फिरोज खान गब्बर ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार, नालंदा, मोतिहारी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, लखनऊ, बस्ती, गोंडा, जौनपुर, हैदराबाद, पंजाब, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, बहराइच, बलरामपुर, अयोध्या, कैसरगंज, सीतापुर, कानपुर, उन्नाव सहित विभिन्न प्रदेशों एवं जनपदों के लोगों ने प्रतिभाग किया। वहीं दो दांत के छोटे घोड़े की रेस में नालंदा के रहने वाले अरुण सिंह का घोड़ा प्रथम स्थान। बिहार बक्सर के रहने वाले अजय सिंह का घोड़ा दूसरे नंबर एवं बलिया के रहने वाले शिवम राय का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर प्रतियोगिता की आयोजक हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर, सरफराज खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख फिरदौस खान, खान सपा जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, शोएब खान, खुर्शीद खान, जावेद खान, गाज़ी अनवर खान, पूर्व प्रधान मेराज खान, अशोक चौधरी, चुन्नी खान,नफीस खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सिजेरियन डिलीवरी के लिए पहुँची डॉक्टर को आशाओं ने दी जान से मारने की धमकी, ओटी में किया बंद

**अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. फातिमा हसन के साथ गंभीर घटना सामने आई है। डॉ. फातिमा ने थानाध्यक्ष रौनाही को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 सितंबर 2025 को उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा दूरभाष पर निर्देश दिया गया था कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल जाकर तीन गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन प्रसव करें।डॉ. फातिमा के अनुसार, जब वह निर्धारित समय पर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में पहुँचीं, तो रास्ते में खड़ी तीन आशा कार्यकर्ताओं सरिता दूबे, छाया यादव और शालिनी सिंह ने उन्हें धमकी भरे शब्दों में कहा कि इनको जिंदा बाहर नहीं निकलने देंगे। जैसे ही वह ओटी के भीतर गईं, इन आशाओं ने दरवाज़ा बाहर से बंद कर दिया, जिससे डॉ. फातिमा सहित ओटी का समस्त स्टाफ भयभीत हो गया। डॉ. फातिमा ने तुरंत उपजिलाधिकारी सोहावल, सीएमओ और जिलाधिकारी को फोन पर सूचना दी। अधिकारियों के हस्तक्षेप और पुलिस बल की सहायता से उन्हें बाहर निकाला गया। प्रार्थना पत्र में डॉ. फातिमा ने यह भी उल्लेख किया है कि उक्त आशाओं के नेतृत्वकर्ता वृजेन्द्र प्रताप सिंह पहले भी कई बार उन्हें अपशब्द कह चुके हैं और धमकियाँ दे चुके हैं। इस घटना के बाद डॉ. फातिमा ने अपनी जान को खतरा बताया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### अधिवक्ता आलोक सिंह पर हमले में पुलिस का भ्रम

**अयोध्या।** भाजपा नेता, पूर्व पार्षद व अधिवक्ता आलोक सिंह पर 2 अक्टूबर को हुए प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस के शक और बयान को घायल अधिवक्ता के बड़े भाई बृजेश कुमार सिंह ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान आलोक सिंह पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी। हमले के बाद पुलिस ने बयान जारी कर शक जाहिर किया था कि वारदात के पीछे प्रॉपर्टी का विवाद हो सकता है और हमलावर मोहित पांडेय को आलोक सिंह का पार्टनर बताया था। बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस के इस कथन को भ्रामक और सच्चाई से कोसों दूर बताया। उनका कहना है कि मोहित पांडेय न कभी आलोक का पार्टनर था न है। पुलिस घटना को गलत दिशा में ले जाकर जिम्मेदारी से बचना चाह रही है। उक्त प्रकरण में अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा की भूमिका शुरु से संदिग्ध थी और आज भी संदिग्ध है। अगर समय रहते कोतवाल ने हमारे भाई की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की होती तो आज यह हालात न पैदा होते। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा अगर पुलिस के पास आलोक और मोहित के बीच किसी तरह की साझेदारी का साक्ष्य है, तो सार्वजनिक करे। नहीं तो अपराधियों को बचाने के लिए भ्रम फैला कर हमारे भाई को बदनाम कर घटना को प्रभावित करने का कार्य बंद करे। बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि परिवार पुलिस के भ्रामक बयान और जांच की दिशा पर सवाल उठा रहा है और निष्पक्ष जांच की मांग करेगा।अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस सच्चाई से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है? क्या हमले के पीछे कोई और साजिश दबाई जा रही है?

### लाखों रुपए की लागत से बना अपशिष्ट निस्तारण स्थल बना शोपीस

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** सरकार की मंशा स्वच्छ भारत मिशन को गति देने की है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से योजनाएं धरातल पर दम तोड़ रही हैं। इसका ताज़ा उदाहरण सादुल्लानगर क्षेत्र के देवरिया आदम,कथरहा ऐवजपुर, गाँव में देखने को मिला है, जहां लाखों रुपए की लागत से बना अपशिष्ट निस्तारण स्थल (वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) आज पूरी तरह निष्प्रयोज्य होकर पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थल का निर्माण क्षेत्र की गंदगी व कचरे के निस्तारण के लिए किया गया था, ताकि स्वच्छता बनी रहे और बीमारियों से बचाव हो सके। लेकिन निर्माण के बाद से ही इस स्थल की सुध लेने वाला कोई नहीं है। धीरे-धीरे यह स्थान खुद गंदगी का अड्डा बन गया है। ग्रामीण नंदकिशोर, भानु प्रताप मौर्या, राजू, अफजल, असगर, कल्लू, रामअवध शर्मा आदि ने बताया कि यदि इस स्थल का नियमित उपयोग और देखभाल होती, तो पूरे क्षेत्र को स्वच्छ रखने में मदद मिलती।

# अधिवक्ता पर हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

## कचहरी परिसर में वकीलों ने किया कामकाज पूरी तरह ठप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** कचहरी परिसर शनिवार को अधिवक्ताओं के जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन का गवाह बना। यह प्रदर्शन भाजपा नेता, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व पार्षद आलोक सिंह पर हुए हमले के विरोध में किया गया। घटना को लेकर वकीलों में भारी आक्रोश देखने को मिला, जिसके चलते बार एसोसिएशन अयोध्या ने कचहरी का संपूर्ण कार्य ठप कर दिया।इस विरोध के तहत न केवल न्यायिक कार्य बाधित हुआ, बल्कि स्टांप वेंडरों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं, जिससे कोई भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इसके चलते सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह और पूर्व अध्यक्ष कालिका मिश्रा ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। वकीलों की प्रमुख मांग है कि अयोध्या कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा को तत्काल निलंबित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा



कि यदि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो सोमवार को वकील कोतवाली का घेराव करेंगे।प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए और चेतावनी दी कि अगर भविष्य में पुलिस की ओर से किसी तरह की अभद्रता हुई तो परिणाम गंभीर होंगे।

अधिवक्ता आलोक सिंह को हाल ही में गोली मार दी गई थी। हमले के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं, हमले का मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत में है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकजुट नजर आए। प्रमुख अधिवक्ताओं में बोनी सिंह, विभांशु सिंह, कौसलेन्द्र सोनकर, रोहित सिंह, शिवदयाल, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, लव कुमार पांडेय राजीव शुक्ला सहित सैकड़ों वकील शामिल हुए। सभी ने एक सुर में दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ चयन

**अयोध्या।** श्री राम चिकित्सालय, अयोध्या में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की जिला इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबली गुप्ता ने की, जबकि संचालन महामंत्री अभय कुमार दुबे ने किया। अधिवेशन में संरक्षक पद के लिए रामसागर को चुना गया। पवन कुमार को अध्यक्ष, सुनील सिंह पांडेय को मंत्री, तथा अवनीश तिवारी को वरिष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इसके अतिरिक्त, अमित चौधरी को उपाध्यक्ष, पुनीत मौर्य को उप मंत्री, तुलसीराम को कोषाध्यक्ष, बृजेश श्रीवास्तव को ऑडिटर, सूबेदार को प्रचार मंत्री, तथा देशराज सिंह को संगठन मंत्री के रूप में दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर रामबली गुप्ता, अध्यक्ष जिला शाखा अयोध्या, एवं महामंत्री अभय कुमार दुबे, साथ ही कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी की उपस्थिति में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में रामकेश यादव एवं धर्मेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के फाइलेरिया विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर परिवहन विभाग ने बढ़ाया कदम

**अयोध्या।** संभागीय परिवहन कार्यालय अयोध्या में मिशन शक्ति चरण 5 के अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह ने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं को उच्च स्थान प्राप्त रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश की प्रथम ना ग रि क म हा म हि म राष्ट्रपति स्वयं एक महिला हैं, जो समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक हैं।



बैठक में निर्णय लिया गया कि महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण सिम्युलेटर और प्रशिक्षण वाहन के माध्यम से प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक दिया जाएगा। महिलाओं के लाइसेंस निर्माण में प्राथमिकता दी जाएगी तथा उन्हें प्राइवेट और व्यावसायिक दोनों श्रेणियों के वाहनों के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे। इसके अलावा परिवहन निगम में महिला चालक और परिचालक के रूप में चयन की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया जाएगा।संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विश्वजीत सिंह ने सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यदि लोग यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। बैठक में महिला कल्याण विभाग, अपराजिता सामाजिक समिति, पुलिस विभाग और परिवहन विभाग की प्रतिनिधियां उपस्थित रहीं।

अधिकारियों ने मिशन शक्ति के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का संकल्प लिया।

## श्री सीताराम घाट का विधायक अभय सिंह ने किया लोकार्पण

**गोसाईगंज -अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज के पौराणिक श्री सीताराम घाट का लोकार्पण आज विधायक अभय सिंह (विधानसभा गोसाईगंज) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत की अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी जायसवाल, सभासदगण, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष हेमंत गुप्ता व प्रशांत गुप्ता सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री अभय सिंह ने विधिवत पूजा उपरांत फीता काटकर एवं श्री सीताराम घाट पर आरती कर शिलापट्ट का अनावरण किया इसी घाट पर नगर क्षेत्र की सैकड़ों छोटी-बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। यह पौराणिक घाट छठ पूजा, दीपोत्सव और अन्य धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।लोकार्पण के उपरांत विधायक अभय सिंह ने महादेव घाट का भी निरीक्षण किया, जहां दर्जनों से अधिक मूर्तियों के विसर्जन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने महादेव घाट एवं श्री सीताराम घाट पर क्रेन से की गई विसर्जन व्यवस्था की भी सराहना की। साथ ही महादेवा मंदिर परिसर में स्थित पौराणिक स्थलों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर महामंत्री रामेश्वर पप्पू, सभासद सर्वेश मोनू, अशोक चौरसिया, गणपति त्रिपाठी, हनुमान मोदनवाल, महेश कसौधन, शिवपूजन सिंह, रणधीर सिंह, सहित नगर के अनेक लोग उपस्थित रहे।



## समाधान दिवस में उठा प्रधान के भ्रष्टाचार का मुद्दा

**अयोध्या।** शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी के अध्यक्षता में सोहावल तहसील में संपूर्ण समाधान का दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 135 शिकायती पत्र आए। मौके पर 5 का निस्तारण करवा दिया गया । संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम कुंदुरखा खुर्द के मजरे ड्योढ़ी बाजार निवासी आशीष कौशल ने अपने ग्राम पंचायत कुंदुरखाखुर्द ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत किया। आशीष कौशल ने शिकायत पत्र में कहा कि ड्योढ़ी बाजार में लालचंद के घर से कलकत्ता रेडीमेड के घर तक नाली का निर्माण कार्य दिखाकर पैसा निकाला गया। लेकिन जमीन पर निर्माण नहीं कराया गया है। बाजार में रोड लाइट के लिए तीन योजनाओ से पैसा निकाला गया। फिर भी लाईट नहीं लगी है। ग्राम सभा में जिम यूथ क्लब चाइल्ड फ्रेंडली पार्क निर्माण के लिए पैसा निकाला गया। फिर भी कार्य नहीं हुआ। ड्योढ़ी बाजार में सीसीटीवी कैमरे के लिए दो बार पैसा निकाला गया। फिर भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए। ऐसे ग्राम सभा में कई कार्य है। जिसके लिए दो-दो बार पैसे निकाला गया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर जनपद में माँ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिजित आर. शंकर द्वारा आज विभिन्न विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील टांडा स्थित राजघाट विसर्जन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया तथा वहां चल रहे प्रतिमा विसर्जन कार्यों को देखा।



उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को यह निर्देश दिए कि पूरे समय पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो। सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी समन्वय एवं सजगता के साथ कार्य करें, और विसर्जन कार्यक्रम निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने जल पुलिस, गोताखोर दल, चिकित्सा दल सहित सभी संबंधित विभागों की तैनाती की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा भीड़-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन अब तक सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो रहा है, जिसे इसी प्रकार आगे भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा, सीओ टांडा, तहसीलदार टांडा आदि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो मुस्लिम युवकों ने अपनाया सनातन धर्म कहा अब नहीं रखेंगे परिवार से कोई नाता

**अयोध्या।** जनपद के सोहावल क्षेत्र से एक बड़ा धर्मांतरण मामला सामने आया है। यहां के दो मुस्लिम युवकों ने सनातन धर्म को अपनाकर न केवल अपने नाम बदल लिए बल्कि अपने परिवार से सभी प्रकार के संबंध भी तोड़ दिए हैं। युवकों ने यह निर्णय पूर्ण श्रद्धा, आस्था और मानसिक शांति की प्राप्ति के उद्देश्य से लिया है।धर्म परिवर्तन करने वालों में पहला युवक अरशद सिद्दीकी, पुत्र मोहम्मद अख्तर सिद्दीकी है, जिसने अब अपना नया नाम राकेश मौर्य रख लिया है।दूसरे युवक मोनू, पुत्र उस्मान, ने अपना नाम बदलकर मनीष रख लिया है। दोनों युवकों की ओर से यह मामला संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवेदन पत्र भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास और बजरंग दल के मंत्री लालजी शर्मा द्वारा सौंपा गया।



बताया गया कि दोनों युवक संत प्रेमानंद जी महाराज के प्रवचनों से गहरे प्रभावित हुए, जिसके चलते उन्होंने आत्ममंथन के बाद धर्म परिवर्तन का फैसला लिया। युवकों ने कहा कि उन्होंने अब पूरी तरह से सनातन परंपरा और हिंदू संस्कृति को अपनाने का संकल्प लिया है।

उनका यह भी कहना है कि अब वे अपने मूल परिवार से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखेंगे, और जीवनभर हिंदू धर्म के नियमों और रीति-रिवाजों का पालन करेंगे। दोनों युवकों ने कहा कि सनातन धर्म अपनाने के बाद उन्हें जो मानसिक शांति मिली है, वह पहले कभी महसूस नहीं हुई थी।भरत हनुमान मिलन मंदिर ने इस घर वापसी की पूरी जिम्मेदारी ली है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, युवकों को उचित धार्मिक शिक्षा, सामाजिक मार्गदर्शन और जीवन निर्वाह में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री ने मोहम्मदी जुलूस का किया स्वागत, बोले- यह पर्व देता है इंसानियत का संदेश

**अयोध्या।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर निकल रहे मोहम्मदी जुलूस का रीडगंज चौराहे पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान समाजवादी पार्टी महानगर के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत के दौरान महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम सहित कई पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री पवन ने कहा, यह त्योहार अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। मेरी यही प्रार्थना है कि पूरा देश इस आपसी मोहब्बत और सद्भावना को कायम रखे। स्वागत समारोह में मौजूद महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस मौके पर उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से हामिद जाफर मीसम, प्रवीण राठौर (सचिव), जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, फरीद कुरैशी (अल्पसंख्यक सभा प्रदेश उपाध्यक्ष), पूर्व सभासद वसी हैदर, पूजा वर्मा, शिवबरन यादव, राम अंजोर यादव, अंसार अहमद बब्बन, अली सईद खान, नूर बाबू, शहबाज लकी, अनस खान सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जुल्मी, अत्याचारी भाजपा सरकार का अंत नजदीक : पूर्व मंत्री




**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन, गुलाबबाड़ी में शनिवार को आयोजित मासिक बैठक में बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षकों को मां सीता जैसी अग्नि परीक्षा देनी पड़ रही है। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने सरकार को जुल्मी और अत्याचारी बताते हुए 2027 में बदलाव की भविष्यवाणी की। वहीं, गोसाईंगंज प्रभारी लौटनराम निषाद ने कहा कि 2027 में प्रत्येक बूथ पर तेज़ रफ़्तार से दौड़ेगी साइकिल और कार्यकर्ता अखिलेश यादव बनकर मैदान में उतरेंगे। बैठक में सपा के स्थापना दिवस पर पार्टी को मजबूत करने और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में सपा नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उतरौला में गूंजा जय श्रीराम का जयकारा

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला कस्बे में हर साल की तरह इस वर्ष भी रामलीला कमेटी उतरौला द्वारा परंपरागत भव्यता के साथ रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन संवत 2082 / सन 2025 के अंतर्गत 22 सितंबर से आरंभ होकर 4 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कमेटी के स्थानाधिपति मयंक गिरी महाराज, अध्यक्ष गोपाल मोदनवाल, महामंत्री आलोक गुप्ता, तथा कोषाध्यक्ष श्यामजी कौशल ने बताया कि यह आयोजन नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। 12 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का मंचन नगर के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए प्रख्यात कलाकारों द्वारा किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में एकादशी तिथि को आयोजित भारत मिलाप कार्यक्रम ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। बड़ी मस्जिद और ज्वाला महारानी मंदिर के बीच हुए इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भारत मिलाप से पूर्व भगवान श्रीराम,माता सीता, भैया लक्ष्मण और हनुमान जी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों एवं गलियों से निकाली गई। शोभायात्रा में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर और जय श्री राम के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। भारत मिलाप स्थल पर नगर के दुखहरण नाथ मंदिर, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामगोपाल मोदनवाल, महामंत्री आलोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्यामजी कौशल, सभी पदाधिकारी,स्थानाधित्पति मयंक गिरी जी महाराज, दुखहरण नाथ मंदिर सेवा समिति के सदस्य तथा नगर के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंचन के दौरान श्रीराम-भरत मिलन का दृश्य देखकर उपस्थित जनमानस भाव-विभोर हो उठा। लोगों ने इस आयोजन को समाज में प्रेम, त्याग और एकता का प्रतीक बताया।




## जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति के भंडारे में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अयोध्या।** दशहरा पर्व के अवसर पर जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि.) गोसाईगंज द्वारा भीटी चौराहा स्थित अंबानी टाइल्स की दुकान के पास एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या-अंबेडकरनगर के विधान परिषद सदस्य (MLC) एवं पूर्व सांसद हरिओम पांडे, व अतुल सिंह, समिति की अध्यक्ष एवं नगर पंचायत गोसाईगंज की सभासद श्रीमती आरती जयसवाल ने संयुक्त रूप से माँ दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप-दीप प्रज्वलन कर किया।भंडारे में हरिओम पांडेय और अतुल सिंह ने स्वयं उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर पुण्य अर्जित किया।

इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख चेहरे उपस्थित रहे जिनमें भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, श्रीमती पुष्पा, समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल, अवधेश सोनकर, पंकज सिंह, अकबाल अंसारी, पूर्व सभासद अशोक चौरसिया, अहमद कुरैशी, इस्तियाक अंसारी, शकील रहमानी, वीरेंद्र शुक्ला, तथा रामबली स्कूल के प्रबंधक जगदीश जायसवाल प्रमुख रहे।

## व्यायाम स्वस्थ रहने का मूल आधार : वेद प्रकाश गुप्ता

**पूरा बाजार।** प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह द्वारा अपने निजी संसाधनों से निर्मित आधुनिक व्यायामशाला का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर व्यायामशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि व्यायाम ही स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नियमित रूप से व्यायाम करता है, वह न केवल स्वस्थ रहता है बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। विधायक ने निशुल्क व्यायामशाला की स्थापना के लिए शिवेंद्र सिंह की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के युवाओं और बच्चों के लिए अनमोल उपहार है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा आर्थिक अभाव के कारण शहरों की व्यायामशालाओं तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में शिवेंद्र सिंह द्वारा निजी संसाधनों से ग्रामीण अंचल में निशुल्क आधुनिक व्यायामशाला की स्थापना करना सराहनीय पहल है।



ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने बताया कि यह व्यायामशाला लगभग 25 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि यहां की प्रतिभाएं भी अब प्रदेश और देश स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगी। इस अवसर पर गन्ना समिति अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर, बालकृष्ण सिंह, शिवराम यादव, मेजर प्रदीप सिंह, रणधीर सिंह राणा, ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज सिंह, संग्राम पटेल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने गांव में निशुल्क व्यायामशाला की स्थापना के लिए शिवेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

# नफीस का अवैध मैरिज हॉल ध्वस्त

## डॉ नफीस ने किला इंस्पेक्टर के वायरल वीडियो में हाथ काटने की बात कही थी

» मौलाना तौकीर का करीबी था डॉक्टर नफीस





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुए उपद्रव के बाद पुलिस और प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपितों और उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को इसी कड़ी में मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रवक्ता डॉ. नफीस की अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाया गया। थाना किला क्षेत्र के जखीरा इलाके में बने उनके मैरिज हॉल को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के तहत शनिवार दोपहर बीडीए की टीम भारी पुलिस बल के साथ जखीरा क्षेत्र पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इलाके में फोर्स तैनात की गई थी। बुलडोजर से डॉ. नफीस के अवैध मैरिज हॉल पर कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में पूरा निर्माण मलबे में तब्दील हो गया।

बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. मानिकनदन ने बताया कि यह निर्माण पूरी तरह से अवैध था। न तो इसकी स्वीकृति ली गई थी और न ही मानचित्र पास कराया गया था। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के तहत की गई।

शहर में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा और निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार ऐसे निर्माणों पर शिकंजा कस रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, जखीरा क्षेत्र में डॉ. नफीस का यह मैरिज हॉल लंबे समय से विवादित था। प्रशासन को शिकायतें मिल रही थीं कि यह निर्माण बिना अनुमति से बना है,उपद्रव के बाद जब प्रशासन ने आरोपियों की संपत्तियों की जांच शुरू की, तो यह हॉल अवैध पाया गया। शनिवार को हुई इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए थे। हालांकि, पुलिस बल ने किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होने दी और कार्रवाई शांतिपूर्वक पूरी की गई।

बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाइयां जारी रहेंगी। किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को कानून तोड़ने का अधिकार नहीं है। चाहे कोई भी हो, यदि उसने अवैध निर्माण किया है तो उसे गिराया जाएगा। इस मौके पर अवर अभियंता संदीप कुमार, अजीत साहनी, सीताराम, सुरेंद्र द्विवेदी, सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, गजेंद्र कुमार शर्मा, मनोज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, थाना किला प्रभारी सुभाष सिंह समेत पूरी प्रवर्तन टीम मौजूद रही।

# चार अक्टूबर से एमएसपी पर धान खरीद शुरू, रोजा मंडी में एडीएम ने किया निरीक्षण



"सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। पारदर्शिता और सुविधा खरीद प्रक्रिया की पहली प्राथमिकता है।
रजनीश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी शाहजहांपुर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिले में किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य दिलाने के उद्देश्य से धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद प्रक्रिया 4 अक्टूबर से औपचारिक रूप से शुरू हो गई। प्रशासन ने खरीद को लेकर पूरी तैयारी कर ली है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। अपर जिलाधिकारी रजनीश मिश्रा ने रोजा मंडी पहुंचकर धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को तौल, भुगतान या बारदान से संबंधित किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान जब सरस्वती मंथन ने एडीएम से सवाल किया कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या दलालों से होती है, जो सत्ता पक्ष के दबाव में तौल में अड़चन डालते हैं, तो एडीएम ने स्पष्ट कहा यदि किसी भी किसान को इस प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत शिकायत करें, दलालों की एक नहीं चलेगी। प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। एडीएम मिश्रा ने बताया कि किसानों के धान का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी और किसानों को उनका पैसा समय से मिल सकेगा। प्रशासन ने बताया कि सभी खरीद केंद्रों पर तोल कांटे, बारदान, मापक यंत्र और वाहन पास की व्यवस्था कर दी गई है। मंडी समितियों के अधिकारी लगातार निगरानी रखेंगे ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इस वर्ष केंद्र सरकार ने धान (सामान्य) का 2,369 प्रति क्विंटल और धान (ग्रेड 'A') का ₹2,389 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। जिले में हजारों मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। धान खरीद केंद्रों पर पहुंचे किसानों ने प्रशासन की तैयारियों की प्रशंसा की। किसानों का कहना था कि अगर भुगतान समय से हो और बारदान की कमी न हो, तो यह व्यवस्था उनके लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।

# पुलिस ने दंगों के आरोपियों की सम्पत्तियों के खिलाफ कार्रवाई तेज की

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** प्रशासन और पुलिस ने शहर में हुई हिसंक घटनाओं की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने के साथ ही ओोपियों की अवैध सम्पत्त्यिों के खिलाफ ध्वस्तीकरण और सीलिंग कार्रवाई तेज कर दी है। दंगे के आरोपियों के पक्ष में प्रशासन को ज्ञापन देने के सपा के कार्यक्रम को विफल करने के लिए पुलिस ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और उनके घरों में शनिवार की सुबह से ही नजरबंद कर दिया।

सपा के प्रदेश संगठन की ओर से तय करके भेजे गए कार्यक्रम के मुताबिक पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतिपक्ष और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधि मण्डल को अधिकारियों को ज्ञापन देने जाना था। सपा के जिला प्रवक्ता अशोक यादव ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद सहित प्रतिनिधि मण्डल के सभी नेताओं को पुलिस ने उनके शहरों में ही नजरबंद कर दिया। जिले में भी इसी तरह की कार्रवाई करते हुए पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, प्रदेश के पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार और जिला कार्यकारिणी के कई अन्य नेताओं को उनके घरों पर नजरबंद कर दिया गया है। सिविल लाइंस स्थित सपा के जिला कार्यालय पर भी बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं को बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है।

शहर में हुई हिसंक घटनाओं के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और संगठन के महासचिव नफीस के जखीरा स्थित अवैध रूप से निर्मित रजा पैलेस बारातघर को तीन बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कराया गया है। पुलिस से बचने के लिए मौलाना तौकीर को अपने घर में आश्रय देने के आरोपी फरहत के फाइक एंक्लेव स्थित आलीशान मकान को भी बी.डी.ए. ने सील कर दिया है। फरहत पर यह आरोप भी है कि वह मौलाना के संगठन आई.एम.सी. का प्रमुख वित्त पोषक रहा है। बी.डी.ए. सूत्रों के मुताबिक मौलाना के करीबी लोगों की कई अन्य सम्पत्तियों की भी जांच कराई जा रही है, जिससे समर्थकों में खलबली मची हुई है। इसके अलावा मौलाना समर्थकों का गढ़ माने जाने वाले सैलानी क्षेत्र में नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर कई दुकानों का अतिक्रमण की जद में आ रहा अगला हिस्सा ध्वस्त कराया है, जिससे क्षेत्र में खलबली मच गई है।

## आरएसएस की छुपी शाखा है आईएमसी : ऐरन

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा है कि प्रशासन पीड़ितों से मिलने आ रहे विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल को रोककर आखिर क्या छुपाना चाहता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनैतिक दलों का काम जनता की समस्याएं सुनना और उन्हें अफसरों तक पहुंचाकर हल कराना है। ऐसे में धारा 163 के नाम पर सपा के प्रतिनिधिमंडल को बरेली आने से रोकना और स्थानीय सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट करना गलत है। मौलाना तौकीर को भाजपा का ऐजेंट बताते हुए उन्होंने कहा कि आईएमसी आरएसएस की ही एक छुपी हुई शाखा है। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को आखिर बरेली में ऐसा क्या हुआ है जो यहां के अफसर राजनैतिक दलों से छुपाना चाहते हैं।

# चलती कार में सुपरवाइजर से 10 हजार की लूट, मारपीट के बाद सड़क पर फेंका

**पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग पर उठे सवाल, पेट्रोलिंग वाहनों की रवानगी के बाद दूसरी घटना**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि शुक्रवार तड़के कार सवार तीन युवकों ने सुपरवाइजर से लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने न केवल 10 हजार रुपए लूटे, बल्कि पीड़ित को चलती कार से धक्का देकर सड़क पर फेंक दिया। हैरत की बात यह है कि पूरी घटना की भनक तक रोजा थाना पुलिस को नहीं लगी। ऐसे में यह सवाल बड़ा है कि आखिर हाईवे पेट्रोलिंग वाहन किस काम के हैं जब खुलेआम लूट की घटनाएं हो रही हैं।

मैगलगंज थाना क्षेत्र के मेडा गांग निवासी संदीप कुमार चंडीगढ़ की एक प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर हैं। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे वह बस से शाहजहांपुर पहुंचे थे। मैगलगंज जाने के लिए उन्होंने बस स्टेशन से एक ईको कार पकड़ी, जिसमें तीन युवक पहले से ही बैठे थे। जैसे ही कार अटसलिया ओवरब्रिज के पास पहुंची, सवार बदमाशों ने संदीप पर हमला बोल दिया। मारपीट करते हुए जेब में रखे 10,320 रुपये छीन लिए। विरोध करने पर उसे धक्का देकर कार से बाहर फेंक दिया। घायल अवस्था में संदीप ने स्थानीय लोगों को आपबीती सुनाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर आए दिन लूट और वारदातें होती रहती हैं मगर पुलिस और पेट्रोलिंग वाहन महज खानापूरी तक सीमित हैं। सवाल यह है कि जब हाइवे पर बदमाश बेखौफ लूट कर फरार हो जाते हैं तो पुलिस की गशत और सुरक्षा व्यवस्था आखिर किसके लिए है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन वारदात ने एक बार फिर हाईवे सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

# नगर निगम ने अतिक्रमण पर चलाई जेसीबी, मचा हड़कंप



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** नगर निगम ने शनिवार को पुराना शहर क्षेत्र सैलानी में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निगम की टीम जैसे ही जेसीबी और बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची, पूरे इलाके में खलबली मच गई। दुकानदारों ने आनन-फानन में शटर गिराने शुरू कर दिए। निगम अधिकारियों ने कहा कि अभियान केवल दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए चलाया जा रहा है।

दरअसल, सैलानी इलाके की कई दुकानों के मालिकों ने अपनी दुकानों को काफी आगे तक बढ़ा लिया था, जिससे सड़क पर अवैध कब्जा हो गया था और आवाजाही में लगातार दिक्कतें आ रही थीं। लोग कई बार इसकी शिकायत नगर निगम से कर चुके थे। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले दुकानदारों से बातचीत की और उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। जेसीबी की मदद से दुकानों के आगे निकले हुए अवैध निर्माण तोड़े गए। अभियान शुरू होते ही सड़क पर अफरातफरी का माहौल बन गया। कई दुकानदारों ने अपने सामान को सुरक्षित करने के लिए तुरंत दुकानें बंद कर दीं। अधिकारियों ने कहा कि अब किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने बताया कि शहर की सड़कों पर फैलते अतिक्रमण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों ने अपनी दुकानें और ठेले-पटरी सड़क तक बढ़ा लिए हैं, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि आगामी दिनों में अन्य इलाकों में भी इसी तरह का अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम की इस सख्त कार्रवाई से अन्य क्षेत्रों के अतिक्रमणकारियों में भी चिंता बढ़ गई है। निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छ और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए अतिक्रमण हटाना बेहद जरूरी है। नगर निगम अब किसी भी हाल में अवैध कब्जों को नहीं बख्शेगा और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान जारी रखेगा। इस मौके पर नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर राय शशि भूषण, अतिक्रमण प्रभारी राजवीर सिंह, सच्चिदानंद सिंह, जेपी गंगवार, मुकेश शाक्य, थाना प्रभारी धनंजय पांडे भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# मानचित्र समाधान दिवस हर गुरुवार, बीडीए ने की अपील

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने जनसामान्य से अपील की है कि सभी लोग अपने भवनों का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 (नये बाइलाज) के अंतर्गत मानचित्र स्वीकृत कराकर ही करें। इसके लिए बीडीए ने ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस) के अंतर्गत लंबित मानचित्रों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक गुरुवार को "मानचित्र समाधान दिवस" आयोजित करने की घोषणा की है।

बीडीए के उपाध्यक्ष कार्यालय में हर गुरुवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस समाधान दिवस में आवेदकों की कठिनाइयों और समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसमें ऑनलाइन मानचित्र, प्रशमन मानचित्र तथा ओबीपीएएस सॉफ्टवेयर से संबंधित तकनीकी त्रुटियों का भी तत्काल समाधान किया जाएगा। प्राधिकरण का कहना है कि इस पहल से न केवल प्रक्रिया आसान होगी बल्कि आवेदकों को अपने मानचित्र शीघ्र स्वीकृत कराने में भी सुविधा मिलेगी। प्राधिकरण ने आम जनमानस से अपील की है कि लोग अधिक से अधिक संख्या में इस समाधान दिवस का लाभ उठाएं और बिना मानचित्र स्वीकृति के किसी भी दशा में निर्माण कार्य न करें। बीडीए ने कहा कि केवल स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण को वैध माना जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह बीडीए की प्रवर्तन टीम ने बरेली विकास क्षेत्र में 29 अवैध कालोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की थी। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि अवैध कालोनियों और बिना मानचित्र के किए जा रहे निर्माणों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# नेता विरोधी दल को लखनऊ में किया हाउस अरेस्ट

» सपा के सांसद व स्थानीय नेता घर पर ही नजरबंद



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं को उनके जिलों में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। बरेली में आंवला संसदीय क्षेत्र के सांसद नीरज मोर्य समेत सपा के सभी बड़े नेता घर पर ही कैद कर दिए गए। प्रतिनिधि मंडल शामिल नेता विरोधी दल माता प्रशाद पांडे को लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उनके साथ बहेड़ी के विधायक अता उर रहमान भी लखनऊ में ही हाउस अरेस्ट किए गए। बरेली के वरिष्ठ पुरुषअधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया, बरेली में कानून व्यवस्था को सामान्य रखने के लिए जो ज़रुरी होगा कारवाई होगी।

बरेली जिले के आंवला संसदीय क्षेत्र के सपा सांसद नीरज मौर्य को बरेली के सर्किट हाउस में रोका गया। सांसद इकरा हसन, हरेंद्र मलिक को भी संबंधित जिलों में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम को उनके रामपुर रोड स्थित फार्म हाउस पर नजर बंद किया गया तो पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन के सिविल लाइन स्थित आवास पर भी सुबह ही पुलिस फोर्स पहुंच गई हालांकि ऐरन पुलिस को घर पर नहीं मिले। समाजवादी पार्टी के मिशन कंपाउंड स्थित जिला कार्यालय पर भी पुलिस तैनात रही। सपा के अधिकांश वरिष्ठ नेता घर पर ही नजरबंद कर दिए गए। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे की अगुआई में सपा प्रतिनिधिमंडल कमिश्नर भुपेंद्र एस चौधरी व डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी को ज्ञापन देने का जाना था। टीम में सांसद मुजफ्फरनगर हरेंद्र मलिक, सांसद कैरान इकरा हसन, सांसद संभल जिया उरहमान बर्क, आंवला सांसद नीरज मौर्या, बहेड़ी विधायक अताउरहमान, भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम शामिल हैं। इस बारे में सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने बताया कि 26 सितंबर को हुए उपद्रव में कई बेगुनाहों, नाबालिगों पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

# श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या भक्तों ने उल्लासपूर्वक मनाया श्रीश्याम जन्मोत्सव



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** सिटी पार्क स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में श्रीश्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीश्याम जन्मोत्सव संकीर्तन मंडल सिटी पार्क की ओर से एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्रीराधानाम संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। मधुर भजनों की स्वर लहरियों से पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ पुजारी जी द्वारा पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद श्रीश्याम जन्मोत्सव संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने कृष्णानगर मंदिर कमेटी के सदस्यों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। तत्पश्चात भजनों की मनमोहक प्रस्तुति आरंभ हुई। बाद में कृष्णानगर मंदिर के सदस्यों ने भी संकीर्तन मंडल सिटी पार्क के सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में हरीश बजाज, मनमोहन अरोरा, देवेंद्र अरोरा, अंकित सचदेवा, नवीन सचदेवा सहित अन्य भजन गायकों ने मनभावन भजन प्रस्तुत किए। भजनों के बीच उपस्थित महिला-पुरुष भक्तों ने नृत्य कर उल्लासपूर्वक श्रीश्याम जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम के अंत में आरती संपन्न हुई और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान सुशील नारंग, युवा समिति के प्रधान संजीव सचदेवा, मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एडवोकेट, प्रेम नारंग, विनोद सचदेवा, रवि सचदेवा, पार्थ सचदेवा, हरीश सचदेवा, संदीप अरोरा, दुर्गा अरोरा, सुरेंद्र सेठी, डॉ. सिम्मी सचदेवा, रूपेश वोहरा, अमित अग्रवाल, संजय कश्यप, अमित गुप्ता एडवोकेट, राकेश सक्सेना, एस.एन. गुप्ता, पुनीत गुप्ता, अनिल गुप्ता, राम प्रताप, प्रवीन अग्रवाल, पंकज सिंह, दीपक पांडे व राजकुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने बताया कि आगामी 7 अक्टूबर से कार्तिक मास प्रारंभ हो रहा है, जिसके साथ ही प्रभात फेरियों की शुरुआत की जाएगी।

# उद्योग व्यापर मंडल की युवा बिंग के जिलाध्यक्ष ने पुलिस उपाधीक्षक से की मुलाकात





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा विंग जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने पूरनपुर पहुंचकर युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा व उनकी टीम के साथ मिलकर क्षेत्रधिकारी प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन पांडे से मुलाक़ात की। इस दौरान त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जाम, ऐतिहासिक रामलीला मेला, विशेष तौर से सर्राफा सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई।

पूरनपुर क्षेत्राधिकारी ने सर्राफा बाजार में गस्त को बढ़ाने का आश्वासन दिया तथा रामलीला मेले को लेकर विशेष सुरक्षा इंतज़ाम पहले से ही किये है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने यह भी बताया की त्यौहार के नजदीक आते ही नगर में लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए ई-रिक्शा को वन-वे किया जाएगा। व्यापारियों की समस्या को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की गई, जिसमें प्रमुख रूप से युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा, युवा जिला मंत्री अभिलाष गुप्ता, हर्षित गंगवार, मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता, युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. हसन, रिजवान सिद्दीकी, राहत शेरी, संजीव यादव, उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, रजवी सिद्दीकी, बजी मंसूरी, हसमत अली क़ादरी, संगठन मंत्री मो. एजाज, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, गौरव गुप्ता, रितेश, सुनील, दीपक, यूसुफ, असलम अली शमिल रहे।

## एक नजर

### 14 अक्टूबर तक आवास सर्वे में छूटे पात्र लोग करा सकते हैं अपना सर्वे

**पीलीभीत।** आवास प्लस सर्वे 2024 में नये लाभार्थियों का डाटा कैप्चर करने के लिये समय सीमा 14 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यदि किसी गांव का कोई भी पात्र परिवार सर्वे से वंचित रह गया होगा तो उसे लाभान्वित किया जायेगा। पीएम आवास (ग्रामीण) के लिए आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान अधिकतर गरीब ग्रामीण अपने घरों से बाहर काम करने चले जाते हैं, जिसके कारण उनकी सर्वे पूरी नहीं हो पाती। सर्वे के समय घर पर मौजूद न रहने के कारण उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। ऐसे ग्रामीण त्यौहार पर अपने घर का रूख जरूर करते हैं। ऐसे परिवारों का सर्वेक्षण कार्य, (डाटा कैप्चर) का समय शासन स्तर से बढ़ाकर 14 अक्टूबर 2025 कर दिया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित को प्रत्येक दशा में समस्त ग्राम पंचायतों में अनिवार्य रूप से सर्वे करने के निर्देश दिए हैं, इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा पोर्टल तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। सर्वे के दौरान ऐसे लोगों को विशेष रूप से जोड़ने का निर्देश दिया गया है जिन्होंने आवास सर्वे सम्बन्धी प्रार्थना पत्र/आईजीआरएस संदर्भ के माध्यम से आवास की मांग की है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त सर्वेयर के साथ वह वीडियो कांफ्रेसिंग/बैठक कर सर्वे का कार्य तत्काल प्रारम्भ करायें।

### राष्ट्रीय आवाहन पर वोट चोरी के मामले में कांग्रेस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान



**पीलीभीत।** कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा की अध्यक्षता में मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि अधिकांश ब्लॉक में बूथ कमेटी बन गयी है, जिन ब्लाकों में बूथ कमेटी नही बनी है उन्हें शीघ्रता से कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। वोट चोरी के सम्बंध में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय आवाहन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, इसके लिए सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गयी है। हस्ताक्षर अभियान को तहसील और ब्लॉक स्तर पर शुरू किया जा चुका है। बैठक में जिला अध्यक्ष हरप्रीत चब्बा, महासचिव डॉ. नागेश पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मौर्य, राजू मिश्रा, प्रदीप मौर्य, इरफान, जाहिद खां, वासुदेव ठाकुर, छात्र कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वर्मा, पीसीसी ईश्वर दयाल पासवान, यूसुफ मलिक, पुष्पा गंगवार, कांग्रेस प्रवक्ता हेमन्त मिश्रा, रामनाथ, सादिक, सिद्दीक अहमद, मुन्ना खां, कय्यूम, जाहिद, राजेश भारती, मुनेंद्र पाल, मोहम्मद इरसान, नरेश शुक्ला, जीतू, किरण, करनजीत सिंह, किरनपाल सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में दस वर्ष पुरानी जल निकास की समस्या का होगा अंत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**भोजीपुरा।** औद्योगिक क्षेत्र भोजीपुरा में यूं तो समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लेकिन जल निकासी की समस्या सबसे अहम थी।अब डीएम अविनाश सिंह के एक्शन के बाद आज शनिवार को डिप्टी कमिश्नर उद्योग विकास यादव व लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह व अन्य अभियंता मोहम्मद आजम भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे। जल निकासी की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया।

डिप्टी कमिश्नर विकास यादव ने बताया कि भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के जल निकासी की बेहद गंभीर समस्या थी। उद्योग बंधु की बैठकों में मुद्दा उठता था। पिछले दिनों अगस्त में हुई बैठक में भोजीपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने जल निकासी का मुद्दा रखा था।डीएम अविनाश सिंह ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल निकासी हेतु नाला निर्माण के डीएम ने निर्देश दिए थे।आज शनिवार को डिप्टी कमिश्नर उद्योग विकास यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह, अवर अभियंता मोहम्मद आजम ने निरीक्षण किया। लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत ने बताया कि टंपरेली व्यवस्था पर कल रविवार से काम शुरू करा दिया जाएगा।

# बीडीए ने अवैध निर्माणों पर कसी लगाम, ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने शहर में तेजी से बढ़ते अवैध निर्माणों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई जगहों पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्यवाही की। यह कार्यवाही नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के तहत की गई। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण पूरी तरह अवैध माना जाएगा और प्राधिकरण ऐसे निर्माणों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ. नफीस का अवैध बारातघर को बीडीए की प्रवर्तन टीम ने थाना किला क्षेत्र स्थित मोहल्ला जखीरा में बने रजा पैलेस नामक अवैध बारातघर पर बुलडोजर गरजा, यह निर्माण डॉ. नफीस द्वारा कराया गया था। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

इसके बाद टीम फाईक इन्कलेव कालोनी पहुंची। यहां फरहत खां ने बिना बीडीए की स्वीकृति के अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया था। प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे निर्माण को सील कर दिया। इसी क्रम में नदीम द्वारा नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानों का अवैध निर्माण कराया गया था। बीडीए की टीम ने इन दुकानों को भी सील कर दिया। स्थानीय लोगों में कार्रवाई को लेकर काफी चर्चा रही।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. मानिकनदन ए ने कहा कि ऐसे निर्माणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। बीडीए ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के प्रावधानों के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को भवन निर्माण या प्लॉटिंग करने से पहले मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण करना पूरी तरह से अवैध है।

प्राधिकरण ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बिना स्वीकृति के निर्माण करता है तो उसके खिलाफ सीधे ध्वस्तीकरण अथवा सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की होगी। भवन अथवा भूखंड खरीदने वालों को बीडीए ने सलाह दी है कि वे किसी भी संपत्ति की खरीद से पूर्व उसकी मानचित्र स्वीकृति संबंधी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। बिना मानचित्र स्वीकृत संपत्ति खरीदने पर भविष्य में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। बीडीए ने कहा कि इस तरह के मामलों में खरीदार को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है, इसलिए खरीददारी से पूर्व प्राधिकरण से पूरी जानकारी लेना बेहद जरूरी है। प्राधिकरण अधिकारियों ने कहा कि शहर में अवैध निर्माणों को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। नियमित निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान के तहत ऐसे मामलों की पहचान कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ के समीप तेज रफ्तार आ रही चार पहिया से बचने में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 55 वर्षीय अधेड़ को रौंदते हुये निकल गयी। जिसकी अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के सुल्तानगढ गांव निवासी भैयालाल तिवारी का पुत्र संतोष कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गये थे। वापस लौटते समय जब गांव के समीप पहुचे तभी सामने से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से बचने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गयी और रोड पर जा गिरी। इसी बीच आ रही चार पहिया वाहन संतोष को रौंदते हुए निकल गयी। जबकि सुनीता देवी संतोष की पीठ के ऊपर गिरी थी। वह बाल-बाल बच गयी। उधर परिजन जानकारी मिलने पर उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में अधेड़ ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक की पत्नी ने बताया कि चार पहिया वाहन सभी अध्यापक बैठे थे। जो सरस्वती इण्टर कालेज में पढाते है।

### युवती का नहर में उतराता मिला शव

फतेहपुर। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर की युवती घर से नहर की ओर गई थी फिर वापस नहीं लौटी। सुबह युवती का शव नहर में उतराया हुआ मिलने से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। दरियापुर गांव की युवती खुशी दीक्षित (20) पुत्री बब्लू दीक्षित शुक्रवार को सुबह लगभग 6 बजे नहर की ओर नित्यक्रिया के लिए गई थी। इसके बाद घर वापस नहीं पहुंची परिजन व ग्रामीण नहर की ओर पहुंचे तो देखा कि उसका लोटा रखा हुआ था। काफी देर तक इधर-उधर खोजबीन किया लेकिन युवती का कोई पता नहीं चला। जिस पर नहर में डूबने की आशंका जतायी गई थी। इसके बाद लगातार खोजबीन जारी है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची लेकिन कोई सुराग नहीं लगा सकी। जब लापता युवती का कोई पता नहीं चल सका तो नहर का पानी डाउन कर दिया गया। नहर पुल से युवती का शव लगभग दो सौ मीटर दूरी पर 24 घंटे बाद साइन में फंसा हुआ मिला। पिता बब्लू दीक्षित ने बताया कि उसकी पुत्री घर से निकली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी गई।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहपुर। कस्बे के मोहल्ला पोजीपुर में बहन की ननद की ससुराल आए 22 वर्षीय युवक की मोबाइल का चार्जर बिजली के बोर्ड में लगाते समय करंट की चपेट में आने से वह अचेत होकर गिर पड़ा। जिसे परिजन इलाज हेतु सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार जनपद संत कबीरनगर के थाना मोहोली के गाँव घोरहा निवासी 22 वर्षीय जगन्नाथ कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला पोजीपुर निवासी बहन अमृता पत्नी रामचंद्र की भांजी सपना पुत्री देशराज की गोद भराई में उसकी बहन देश राज के घर पर रुकी हुई थी। जिसे लेने के लेने के लिए देशराज के यहां आया था। शनिवार को सुबह 8 बजे मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली के बोर्ड में लगाते समय करंट की चपेट में आने से वह अचेत होकर गिर पड़ा। जिसे इलाज हेतु परिजन सीएचसी जहानाबाद ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक नारद कुमार भारती ने बताया कि पोजीपुर निवासी देशराज यादव की सूचना पर शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है।

सरस्वती संस्कार विद्यालय के बच्चों को बांटे जूते-मोजे

### फ्री जूते-मोजे पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



फतेहपुर। शहर के वित्रोंश नगर स्थित बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार विद्यालय में आज एक सराहनीय पहल के तहत समाजसेवी अतुल अवस्थी, दक्षिणी गौतम नगर निवासी अनिल द्विवेदी, स्वाती व उनकी टीम के संयुक्त प्रयास से गरीब और कमजोर वर्ग की मिहार बस्ती के 80 बच्चों को मुफ्त जूते और मोजे वितरित किए गए। इस नेक कार्य से बच्चों के चेहरों पर अपार खुशी देखी गई। विद्यालय के आचार्य रामनारायण ने इस पुण्य कार्य के लिए समाजसेवी अतुल अवस्थी, अनिल द्विवेदी, स्वाती और उनकी पूरी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल बच्चों का हौसला बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में शिक्षा और सहायता के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं। यह आयोजन नि:शुल्क अध्ययन कर रहे भैया-बहनों के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ, जिससे न सिर्फ उनकी जरूरतों को पूरा किया, बल्कि उनके मन में समाज के प्रति विश्वास और उत्साह भी जगाया।

### खोया मोबाइल हाथ में आते ही स्वामियों ने बोला एसपी सर थैंक्स



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार सिंह के निर्देशन में जनता के गुमशुदा व खोये मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी जाफरगंज दुर्गेश दीप के निकट पर्यवेक्षण में प्रचलित अभियान के क्रम में जनपदीय थानों सहित सर्विलांस सेल के संयुक्त प्रयास से जनपद के अंतर्गत खोए, गुमशुदा मोबाइल फोन को इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर जनपद व सीमावर्ती जनपदों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 112 मल्टीमीडिया मोबाइल सेटों को बरामद किया। जिनकी कुल कीमत लगभग 31 लाख रुपये है। रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में एसपी अनूप कुमार सिंह ने बरामद शुदा मोबाइल सेटों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। खोया मोबाइल हाथ में आते ही स्वामियों के मुंह से निकला एसपी सर थैंक्स। पुलिस के अनुसार बरामद 112 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमत लगभग 31 लाख रुपये है। मोबाइल सेट बरामद करने वाली टीम में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष मय टीम, सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक तारा सिंह पटेल मय टीम शामिल रहे।

### पत्नी से विवाद पर पति फांसी पर झूला, मौत

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के सैमरी गांव निवासी बुद्धविलास (38) पुत्र भोला का शनिवार की सुबह घरेलू बात को लेकर पत्नी उमा से विवाद दो गया। नाराज होकर वह घर से निकल गया। घर से कुछ दूर स्थित बगीचे में लगे जामुन के पेड़ पर अंगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। ग्रामीणो ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा तो घरवालो को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी कुरसेजा रोशनी सेंगर ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। कई बार चौकी में समझौता भी कराया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतों का हुआ निस्तारण

## विभिन्न विभागों ने लगाए स्टाल, विभिन्न योजनाओं के आए 88 आवेदन

» डीएम ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। जनमानस की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के संयुक्त तत्वाधान में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों सीएम युवा उद्यमी 35 आवेदन, समाज कल्याण 1, वृद्धा पेंशन आवेदन, दिव्यांग जन सशक्तिकरण 10, उपकरण/दिव्यांग प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, श्रम 7 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास 8 आवेदन, आयुर्वेदिक एवं यूनानी 49, दवा वितरित, आयुष विभाग 73 दवा वितरित, उद्यान 3 आवेदन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना (गोल्डन कार्ड) 5 आवेदन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 11 आवेदन, जिला पूर्ति विभाग के 45 में 5 निस्तारित, व्यक्तिगत शौचालय 8 आवेदन एवं महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना 22 लोगों ने लगाए गए स्टालों के माध्यम से जानकारी ली।



समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप, राजस्व आदि विभागों से संबंधित कुल 194 शिकायतकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके सापेक्ष 21 का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय कार्या में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण, सहायक श्रमायुक्त, ईओ, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सपा की बैठक में एमएलसी मतदाता पुनरीक्षण कार्य की हुई समीक्षा

» बनाए गए मतदाताओं के जमा कराए फार्म

» सांसद ने पार्टी के 33 वें स्थापना दिवस पर दी बधाई

विश्ववार्ता संवाददाता

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक हुई। जिसमें स्नातक एमएलसी मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। बनाए हुए मतदाताओं के फॉर्म जमा किए गए। साथ ही बीएलए का निर्धारण ठीक तरह से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने सभी लोगों को पार्टी के 33 वें स्थापना दिवस की बधाई दी। स्थापना के समय की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने सभी विधानसभा अध्यक्षों से कहा कि स्नातक मतदाता के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का कार्य करें तथा बीएलए बनाने में ये ध्यान अवश्य रखें कि पार्टी का मजबूत और जिम्मेदार साथ हो। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। अंत में पूर्व विधायक मो. सफीर की माताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति की प्रार्थना की गई।




इस मौके पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, चेयरमैन राजकुमार मौर्या, वीरेंद्र यादव, दलजीत निषाद, रीता प्रजापति, सुरीजपाल रावत, महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, प्रवक्ता जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह एडवोकेट, शमीम अहमद, रामतीरथ परमहंस, नफीस उद्दीन, देवेंद्र लोधी, सुघर लाल यादव, डॉ. अफसर अली, शिव सिंह यादव, अनिल यादव, मोहम्मद सऊद, अमित पाल, सुहैल खान हेमू, जगनायक सचान, सुनील उमराव, उदय राज लोधी, इंद्रसेन पासी, सत्यप्रकाश यादव, अनीस प्रधान, मोहम्मद अहमद, राकेश दिवाकर, पवन द्विवेदी, ज्ञान सिंह, अर्जुन सिंह, रमेश सिंह, अनुपम सोनकर, अखिलेश सिंह चौहान, फौजी रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सात वाहनों का चालान, आधा दर्जन वाहन सीज

बांदा। यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) और राज्य परिवहन निगम सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाकर अनाधिकृत रूप से संचालित दो बसों समेत सात वाहनों के चालान काटे। जबकि आधा दर्जन वाहनों को सीज करते हुए संबंधित कोतवाली और थानों में निरुद्ध किया। उधर, चेकिंग अभियान की खबर लगते हुए अवैध रूप से वाहन संचालित कराने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया। पीटीओ रामसुमेर यादव व एआरएम मुकेश बाबू ने शनिवार को संयुक्त रूप से बांदा-नरैनी मार्ग पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों की चेकिंग करते हुए तीन ऑटो रिक्शा को मेडिकल कॉलेज चौकी, दो वाहनों को थाना गिरवां और एक ऑटो को सीज करते हुए नरैनी कोतवाली में निरुद्ध किया।

# फिरोजी परचम के साथ शानो शौकत से निकला जुलूसे गौसिया

विश्ववार्ता संवाददाता

बांदा। हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जीलानी सरकार गौसे आजम की याद में जुलूसे गौसिया पूरी शानो-शौकत से निकाला गया। जुलूस के दौरान हुई तकरीरों में गौसे आजम की विलादत पर रोशनी डाली गई। शहर के छिपटहरी स्थित खानकाह से जुलूस रवाना हुआ।

मरकजी कमेटी खुद्दामे गौसे ख्वाजा के तत्वाधान में शनिवार को दोपहर बाद सरपरस्त हबीब बाबा व सदर मौलाना शफीक उद्दीन ने हरी झंडी दिखाकर जुलूसे गौसिया को रवाना किया। जुलूस छिपटहरी, मर्दन नाका, कुंजरहटी, डीएवी कालेज, पत्थर फोड़, गोल कोठी, सट्टन चौराहा, कसाई मोहल्ला, ईदगाह चौराहा, गूलर नाका, छावनी, सब्जी मंडी होता हुआ खानकाह दरगाह में खत्म हुआ। लोगों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर मरकजी जुलूस का स्वागत किया। कई स्थानों पर हिंदूओं ने जुलूस का स्वागत करते हुए गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। जुलूसे गौसिया में फिरोजी परचम सहित विभिन्न झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अमन और शांति के लिए दुआ की गई। इस मौके पर मरकजी कमेटी सचिव व मीडिया प्रभारी सैय्यद इमरान अली, मेराज हशमती, गौसुल इमरान रजा, अब्दुर्रहमान, मुबश्शर रजा, सैय्यद मेराज अली, शोएब वारसी, उवैश लाला, बाबू भाई, राशिद भाई, बरकत अली शहर की कमेटियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।



» जगह-जगह स्टाल लगाकर जुलूस का हुआ स्वागत

## महिला समेत तीन को सर्प ने डसा

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत शनिवार को महिला समेत तीन लोगो को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी अजय की 36 वर्षीय पत्नी सोनम शनिवार की दोपहर घूरेल काम कर रही थी। तभी सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के उदई सरांय गांव निवासी छेदी लाल का 20 वर्षीय पुत्र कुलदीप अपने घर पर सो रहा था। तभी भोर लगभग 4 बजे सर्प ने उसे डस लिया जबकि बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खुर्माबाद गांव निवासी नरेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू का 26 वर्षीय पुत्र विनय अपने घर पर बैठा तभी सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनां को हुयी तो सभी को तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# शहीद जवान की पुण्यतिथि पर निकाली तिरंगा यात्रा

विश्ववार्ता संवाददाता

» स्मृति स्थल में लगी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी गयी श्रद्धांजलि

बिंदकी, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के मौहार गांव में शहीद शुभम सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली और पैरा कमांडो शहीद शुभम सिंह के स्मृति स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौहार गांव निवासी देवी प्रसाद सिंह के बड़े पुत्र शुभम सिंह 18 मार्च 2017 को सेना में भर्ती हुए थे। बाद में उन्हें पैरा कमांडो की आगरा यूनिट में तैनात किया गया। 22 वर्षीय शुभम सिंह 29 जवानों के दल के साथ प्रशिक्षण के लिए उत्तराखंड के उत्तरकाशी गए थे, जहां 4 अक्टूबर 2022 को हिमस्खलन में वह शहीद हो गए थे। शनिवार को उनके स्मृति स्थल मौहार पर युवाओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इससे पहले, गांव से चौडगरा कस्बा होते हुए मौहार के शहीद स्थल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और भारत माता की जय तथा शहीद शुभम सिंह अमर रहे के नारे लगाए। शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में उनके बाबा कैप्टन पीतांबर सिंह, पिता देवी प्रसाद सिंह, मां फूलन, भाई पैरा कमांडो सत्यम सिंह, ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, हरिओम परिहार, सत्यम सिंह गौतम, अर्पित सिंह, शिवम राठौड़, पुष्पेंद्र सिंह गौतम, कमल परिहार, मोहित सिंह और पंकज सिंह परिहार सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जालौन में 38 लाख का नाला एक माह में ढहा

## घटिया निर्माण से भ्रष्टाचार उजागर, भुगतान रोका गया





विश्ववार्ता संवाददाता

उरई। जालौन नगर पालिका के ठेकेदार की मनमानी से भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। औरैया मार्ग पर 38 लाख रुपए की लागत से करीब 500 मीटर तक बनाए जा रहे नाले का निर्माण महज एक महीने में टूट कर ध्वज हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी की अनुसार ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री लगाकर नाले का निर्माण कराया गया था जो हल्की बारिश में ही पूरी तरह ध्वस्त हो गया। यह नाला नगर पालिका के ठेकेदार राम बहादुर गौतम द्वारा बनवाया जा रहा था, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी घटिया क्वालिटी की रही कि जनता के पैसे पानी में बह गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले का निर्माण शुरू से ही मानक के विपरीत किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीमेंट और सामग्री में जमकर कटौती की गई। जो कि थोड़ी सी बारिश में ढह गया और टूट कर ध्वस्त हो गया ठेकेदार व नगर पालिका की मिलीभगत से कराया गया निर्माण कार्य जिसकी हल्की बारिश ने पोल खोल कर रख दी, सूत्र बताते है कि नगरवासियों का आरोप है कि इस तरह की घटनाएं जालौन नगर में आम हो चुकी हैं। विकास कार्यों के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, लेकिन उनका परिणाम धरातल पर शून्य रहता हैं। जब मीडिया ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल से जानकारी की तो उन्होंने इस मामले में स्पष्ट कहा कि अभी तक ठेकदार का भुगतान नहीं किया गया है, जब तक निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाएगी तब तक भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक काम संतोषजनक और मानक के अनुसार नहीं होता, नगर पालिका एक भी रुपया ठेकेदार को नहीं देगी।

# महज तीन शिकायतों का ही मौके पर हुआ निस्तारण

## डीएम व एसपी ने समाधान दिवस में सुनीं जनता की फरियादें

विश्ववार्ता संवाददाता

बांदा। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सदर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराएं। फरियादियों को शिकायतों के निस्तारण लिए बार-बार भाग-दौड़ न करना पड़े। करीब आधा सैकड़ा से अधिक शिकायतों में से महज तीन शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

सदर तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 52 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पुलिस, विकास, नगर पालिका, चकबंदी, विद्युत व अन्य विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कराया। समाधान दिवस में दुरेड़ी गांव निवासी फरियादी की आवासीय पट्टा मिलने के बाद कब्जा नहीं मिलने की शिकायत पर ड़ीएम ने पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए। हटेटी पुरवा गांव निवासी फरियादी की पाइपलाइन फटने से जलापूर्ति समस्या निस्तारण के निर्देश डीएम ने जल निगम एक्सईएन को दिए। बडोखरखुर्द निवासी फरियादी ने दबंग द्वारा खेत में कब्जा करने की शिकायत पर लेखपाल दुरेड़ी को कार्रवाई को कहा। पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल ने पुलिस विभाग से संबंधित फरियादों पर सुनवाई करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए।



# बारिश से कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरकर हुआ धराशाई

विश्ववार्ता संवाददाता

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलिया के बसकुड़ियां मजरे में शनिवार को कच्चे मकान का एक हिस्सा गिरकर धरासाई हो गया। गृह स्वामी ने क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया है। जिससे दैवीय आपदा राहत कोष से पीड़ति को क्षतिपूर्ति मिल सके।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हलिया के बसकुड़ियां मजरा निवासी सूरज के कच्चे मकान का एक हिस्सा दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण गिरकर धरासाई हो गया है। पीड़ति सूरज ने कच्चे मकान के क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार को सूचना दे दिया है जिससे दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके क्षेत्र में दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण नदी नाले उफान पर आ गए है। अदवा बांध का जलस्तर बढ़ने से अदवा नदी में पानी का बहाव शुरू हो गया है। बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था नहीं होने से जगह जगह जल जमाव हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के मुख्य मार्ग पर जल जमाव होने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए आने वाले मरीजों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल जमाव से होकर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचना पड़ रहा है।



## एक नजर

### नदी में नहाते समय किशोर डूबा, मौत

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अर्न्तगत भूनेश्वरी देवी स्थान के समीप शुक्रवार की सुबह मूर्ति विसर्जन के दौरान रिंद नदी में 17 वर्षीय डूब गया। जिसका शव शनिवार की दोपहर गांव से कुछ दूर कटेलिहा मोड़ के पास नदी में उतराता मिला। जानकारी के अनुसार थाने के उमरिया मजरे सिजौली गांव निवासी रामशंकर का पुत्र शनि सोनकर शुक्रवार की सुबह मूर्ति विसर्जन के लिए भूनेश्वरी देवी स्थान गया था। बताते हैं कि विसर्जन के बाद वह नदी में नहाने लगा तभी अचानक तेज बहाव के कारण वह डूब गया। उधर गोताखोरों ने काफी प्रयास किया लेकिन कोई कामयाबी न मिली। शनिवार की दोपहर कटिलिहा मोड़ के पास किशोर का शव उतराता दिखाई दिया। जिसे पर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक कक्षा नौ का छात्र था।

### चार दिनों तक बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

बांदा। 33 केवी लाइन निर्माण और सुरक्षा के मद्देनजर मेडिकल कालेज लाइन पांच से आठ अक्टूबर (चार दिन) तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधीक्षण अभियंता एनपी सिंह ने बताया कि तिंदवारी रोड स्थित 220 केवी बिजली सब स्टेशन से रामजानकी कैनाल स्टेज-1 व स्टेज-2 गंछा के लिए लिए 33 केवी लाइन का निर्माण कार्य मेसर्स एसएमएम इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (लखनऊ) द्वारा कराया जा रहा है। लाइन निर्माण कार्य के मध्य आ रही 33 केवी मेडिकल कालेज लाइन ऊर्जीकृत है। पांच से आठ अक्तूबर तक सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# ठेकेदार पर मानकविहीन इंटरलॉकिंग कार्य कराने का आरोप

» छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष ने सांसद को पत्र भेज की जांच की मांग

विश्ववार्ता संवाददाता

अतर्रा। नगर पालिका क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए रहे हैं। आरोप है कि ठेकेदार ने लगभग 20 लाख रुपये की मिट्टी बेच ली। साथ ही खुदाई के दौरान लापरवाही से कई जगह पाइपलाइनें टूटने प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सड़कों पर बेकार बह रहा है। रेडक्रास सोसाइटी सदस्य व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने सांसद को पत्र भेजकर कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

रेडक्रास सोसाइटी सदस्य व अतर्रा महाविद्यालय पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्र ने सांसद कृष्णा पटेल को पत्र भेजकर ठेकेदार पर मानकविहीन कार्य करने और सरकारी धन की बर्बादी का आरोप लगाया है। बताया कि लगभग तीन करोड़.रुपये की लागत से बांदा रोड स्थित नेशनल हाइवे पर यह कार्य शिव कंस्ट्रक्शन कंपनी गोरखपुर को दिया गया है। ठेकेदार ने लगभग 20 लाख रुपये की मिट्टी बेच ली। साथ ही खुदाई के दौरान लापरवाही से कई जगह पाइपलाइनें टूटने प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। मिट्टी की जगह बिना रोलर व कंपैक्टर चलाए सीधे गिट्टी डाल दी। कार्य में घटिया गुणवत्ता की ईंटों का उपयोग किया जा रहा। जगह-जगह पर केवल खाना-पूर्ति कर कार्य निपटाया जा रहा है। उन्होंने सांसद से जांच कर कार्य तत्काल रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



सांसद को ज्ञापन सौंपते पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष

## जिला जज को अधिवक्ता संघ ने किया सम्मानित

बांदा। जनपद न्यायाधीश देवेंद्र सिंह यादव पदोन्नति के साथ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने पर जिला अधिवक्ता संघ ने केंद्रीय हाल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया।

अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला बार अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला, महासचिव मनोज निगम लाला ने बार भवन में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह यादव को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर यादव, आनंद सिन्हा, बाबू शंकर सिंह, रामस्वरूप, ओमप्रकाश सिंह गौतम, एजाज अहमद, अवधेश गुप्ता, रामकृष्ण गौतम के अलावा राममिलन सिंह पटेल, शिवपूजन सिंह आदि ने न्यामूर्ति श्री सिंह के कार्यों की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं दीं।

# वायरल वीडियो में छलका भाजपा नेता का गोडसे प्रेम

विश्ववार्ता संवाददाता

नरैनी। गांधी जयंती के अवसर पर जहां देश के प्रधानमंत्री से प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंडलायुक्त से जिलाधिकारी तक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान में कसीदे पढ़े, वहीं सत्ताधारी भाजपा के एक छुटभैया नेता ने खुद को गोडसेवादी बताते हुए महात्मा गांधी के प्रति अमर्यादित टिप्पणी की और उनकी फोटो लगाने तक में एतराज जताया। भाजपा नेता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो भाजपा नेता को अपन भूल का अहसास हुआ।

गांधी-शास्त्री जयंती (2 अक्टूबर) के मौके पर कालिंजर मंडल में कुछ भाजपाई संगोष्ठी के लिए एकत्र हुए तो पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक राजपूत ने खुद को गोडसेवादी बताते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति गंभीर अमर्यादित बयानबाजी कर डाली। मामला पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के साथ महात्मा गांधी का चित्र लगाने को लेकर शुरू हुआ। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने अपने कार्यालय में महात्मा गांधी का चित्र लगाने पर एतराज जताया और गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी शुरू कर दी। कहा कि वह गोडसेवादी है और महात्मा गांधी का चित्र उसके कार्यालय में नहीं लगाया जाना चाहिए। हालांकि उसकी इस बयानबाजी पर साथी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और गांधी जयंती के मौके पर अभद्र टिप्पणी न करने की बात कही, लेकिन छुटभैया नेता अपनी बयानबाजी पर अड़ा रहा। हुआ यूं कि किसी कार्यकर्ता ने ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब गांधी के खिलाफ बयानबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। लोग पूर्व मंडल अध्यक्ष की इस हरकत को सस्ती लोकप्रियता हथियाने और खुद की राजनीति चमकाने का एक हथकंडा बता रहे हैं। जब पूरे मामले पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपूत से बात की गई तो उन्हें भी अपनी गलती का एहसास हुआ और भूलवश मुंह से निकल जाने की बात कही। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने भाजपा नेता की बयानबाजी की निंदा की है। कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता के रूप में पूरे देश में पूजे जाते हैं और देश की आजादी में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिलाध्यक्ष ने बयानवीर भाजपा नेता पर कार्रवाई के संकेत भी दिए हैं।



» गांधी जयंती पर एकत्र भाजपाइयों के बीच एक नेता ने की अभद्र टिप्पणी

## संपादकीय

# मक्के से प्लास्टिक


मक्के की रोटी और सरसों का साग, खान–पान में पंजाब के मानचित्र से होता हुआ दुनिया में खान–पान के नंबर एक की पायदान पर पहुँच गया है। मक्के के उत्पादन में भारत दुनिया में सातवें नंबर पर आता है। मक्के की खेई के लिए समर्पित कुल क्षेत्रफल के मामले में भारत दुनिया में चौथे नंबर पर आता है। भारत में मक्के की औसत उपज करीब 2 ।5 टन प्रति हेक्टेयर है। भारत में मक्का खरीफ (ग्रीष्म कालीन मानसून) और रबी (शीतकालीन) दोनों मौसम में उगाया जाता है। मक्का कार्बोहायड्रेट, प्रोटीन और आहारीय फाइबर का अच्छा स्रोत है। दुनिया में इसे खाद्य, चारा, पशु चारे और बड़ी संख्या में औद्योगिक उत्पादों के लिए कच्चे माल के रूप में इसके विविध उपयोग के लिए अत्यधिक महत्व दिया जाता है। मक्का दुनिया में सबसे ज्यादा उगाये जाने वाले खाद्य पौधों में से एक है। लोग पौधों के बीज को खाते हैं जिन्हें कर्नल या अनाज कहा जाता है। मक्का घास परिवार से सम्बंधित है। इसका वैज्ञानिक नाम ज़िया मेस है। मक्का उत्पादन में बिहार देश में अहम भूमिका निभा रहा है और देश के कुल मक्का उत्पादन में बिहार का योगदान लगभग 11% है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और महाराष्ट्र के बाद बिहार देश का 5वां सबसे बड़ा मक्का उत्पादक राज्य है। बिहार को मक्का उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार मक्का उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के साथ–साथ किसानों को उनकी फसलों का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए निरंतर काम कर रही है। सरकार की योजना है कि बिहार को मक्का निर्यातक राज्य के रूप में विकसित किया जाए। मक्का उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण और बीज उत्पादन के क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। सरकार के प्रयासों से राज्य में कई निजी कंपनियों ने मक्का भंडारण के लिए आधारभूत संरचना का विकास किया है जिससे राज्य में मक्का भंडारण क्षमता अब लगभग 5 लाख मीट्रिक टन हो गई है। 2023–24 में राज्य में मक्का उत्पादन में वृद्धि हुई है। पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया और समस्तीपुर जैसे जिलों में मक्का उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन जिलों में किसान औसतन 50 क्विंटल प्रति एकड़ मक्का का उत्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही, राज्य में स्वीट कॉर्न और बेबी कॉर्न के क्षेत्र विस्तार और बाजार व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। जैसे– स्टार्च और औद्योगिक शराब बनाना। लेकिन अब पूरे भारत में इससे व्यंजन बनाए जाते हैं। जैसे– पंजाब की मक्का की रोटी और सरसों का साग, भुने हुए भुट्टे या मकई, एक बहुत पसंद किया जाने वाला मानसून उपचार है, खासकर जब स्वाद के लिए नमक स्प्रे के साथ गर्म खाया जाता है। अतिरिक्त मीठे मकई के दाने, उबले हुए साबुत और मसालेदार, बाजार में या सिनेमा हॉल के नाश्ते में शाम के खाने में लोकप्रिय हो गए हैं। मकई का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में, मानव भोजन के रूप में, जैव ईंधन के रूप में और उद्योग में कच्चे माल के रूप में भी किया जाता है। कृषि उत्पाद जिन्हें मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त समझा जाता है, अन्य उपयोगी उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है। ऐसा उपयोगी उत्पाद कॉर्न स्टार्च से बायोपॉलिमर से बने प्लास्टिक का विकल्प हैं। बायोपॉलिमर प्लास्टिक उत्पादों की तुलना में 2 ।5 गुना महंगे हैं लेकिन जहां यह स्कोर कर सकता है, वह यह है कि आप 50 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक बैग का उत्पादन नहीं कर सकते हैं। दूसरी ओर, हम 20 माइक्रोन के बायोपॉलिमर बैग का उत्पादन कर सकते हैं। हालांकि माइक्रोन का स्तर कम है, ये बायोपॉलिमर प्लास्टिक की थैलियों की तुलना में अधिक मजबूत होते हैं। प्लास्टिक से बना 50 माइक्रोन पारंपरिक पॉलीबैग सामान्य रूप से दो किलो तक के उत्पादों को पकड़ सकता है। बायोपॉलिमर बैग में पांच किलो तक के उत्पाद रखे जा सकते हैं। जैसा कि मुकुल सरीन, निदेशक, व्यवसाय विकास, हाई–टेक इंटरनेशनल, मानेसर, गुरुग्राम (हरियाणा) का एक औद्योगिक केंद्र, प्लास्टिक और पैकेजिंग के क्षेत्र में एक प्रौद्योगिकी सोर्सिंग प्रदाता द्वारा सूचित किया गया है, एक संयंत्र–आधारित जैव के साथ आया है– कम्पोस्टेर्न स्टार्च को ग्रेन्युल में परिवर्तित करके बायोपॉलिमर का उत्पादन किया जाता है। सरीन ने कहा। "हम मिलों से स्टार्च खरीदते हैं और एक सम्मिश्रण प्रक्रिया के माध्यम से पोलीमराइज़ेशन के लिए जाते हैं। यह हमें पॉलीमर ग्रेन्यूल्स प्राप्त करने में मदद करता है जिस तरह से कुछ पेट्रोकेमिकल फर्म प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स का उत्पादन करती हैं।" इन दानों से, 1985 में स्थापित गुड़गांव स्थित फर्म, बोतलें, कप, ट्रे, पॉलीबैग और ऐसी अन्य सामग्री का उत्पादन करती है।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# यूपी में सख्त कानून के बावजूद लवजेहाद जारी



मनोज कुमार अग्रवाल

**दरअसल सोनम विगत 6 अगस्त 2023 को अपने घर में बेटे के लिए थरमस लेने की बात कहकर गांव से संडीला बाजार जाने के लिए निकली थी और फिर कभी लौट कर वापस नहीं आई .सोनम के वापस न लौटने पर ससुर गंगाराम ने कोतवाली संडीला में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था .महिला के रहस्यमय ढंग से गायब होने की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को 2 साल का लंबा वक्त लगा।**

उत्तर प्रदेश में क्राइम कंट्रोल की तमाम कोशिशों के बावजूद अपराधी सक्रिय हैं. इसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है. पिछले कुछ समय से यहां लव जिहादी तेजी से सक्रिय हुए हैं. हिंदू लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाकर उनका धर्मांतरण कराने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं. उत्तर प्रदेश के बागपत में लव जिहाद का मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम युवक पहले हिंदू लड़की को बहला फुसला कर ले गया था, जिसके बाद जेल में बंद युवक के चाचा ने फोन करके युवक व्हाट्सएप पर फोन करके धर्मांतरण और निकाह का दबाव बनायामामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. बागपत के खेकड़ा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में रहने वाली हिंदू लड़की ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के दिनों में उसकी आरोपी शोएब से दोस्ती हुई थी, मुस्लिम युवक ने पहचान छिपाकर उससे दोस्ती की थी.पहले 3 जुलाई को शोएब उसे बहला-फुसलाकर ले गया, जिसके उसने लड़की से मारपीट की और धर्मांतरण करने को कहा. इस मामले में कार्रवाई करते हुए गाजियाबाद पुलिस ने लड़की को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया और शोएब को जेल भेज दिया. देवरिया। जिले में लव जिहाद के दो घटनाएं सामने आई हैं। दो नाबालिगों को प्रेम जाल में फंसाकर गायब करने का मामला तूल पकड़ लिया है। दोनों परिवारों के स्वजन तहसील व अधिकारियों का चक्कर लगाने के बाद परेशान हैं। उसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। गौरीबाजार पुलिस ने दोनों मामले में मुकदमा दर्ज किया है। एक और नाबालिग को दो वर्ष पूर्व लव जिहाद के मामले में ही नाबालिग लड़की को विदेश पहुंचा दिया गया और उसका धर्म परिवर्तन करा दिया गया। स्वजन थाना व पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काटते रहे लेकिन उस परिवार को न्याय नहीं मिल सका। तीनों घटनाएं गौरीबाजार थानाक्षेत्र की हैं। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने इन मामलों को डीजीपी तक पहुंचाया है। गौरीबाजार क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर दो किशोरियां लव जिहाद की शिकार हुई हैं। पहली घटना 24 जुलाई को हुई। किशोरी के पिता का आरोप है कि किशोरी को बुर्का पहनाकर घर के आभूषण के साथ उसे लेकर मुस्लिम समाज का आरोपित युवक फरार हो गया। लखीमपुर खीरी के मोहमदी थाना क्षेत्र में 'लव जिहाद' का एक मामला दर्ज किया गया है। हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने शंकरपुर चौराहे के पास एक संदिग्ध जोड़े को पकड़ा, जिसके बाद यह घटना सामने आई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 2 बजे हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों ने शंकरपुर चौराहे पर इस जोड़े को संदिग्ध अवस्था में देखा था। पूछताछ में पता चला कि मुस्लिम समुदाय का युवक मोहिद, हिंदू बनकर लखनऊ की एक दलित लड़की को बहला-फुसलाकर लंबे समय से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। उधर हरदोई में 2 साल पहले लव जिहाद की शिकार हुई दलित महिला की अपहरण और हत्या का पुलिस ने खुलासा किया. हिंदू महिला को समुदाय विशेष के युवक ने पहले प्रेम जाल में फंसाया और फिर बहला फुसलाकर परिवार के साथ दिल्ली ले गया. दिल्ली से वापस लौटने पर हत्यारों ने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी और शव को एक कुएं में दफन कर दिया था.हरदोई में कोतवाली संडीला के सराय मारूफ़पुर के रहने वाले शशीचंद्र की (30) वर्षीय पत्नी सोनम के रहस्यमय ढंग से गायब होने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है.सोनम को प्रेमजाल में फंसाकर उसके समुदाय विशेष के प्रेमी ने भाई और मां-बाप के साथ मिलकर गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया था. घर से निकली दोबारा नहीं लौटी दरअसल सोनम विगत 6 अगस्त 2023 को अपने घर में बेटे के लिए थरमस लेने की बात कहकर गांव से संडीला बाजार जाने के लिए निकली थी और फिर कभी लौट कर वापस नहीं आई.सोनम के वापस न लौटने पर ससुर गंगाराम ने कोतवाली संडीला में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था.महिला के रहस्यमय ढंग से गायब होने की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को 2 साल का लंबा वक्त लगा.इस अंतराल में पांच विवेचक बदले गए,सभी विवेचकों ने इस केस की विवेचना की लेकिन इस अपहरण की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी. 12 जून 2025 को इस केस की विवेचना सीओ संडीला संतोष कुमार सिंह को सौंपी गई. सीडीआर का गहनता से अध्ययन कर इलेक्ट्रॉनिक व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया.पुलिस ने संदेह के आधार पर थाना माधोगंज के जेहदीपुर गांव के रहने वाले अयूब और उसके बेटे समीदुल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया.दोनों की निशान देही पर पुलिस ने जेहदीपुर गांव के पास झाड़ियों के बीच स्थित कुएं से मृतका का कंकाल और कपड़े बरामद किए हैं.मृतका के घर वालों ने शव की शिनाख्त की जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र से लव जिहाद का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने अपना नाम छिपाकर हिन्दू लड़की से शादी की, कई महीनों तक लिव-इन रिलेशन में रखा और फिर जब उसकी असली पहचान का खुलासा हुआ तो उस पर धर्मांतरण और जबरन निकाह का दबाव बनाने लगा। पीड़िता अब न्याय की गुहार लेकर एसएसपी से भी गुहार लगाई इस घटना के सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक, जनपद सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र में लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक मुर्सलीन, जो दिन में जूस की रेहड़ी लगाता था और रात में पुलिस की वर्दी पहनकर चौकिदारी करता था, उसने अपनी असली पहचान छुपाकर हिन्दू लड़की से शादी की। ये तो सिर्फ चंद मामले बानगी बतोर है हकीकत यह है कि ऐसी एक नही सैकड़ों मामले सामने रहे हैं जिनमें मुस्लिम समुदाय के युवकों द्वारा सोची समझी साजिश के तहत हिन्दू लड़कियों को कथित प्यार के जाल में फंसा कर देह शोषण व धर्मांतरण का जेहादी कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। यूपी में धर्मांतरण नियमन कानून के बावजूद ऐसे मामलों में कमी नहीं आयी है यह वर्तमान और आने वाले समय में एक खतरनाक माहौल बना सकता है। जरूरत इस बात की है कि हिन्दू लड़कियों को समय रहते संस्कार संस्कृति और धर्मपरिवर्तन की वारदातों के खतरनाक अंजाम के बारे में खुलकर चेताया जाए ताकि लड़कियों को लवजेहाद की साजिश से बचाया जा सके।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# 'संघ' भारत का सर्वोत्तम


हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। संघ की आयु 100 बरस हो गई है। दुनिया के कई देशों में संघ की शाखाएं हैं। विश्व के तमाम विचारक संघ कार्य पर शोध कर रहे हैं। सबके निष्कर्ष अलग अलग हैं। किसी ने संघ में स्वयंसेवकों की लाठी देखी, कहा संघ और कुछ नहीं वस्तुतः लाठीधारी लोगों का खतरनाक संगठन है, तो किसी ने इसे भारतीय जनता पार्टी की शाखा बताया। अगले ने कहा यह, "खुफिया संगठन" है। राज समाज के लिए खतरनाक है। विश्व में किसी भी ध्येयसेवी संगठन पर फर्जी आरोप नहीं लगे। संघ प्रतिष्ठित रहा। संघ पर प्रतिबंध भी लगे। 1975-77 के आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक गिरफ्तार हुए। उन्होंने दुख झेले, ध्येय से विचलित नहीं हुए। उनमें मैं भी एक हूँ। संघ के प्रति लोगों की जिज्ञासा बढ़ रही है। आखिरकार संघ कैसे जाना जाए? याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को तत्वज्ञान दिया था। बृहदारण्यक उपनिषद (अध्याय दो, ब्राह्मण 5) में ऋषि ने बताया, "यह पृथ्वी सभी भूतों (मूल तत्व) का मधु है और सब भूत इस पृथ्वी के मधु।" शंकराचार्य का भाष्य है, "जिस प्रकार एक छत्ता अनेक मधुकरों द्वारा तैयार किया जाता है, उस प्रकार सभी भूत इस पृथ्वी के मधु कार्य हैं। फिर सूर्य, चन्द्र और आकाश को भी मधु कार्य बताते हैं। फिर अग्नि के लिए कहते हैं, "यह अग्नि समस्त भूतों का मधु है और समस्त भूत इस अग्नि के मधु।" अंत में कहते हैं, यह धर्म और सत्य समस्त भूतों का मधु है। फिर कहते हैं, "यह मनुष्य भी समस्त भूतों का मधु है और सभी भूत इस मनुष्य के मधु।" मैं उसी तर्ज पर कहता हूँ कि भारत का सनातन धर्म सभी भूतों का मधुरस है और सभी भूत सनातन धर्म के मधुरस। पूरे आत्मविश्वास के साथ लिख रहा हूं, "सनातन धर्म व हिन्दू जीवन रचना का सर्वोत्तम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रकट हुआ।" संघ विचार आधारित संगठन है। 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार के नेतृत्व में संघ की स्थापना हुई। राष्ट्र निर्माण की चुनौतियों पर चर्चा हुई और संघ की नींव पड़ गई। संघ का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता गया। इसी के साथ मार्क्सवादी संगठन का भारत में उदय हो गया। विचारधारा के प्रति आग्रह में संघ व वामपंथ आमने सामने रहे। परिस्थितियां तेजी से बदल गईं। वामपंथ का वैज्ञानिक भौतिकवाद पिछड़ता चला गया। संघ में आत्मीयता थी। सांस्कृतिक आधार था। विश्व विचारों से भरापूरा है। विचार विविधता भारतीय संस्कृति का आभूषण है। यहां अनेक विचार हैं। गौतम का 'न्याय दर्शन' है, कपिल का 'सांख्य' है। कणाद का वैशेषिक है, जैमिनि का 'मीमांसा' है और वादरायण का वेदान्त। यहां बुद्ध और जैन भी हैं। इस्लाम आने के साथ ही मजहबी विचारधारा भी आई। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बाद ईसाइयत का विचार भी फलाफूला लेकिन 1925 में कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म के साथ आए वैज्ञानिक भौतिकवादी विचार ने नई पीढ़ी को झकझोर दिया था। मार्क्सवाद परदेसी विचार था और संघ का राष्ट्रवाद स्वदेशी। दोनो विचारधाराओं में कांटे की टक्कर हुई। टक्कर पीछे 100 साल से जारी है। अब कम्युनिस्ट विचार के लोग पुरातात्विक मिथक जैसे हो गए हैं। संघ विचार के कार्यकर्ताओं ने उन्हें उनके गढ़ केरल में घुसकर चुनौती दी है। संघ कार्यकर्ताओं की हत्या भी हुई। हिंसक विचार का अंत हो गया। संघ बढ़ता गया। वामपंथ का अस्त अस्वाभाविक नहीं है। अंधविश्वासी पंथिक विचार का आधुनिक विश्व में अब कोई भविष्य नहीं। मार्क्सवाद का सामाजिक दर्शन ईसाई पंथिक विचार का विरोधी था। मार्क्स ने इसी संदर्भ में ईश्वर को अफीम कहा था। ईसाईयत का ईश्वर मार्क्स की दृष्टि में अंधविश्वास था। वैज्ञानिक दृष्टिकोण में अंधविश्वास का स्थान नहीं होता। तर्क बुद्धि और अर्थशास्त्र से पैदा मार्क्सवाद भी मजहब बन गया। अब वाद विवाद संवाद में उनकी आस्था नहीं। वामपंथी अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हैं। लेकिन दूसरे पक्ष के सही और संवैधानिक तथ्य को भी "थोपा जाना" बताते हैं। वंदेमातरम् राष्ट्रगीत है। वे कहते हैं कि इसका थोपा जाना अनुचित है। राष्ट्रभाव स्वाभाविकता है, वे कहते हैं कि राष्ट्रवाद का थोपा जाना असहिष्णुता है। राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की निष्ठा अपरिहार्य है। वे इसे भी थोपे जाने का आरोप लगाते हैं। उनकी प्रकृति पंथिक अंधविश्वासी है। संघ भारत के परम वैभव का स्वप्न दृष्टा है। चीन का हमला हुआ। यह आज भी भारत के मन पर गहरा जख्म है। कम्युनिस्ट पार्टी के भीतर कम्युनिस्ट चीन और अपने भारत की निष्ठा को लेकर द्वन्द्व था। पार्टी टूट गई। चीन प्रिय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट हो गए और शेष भारतीय कम्युनिस्ट। यों यहां कम्युनिस्ट विचार के दो दर्जन से ज्यादा संगठन हैं। नक्सलबाड़ी रक्तपात से निकले समूह नक्सलपंथी या माओवादी कहे जाते हैं। संसदीय जनतंत्र में विश्वास न करने वाले समूह बंदूक विश्वासी है। दूसरों को फासिस्ट बताने वाले वामसमूह ने 1975 में श्रीमती इन्दिरा गांधी की फासिस्ट तानाशाही का समर्थन किया था। बीस माह के आपातकाल में पूरा देश यातनागृह था। तब भी कम्युनिस्ट फासिस्ट सत्ता के समर्थक थे। कम्युनिस्ट श्रीमती सोनिया गांधी के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन में भी थे। कहने को इस गठबंधन का 'न्यूनतम साझा कार्यक्रम' था लेकिन वस्तुतः यह प्रच्छन्न सत्ता भागीदारी की तिकड़म थी। उन्होंने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया। वे सत्ता को हिलाते थे, सत्ता हिलती थी। वे अपने विचार थोपते थे। संप्रग सिर झुकाने को विवश था। संघ राजनीति से अलग अपने ध्येय में लगा रहा। 2008 में वाम बाएं मुड़ गये। वे अमेरिकी परमाणु करार के विरोधी थे। उन्होंने संभवतः पहली दफा 'राष्ट्रहित' शब्द का प्रयोग किया कि राष्ट्रहित में यह कार्रवाई आगे नहीं बढ़नी चाहिए। तब पश्चिम बंगाल बचा था। वाम हिंसा और कुशासन से पीड़ित बंगाली जनसमुदाय ने उन्हें खारिज किया। अब वह किसी एक सहयोग से फिर से अखिल भारतीय होने के प्रयास में थे, लेकिन उनसे यारी को कोई तैयार नहीं हुआ। उनकी विदाई हो गई है। तो भी तमाम राष्ट्रीय जिज्ञासाएं हैं। मसलन उन्होंने गांधी का विरोध क्यों किया? उन्होंने सुभाष चन्द्र बोस का समर्थन क्यों नहीं किया? उन्होंने 1857 को स्वाधीनता संग्राम क्यों नहीं माना? आपातकाल का समर्थन क्यों किया? उन्होंने पूर्वज आर्यों को विदेशी सिद्ध करने में ही सारी बौद्धिक शक्ति क्यों लगाईं? सवाल और भी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना सदस्यता पर्ची ही दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बन गया। यह राष्ट्रीय होकर भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा में है। कम्युनिस्ट अंतर्राष्ट्रीय होकर भी क्यों अभिशप्त हैं? संघ के स्वयंसेवक अपने दैनिक कार्यक्रमों में राजनैतिक नारेबाजी नहीं करते। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। हम सब राष्ट्र के ही भाग हैं। देश में कई बार राष्ट्रीय आपदाएं आईं। गुजरात में भूकंप हो, दक्षिण भारत में सुनामी हो, ओड़सिा में तूफान हो, केदारनाथ की त्रासदी हो, 1962, 1971 आदि वर्षों का युद्धकाल हो, संघ के स्वयंसेवक ऐसे संकट के समय सेवाभाव लेकर सक्रिय रहे। संघ हिन्दू और हिन्दुत्व का सम्पूर्ण अधिष्ठान लेकर सक्रिय है। राष्ट्रजीवन में 100 बरस बहुत ज्यादा नहीं, लेकिन यह अवधि बहुत कम भी नहीं कही जा सकती। देश के सभी घरों में बिजली पानी है। 100 बरस की सेवा का अनुभव कुछ और विशिष्ट गढ़ने में लगाया जा सकता है। भारत को भारत की नियति तक ले जाना हम सब का कर्तव्य है। मैं इस संगठन का 60 वर्षीय स्वयंसेवक अपने में गर्व का अनुभव करता हूँ।

## कविता


कल्पना मिश्रा

### माँ

माँ
बचपन की यादें तुम हो
जीवन की पहली बातें तुम हो
जब तुम रोटियाँ बनाती
मानों पूरा संसार रचती थी
हमारे लिये तुम्हारी कही हर बार
सच थी
चाहे वो परियों की कहानी हो,
या हो
तुम्हारी ही यादों से निकली कोई
बात
तुम्हारे हाथो में, तुम्हारी बातों में
तुम्हारी मुस्कान में
काम के बाद की थकान में
हम सब में खूश रहते थे
भरे–पूरे रहते थे ।
माँ तुम ईश्वर हो
हमारे लिये ।।

# बिहार में आए हाल के कुछ ताजा सर्वे ने राजग की नींद उड़ाई


क्रांति कुमार पाठक

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसै-वैसे बिहार का सियासी तापमान भी बढ़ता जा रहा है। जाहिर है ऐसे में बिहार चुनाव के लिए सारी पार्टियों ने कमर कस ली है। क्योंकि अब जल्द ही तारीखों का ऐलान होने वाला है। नेताओं के साथ जनता भी जोश में है और पिछले दिनों आए कुछ नए सर्वे को जनता का मूड मानें तो, ये कहना गलत ना होगा कि इस बार लोग बदलाव के मूड में हैं। बिहार में किए गए नए सर्वे के मुताबिक लोग युवा चेहरे को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ये सर्वे जहां महागठबंधन के लिए राहत पहुंचा रहा है, वहीं राजग खेमे में टेंशन होना लाजमी है। इस बार सूबे की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। राजग, महागठबंधन और प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के बीच संभावित त्रिकोणीय मुकाबले ने बिहार के सियासी पटल पर हलचल बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे अधिक ध्यान इस पर है कि क्या जदयू नेता नीतीश कुमार लगातार पांचवीं बार सत्ता में लौट पाएंगे या राजग गठबंधन के जीतने पर भाजपा कोई नया मुख्यमंत्री चेहरा पेश करेगी। वहीं अगर विपक्षी महागठबंधन सत्ता में आता है तो उसका मुख्यमंत्री कौन होगा, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। हालिया ओपिनियन पोल और सर्वे की बात करें तो राज्य के मतदाताओं की मंशा सी-वोटर के प्री-पोल सर्वे के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि सबसे ज्यादा 36 फीसदी लोगों ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त माना है। वहीं तेजस्वी यादव के बाद जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर हैं, जिन्हें सर्वेक्षण के अनुसार, 23 प्रतिशत लोग बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं. वहीं16 प्रतिशत लोगों ने नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त माना, जबकि केवल 10 प्रतिशत ने लोजपा नेता चिराग पासवान को अपना पसंदीदा उम्मीदवार बताया. वहीं जबकि केवल 7 फीसदी ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार माना। गौरतलब है कि यह सर्वेक्षण सी-वोटर के जरिए सितंबर में किया गया था, ये सबसे ताजा आंकड़े हैं। हालांकि, फरवरी माह के मुकाबले में सितंबर माह में पसंदीदा मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव की लोकप्रियता 5 फीसदी कम हुई है। वहीं, मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। क्योंकि ताजा सर्वे में वे तीसरे सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जिनको लगभग 16 फीसदी मतदाताओं ने पसंद किया है, जबकि फरवरी में यह आंकड़ा 18 फीसदी था। जबकि लोगों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामकाज से उनकी संतुष्टि के बारे में पूछा गया, तो फरवरी में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 58 फीसदी लोग संतुष्ट और 39 प्रतिशत असंतुष्ट थे। जून में, 60 फीसदी लोग उनके पक्ष में और 39 फीसदी लोग उनके विरोध में थे। सितंबर में हुए एक हालिया सर्वेक्षण में, 61 फीसदी लोग नीतीश कुमार से संतुष्ट थे, जबकि 38 फीसदी ने असंतोष व्यक्त किया। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि 243 विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए यह मुकाबला बेहद ही दिलचस्प होगा। क्योंकि कुछ दिनों पहले जारी हुए लोक पोल सर्वे के नतीजे भी काफी चौंकाने वाले थे। लोक पोल के नतीजों के अनुसार, महागठबंधन को मिलने वाली सीटों का अनुमान राजग के लिए झटका साबित हो सकता है। अगर आज चुनाव होते हैं, तो महागठबंधन को 118 से 126 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि राजग गठबंधन को 105 से 114 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं बिहार में सरकार बनाने के लिए 122 सीटों की जरूरत है। आज के वक्त यदि चुनाव हो जाए तो महागठबंधन के सरकार बनाने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि, राजग गठबंधन और महागठबंधन में कांटे की टक्कर दिखाई पड़ रही है। लोकपोल के मेगा सर्वे की मुताबिक वोट परसेंटेज की बात करें तो राजग गठबंधन को जहां 38-41 फीसदी वोट मिलता दिख रहा है, वहीं महागठबंधन को 39-42 फीसदी वोट मिलने के आसार हैं। वहीं अन्य को 12-16 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। इस तरह वोट परसेंटेज में भी महागठबंधन बाजी मारता नजर आ रहा है और वो सरकार बनाते दिख रहे हैं। हालांकि सीटों की संख्या हो या वोट परसेंटेज के आंकड़े, दोनों ही जगह राजग गठबंधन और महागठबंधन में कांटे की टक्कर नजर आ रही है। मतलब साफ है कि 2-4 सीटों के हेरफेर से महागठबंधन इस बार सत्ता में आ सकता है यह फिर राजग गठबंधन फिर से सत्ता वापसी कर सकता है। बिहार में इस बार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी चुनाव लड़ रही है। हालांकि कई सर्वे में जन सुराज पार्टी को फाइट में बताया गया है, लेकिन लोकपोल के इस मेगा सर्वे में जन सुराज पार्टी कोई बड़ी टक्कर देती नहीं दिख रही है। मतलब साफ है कि हर बार की तरह इस बार भी बिहार में मुख्य मुकाबला राजद और जदयू के बीच ही देखा जा रहा है। बिहार में महागठबंधन को बढ़त मिलने के कारण आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी-ईबीसी समर्थनः- तेजस्वी यादव के आरक्षण के मुद्दे को ओबीसी और ईबीसी का समर्थन मिला है, जबकि कांग्रेस ने जाति जनगणना की मदद से एससी और ईबीसी (जैसे, चमार, मुसहर, मल्लाह) के बीच अपना आधार बढ़ाया है। नीतीश सरकार के खिलाफ विरोधी लहरः- नीतीश कुमार की छवि और शासन की विश्वसनीयता सत्ता विरोधी लहर, स्वास्थ्य समस्याओं, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था से प्रभावित हो रही है। वहीं प्रवासन और बेरोजगारी युवा मतदाताओं और पहली बार मतदान करने वालों को महागठबंधन की ओर आकर्षित कर रहे हैं। मुस्लिम-यादव समीकरणः- मुस्लिम और यादवों का एकीकरण बिहार में महागठबंधन को मजबूत कर रहा है, जबकि यादवों के बीच जदयू का प्रभाव कम हो रहा है। वहीं जन सुराज से भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की संभावना बताई जा रही है। भाजपा को सवर्णों और बनियों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन जन सुराज जदयू के क्षेत्रों में सवर्ण मतदाताओं को आकर्षित कर रहा है। माई-बहन मन योजना और मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं के कारण महिला मतदाता महागठबंधन की ओर रुख कर रही हैं।

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक–अध्यात्मिक महत्व


डॉ. विनोद बब्बर

शरद हमारी जिजीविषा का प्रतीक है। तभी तो मौसम का राजा बसंत है लेकिन लम्बे जीवन की कामना करते हमारे पूर्वजों ने सौ बसंत नहीं, सौ शरद मांगे। पूरा वैदिक वाङ्मय सौ शरद का उद्घोष करते हुए कहता है- जीवेम् शरदः शतम्। कर्म करते हुए सौ शरद जीवित रहें। जीवन में राग, रस-रंग का प्रतीक तो बसंत है। पर उसके संघर्ष का प्रतीक तो शरद ही है। पूरे साल में सिर्फ एक रोज ही शरद पूर्णिमा का चांद सोलह कलाओं वाला होता है। कहते हैं चन्द्रमा से उस रोज अमृत बरसता है, इसलिए शरद अमरत्व का प्रतीक भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाये तो चन्द्र का मतलब है शीतलता। बाहर कितने भी परेशान करने वाले प्रसंग आयें लेकिन हमारा मन-मस्तिष्क ऐसा मजबूत हो कि सांसारिक बाधाएं, व्याधियां, कठिनाइयां हमें विचलित न कर सकें। यूं तो हर माह में पूर्णिमा आती है लेकिन शरद पूर्णिमा का महत्व सर्वाधिक है। वर्षा ऋतु की जरावस्था और शरद ऋतु के बाल रूप का यह सुंदर संयोग हर किसी का मन मोह लेता है। कारण स्पष्ट है- आकाश में न बादल, न ही धूल-गुबार, यानी एकदम साफ़। ऐसे में पूर्ण चन्द्रमा की छटा निराली होती है। इसीलिए इसे उल्लास और मस्ती से भरने वाली चमचमाती, खिलखिलाती रात कहा गया है। हमारे धर्म ग्रंथों में भी इस पूर्णिमा को विशेष बताया गया है। माना जाता है कि समृद्धि वैभव की देवी लक्ष्मी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। आश्विन मास की इस पूर्णिमा को आदिकवि महर्षि वाल्मीकिजी की जयन्ती भी मनाई जाती है। यह सर्वे ज्ञात है कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम के जन्म से पूर्व ही रामायण की रचना की।माता जानकी उन्हीं के आश्रम में रही जहां उन्हें लव और कुश के रूप में दो पुत्रों का जन्म हुआ। ऋषि ने उन बालकों को अनेक विधाओं से परिपूर्ण बनाया। आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा, रास पूर्णिमा, कोजागरी भी कहते हैं। इस रात्रि चन्द्रमा पृथ्वी के बहुत नजदीक होता है और उसकी उज्ज्वल किरणें पेय एवं खाद्य पदार्थों में पड़ती हैं तो उसे खाने वाला व्यक्ति वर्ष भर निरोग रहता है। उसका शरीर पुष्ट होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय15 के श्लोक 13 कहा भी गया है:- पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।। अर्थात रसस्वरूप अर्थात अमृतमय चन्द्रमा होकर सम्पूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूँ। इस दिन को कोजागरी पूर्णिमा कहने के पीछे कथा है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि माँ लक्ष्मी आसमान में भ्रमण हुए पूछती है कि 'कौ जाग्रति'। यानी वह उन लोगों की सूची बनाती हैं जो रात में जाग रहे होते है। संस्कृत में 'कौ जाग्रति' का मतलब होता है की 'कौन जाग रहा है'। जो भक्तजन शरद पूर्णिमा की रात्रि में जाग रहे होते हैं उन्हें देवी लक्ष्मी अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनका कल्याण करती हैं तथा जो सो रहा होता है वहां महालक्ष्मी नहीं ठहरतीं। इसीलिए लोग जागकर चंद्रमा को अर्घ्य देते हैं। शरद पूर्णिमा को रासलीला की रात भी कहते हैं। धर्म शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात को ही भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रास रचाया था। शरद पूर्णिमा का मनोवैज्ञानिक पक्ष देखा जाए तो यही वह समय होता है जब मौसम में परिवर्तन की शुरुआत होती है और शीत ऋतु का आगमन होता है। इस दिन चन्द्रमा हमारी पृथ्वी सबसे करीब होता है। धान आदि की फसल अपने यौवन पर होती है अतः इस दिन किसान देविया शक्तियों से अच्छी फसल की कामना करते हुए उनसे आशीर्वाद मंगाता है। भारत के पूर्वोत्तर भागों विशेष रूप से बंगाल और उड़ीसा में इस दिन कुमारी कन्याएं प्रातः काल स्नान करके सूर्य और चन्द्रमा की पूजा करती हैं। माना जाता है कि इससे उन्हें योग्य पति की प्राप्त होती है। संक्षेप में कहें तो सभी अपने- अपने ढंग से स्वस्थ तन, प्रसन्न मन के साथ-साथ समृद्धि और धन चाहते हैं। यहां भी स्मरणीय है कि शरद पूर्णिमा के अगले दिन से कार्तिक का महीना आरंभ होता है जिसके चौथे दिन करवा चौथ, तत्पश्चात अहोई, तेरह को धनतेरस, अमावस्या को भारतवंशियों का सबसे प्रसिद्ध त्यौहार दिवाली, अगले दिन गोवर्धन पूजा, फिर भैया दूज सहित अनेक त्यौहार होते हैं। कार्तिक स्नान को विशेष महत्व है तो कार्तिक पूर्णिमा को गुरु नानकदेव जी का जन्मदिन, गंगास्नान, कार्तिक पूर्णिमा के नाम से पूरे भारत में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणें विशेष अमृतमयी गुणों से युक्त रहती है। कहा जाता है कि लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात प्राप्त होने वाली अमृतमयी किरणों को अपनी नाभि पर ग्रहण कर प्राण ऊर्जा संचय करता था जिससे उसे पुनर्यौवन शक्ति प्राप्त होती थी। यह उन अमृतमयी किरणों का प्रभाव है कि अनेक रोग नष्ट हो जाते हैं। यही कारण है कि शरद पूर्णिमा की रात को लोग अपने घरों की छतों पर खीर रखते हैं जिससे चंद्रमा की किरणें उस खीर के संपर्क में आती है। विज्ञान भी इस बात को स्वीकारता है कि दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है।

# आजमगढ़ रेलवे स्टेशन का अपर महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

## यात्री सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने शनिवार को अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज़मगढ़ रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई और अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि यात्री सुविधाओं में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की गति तेज की जाए।

निरीक्षण के समय उनके साथ वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम) अभिषेक राय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी बालेन्द्र पाल, मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल विकास निगम लिमिटेड आशुतोष शुक्ला, मंडल इंजीनियर ए.के. पाण्डेय, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पी.एस. रावत, सहायक मंडल इंजीनियर (मऊ) सुनील कुमार पाण्डेय समेत वाराणसी मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी और पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

अपर महाप्रबंधक शुक्ल ने निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज, स्वचालित सीढ़ियों, सामान्य यात्री हाल, टिकट काउंटर, स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्सल कार्यालय, प्रवेश और निकास द्वार की स्थिति देखी। उन्होंने साफ-सफाई को और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को साफ-सुथरा और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे



पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से कहा कि काम की गति बढ़ाई जाए ताकि समय पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

निरीक्षण के दौरान शुक्ल ने आज़मगढ़ रेलवे कॉलोनी का भी दौरा किया। स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के तहत चल रहे अभियान की जानकारी लेते हुए उन्होंने कॉलोनी में साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉलोनी में नालों की जल निकासी का स्थायी समाधान किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नियमित रूप से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने पर जोर दिया ताकि कॉलोनीवासियों को मच्छर और अन्य बीमारियों से बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के साथ-साथ कॉलोनी में भी स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इस दौरान अपर महाप्रबंधक ने कई जगहों पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों को सुधारात्मक सुझाव भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि यात्री सुविधाओं और सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई पर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के बाद अपर महाप्रबंधक का काफिला वापस वाराणसी के लिए रवाना हुआ। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि उनके निर्देशों का पालन करते हुए विकास कार्यों की रफ्तार बढ़ाई जाएगी और यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# बीएचयू के डॉ. अनिल सिंह बने दिल्ली भेषज विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की जनरल काउंसिल के सदस्य

विश्ववार्ता संवाददाता



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि कला इतिहास विभाग में पर्यटन प्रबंधन के सहायक आचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह को दिल्ली भेषज विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित जनरल काउंसिल का सदस्य नामित किया गया है। यह नामांकन विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति तथा दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल द्वारा किया गया है। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलसचिव की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

डॉ. अनिल कुमार सिंह के इस चयन से न केवल बीएचयू का मान बढ़ा है बल्कि पूर्वांचल और पूरे उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक जगत में भी खुशी का माहौल है। डॉ. सिंह पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में एक दशक से अधिक समय से अध्यापन और शोध कार्य में सक्रिय हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति, विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण शोध कार्य किए हैं। उनकी पहचान एक ऊर्जावान शिक्षक और शोधकर्ता के रूप में है, जिन्होंने देश-विदेश के कई सेमिनार और कार्यशालाओं में अपनी विद्वत्ता का परिचय दिया है।

दिल्ली भेषज विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना फार्मेसी शिक्षा और अनुसंधान को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से की गई थी। यह देश का पहला और विश्व का तीसरा फार्मेसी विश्वविद्यालय है। ऐसे संस्थान की जनरल काउंसिल में बीएचयू के शिक्षक का शामिल होना विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाने वाला कदम है। परिषद में देशभर के चुनिंदा शिक्षाविद, शोधकर्ता और नीति-निर्माता शामिल होते हैं, जो शिक्षा, शोध और नवाचार की दिशा तय करते हैं।

डॉ. सिंह के नामांकन पर बीएचयू परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने इसे विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है। कला इतिहास विभाग के वरिष्ठ अध्यापकों का कहना है कि डॉ. सिंह का अनुभव और दृष्टि इस परिषद के कामकाज में नई ऊर्जा का संचार करेगी। वहीं, विद्यार्थियों का कहना है कि उनका यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा।

इस उपलब्धि से स्पष्ट है कि बीएचयू के शिक्षक लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना रहे हैं और संस्था की साख को मजबूत कर रहे हैं। डॉ. अनिल कुमार सिंह का यह चयन निश्चित रूप से बीएचयू के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## एक नजर

### आंधी में ढहे पेड़ के नीचे दब जाने से किशोर की मौत

**कुशीनगर।** तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश के दौरान तमकुहीराज



इलाके के मठिया बुजुर्ग गांव में ढहे लिपस्टिक के पेड़ के नीचे दब जाने से एक किशोर की मौत हो गई। किशोर रात्रि मे गिरे पेड़ को हटा रहा था उसी समय लिपस्टिक का दूसरा पेड़ उसके ऊपर आ गिरा। इस हादसे से गांव में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव में चौदह वर्षीय आयुष यादव पुत्र राजेश यादव ने रात मे गिरे पेड़ को आज सुबह घर के पास से हटा रहा था। उसी समय घर के पास खड़ा लिपस्टिक का एक पेड़ तज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण धराशायी हो गया। आयुष उसी के नीचे दब गया। इसकी जानकारी होते ही गांव के लोग दौड़े और उसे जैसे – तैसे तमकुहीराज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना तालाब



**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** कल से जारी मूसलाधार बारिश ने फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है। सरकारी अस्पताल का पूरा परिसर पानी से लबालब हो गया है दृश्य किसी तालाब से कम नहीं। बारिश का पानी अस्पताल के लेबर रूम, वार्ड, दवा काउंटर, यहाँ तक कि डॉक्टर और कर्मचारियों के आवासों तक जा पहुंचा, जिससे वहां रखे बिस्तर, फर्नीचर और जरूरी सामान तक डूब गए। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रवेश द्वार से लेकर इमरजेंसी वार्ड तक पानी भरा होने के कारण मरीजों और तीमारदारों को घुटनों तक पानी पार करना पड़ा। इसके बावजूद तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी अपनी ड्यूटी पर डटे रहे और आने वाले मरीजों का इलाज करते रहे। कस्तूरबा गांव से आए सहाजन प्रसाद ने कहा कि अस्पताल के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं बचा, चारों तरफ पानी ही पानी है। मरीज को लेकर कहां जाएं समझ नहीं आ रहा।तेज बारिश से न केवल अस्पताल बल्कि आसपास का पूरा इलाका ब्लॉक परिसर, बिजली सब स्टेशन और मुख्य सड़कें सब जलमग्न हो गए हैं। इससे आमजन की आवाजाही ठप हो गई है। तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है और वे स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।स्थानीय लोगों ने कहा कि हर साल बारिश में यही हाल होता है, लेकिन जल निकासी की कोई पुख्ता व्यवस्था अब तक नहीं की गई। यह हालिया बरसात प्रशासन की लापरवाही और योजना की विफलता का जीता–जागता उदाहरण बन गई है।

### तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

**मऊ।** जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस



का आयोजन तहसील सदर में हुआ। जनसुनवाई के दौरान कुल 26 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 02 शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर टीम भेजी गई। आज प्राप्त कुल शिकायतों में से 11 राजस्व विभाग, 03 पुलिस विभागएवं शेष अन्य विभागों से संबंधित थी। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। विशेष कर राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु उन्होंने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त संयुक्त टीम को मौके पर भेज कर शिकायत को निस्तारित करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का समय बद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और पीड़ितों को न्याय दिलाने में लापरवाही ना करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गयी गांधी व शास्त्री जी की जयंती

**हाटा (कुशीनगर)।** हाटा तहसील क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज हाटा के परिसर में विधायक मोहन वर्मा ने गांधी जी मूर्ति माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किया। इस अवसर वरिष्ठ भाजपाई अश्वनी तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष मुंशी सिंह , प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी,शिक्षक ओमप्रकाश,अजय वर्मा, धर्मेंद्र त्रिपाठी, दयाशंकर मिश्र, श्रद्धा चौबे, प्रबंधक अविनाश मिश्र, पूर्व विधायक पवन केडिया, अवनीश कुशवाहा, विवेक मिश्र, राम सुमिरन मौर्य, राजेन्द्र प्रसाद, वरुण त्रिपाठी,शालू मिश्रा, एनसीसी के कैडेट मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि जहां आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी का योगदान रहा वहीं शास्त्री जी की उपलब्धियों को भी नहीं भूलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी अपने प्रधानमंत्री काल मे जय जवान– जय किसान का नारा देकर किसानों व जवानों की भूमिका को देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह ने झंडा फहराया तथा गांधी व शास्त्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर सभासद मनीष रुंगटा, फणीन्द्र मिश्रा, विनय सिंह,पन्नेलाल सिंह, विनय प्रताप सिंह सहित निकाय कर्मी पंकज भरद्वाज, रमाशंकर गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

# तीन निर्माण परियोजनाओं के पूरा न होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

» जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एमडी को भेजा पत्र

विश्ववार्ता संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले की तीन महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं के पूरा करने की तिथियां कभी की बीत चुकी हैं , लेकिन इन परियोजनाओं के कार्य अधूरे पड़े हैं। इन तीनों परियोजनाओं की कार्यदायी एजेंसी यूपीआरएनएसएस है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने नाराजगी जतायी है कार्यदायी एजेंसी के गोरखपुर निर्माण प्रखंड के अधिकारियों पर कुशीनगर जिले की परियोजनाओं को पूरा कराने में रुचि न लेने का आरोप लगाते हुए इस एजेन्सी के प्रबंध निदेशक को इस हेतु जिम्मेदार अधिकासरियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की अपेक्षा की है।

जिलाधिकारी ने यूपीआरएनएसएस के प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में बताया है कि पिछले दिनों हुई बैठक में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस के निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर द्वारा जनपद कुशीनगर में विभिन्न विभाग के कार्यों को कराया जा रहा है। संबंधित परियोजनाओं को पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो गयी है. परन्तु अबतक कार्यदायी संस्था द्वारा न तो कार्य को पूर्ण कराया गया है और न ही कार्य पूर्ण करने की तिथि को संशोधित कराया गया। इसके कारण सीएम डैश बोर्ड पर जनपद की रैंकिग प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि यूपीआरएनएसएस के निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर द्वारा इस जनपद में पडरौना बस स्टेशन के पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित थी। लेकिन अब तक की भौतिक प्रगति मात्र 82% ही है। जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस पर लार्ड बुद्धा पार्क के सुन्दरीकरण का कार्य 06 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना था, परंतु अभी तक 62% पूर्ण है। इसी तरह जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्टस स्टेडियम में बाल तरण ताल का निर्माण कार्य 14 सितंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना था, परंतु अभी तक भौतिक प्रगति 88% ही है।

पत्र में जिलाधिकारी ने कहा है कि यह प्रतीत होता है कि यूपीआरएनएसएस के निर्माण प्रखंड गोरखपुर के अधिशासी अभियंता द्वारा इन निर्माण कार्यों में कोई रुचि नहीं ली जा रही है, जो विभागीय कार्य के प्रति उदासीनता को द्योतक है। इनको समय से पूर्ण न करने एवं लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में प्रभावी कार्रवाई किये जाने की अपेक्षा की गई है।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु बैठक संपन्न

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की अंतर विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक आज कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान ए सीएमओ ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसी दौरान दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर के मध्य चलेगा। उन्होंने बताया कि समस्त ओरिएंटेशन के कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं दस्तक अभियान से संबंधित प्रशिक्षण कार्य भी पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा दस्तक अभियान से संबंधित आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण कार्य समस्त स्वास्थ्य अधीक्षकों के द्वारा 3 से 8 अक्टूबर के मध्य पूर्ण होगी। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को अभियान के प्रथम दिन से ही विशेष प्रयास कर इसकी सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया चतुर्थ कौशल दीक्षांत समारोह

» समारोह का पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**मऊ।** आज राजकीय आई०टी०आई० परिसर मऊ में कौशल दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शप्रवीण गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मऊ रहे। मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया एवं संस्थान में विभिन्न व्यावसाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल दिया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि लाभार्थी मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर जनपद स्तर, मण्डल स्तर एवं राज्य स्तर पर प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन करें। प्रत्येक प्रशिक्षार्थी शासन के रूची के अनुसार रोगगार प्राप्त करने वाला न बने रोजगार देने वाला बने। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का विजन देश को 2047 तक विकसित देश बनाने का है इसमें आप सभी की भागीदारी सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत तेजी के साथ ग्रोथ कर रहा है और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसारित है। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि जो भी छात्र जिस क्षेत्र में जाना चाहता है वह उसे क्षेत्र में जाने के लिए लगनतापूर्वक कार्य करें एवं निरंतर आगे बढ़े। नोडल प्रधानाचार्य अरूण यादव ने बताया गया कि उप्र सरकार के निर्देश के क्रम में विगत चार वर्षों से संस्थान में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया जिससे उनका मनोबल बढाया जा सके।

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस व विजयादशमी पर डीएम ने दी जनपद वासियों को बधाई

**कुशीनगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पूरे जिले में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर जिला मुख्यालय रविन्द्रनगर धूस स्थित कलेक्ट्रेट के परिसर में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात उन्होंने दोनों महान विभूति की चित्रों पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियो के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। फिर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन 'रघुपति राघव राजा राम' गाया। इस अवसर पर डीएम ने दशहरा, गांधी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

# घण्टों बाधित हुआ प्रतिमा विसर्जन कार्य

विश्ववार्ता संवाददाता

**कप्तानगंज(कुशीनगर)।** नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के समय प्रशासन के खिलाप नारे लगे।वही प्रतिमा जाने वाले सकरा होने के कारण तीन घण्टे तक भीषण वर्षात में दर्जनों प्रतिमाएं लाइन में खड़ी रही। प्रशासन के सूझ बूझ के चलते रास्ता खुला उसके बाद तड़के सुवह इनका विसर्जन हो पाया। जिसके चलते पूरी रात बिजली सप्लाई बंद रही उसके बाद मेनलाइन खराब होने के चलते नगर सहित ग्रामीणों क्षेत्र में 24 घंटे बिजली सप्लाई नहीं मिली ।

कप्तानगंज कस्बे में देर शाम दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्य शुरू हुआ।कस्वे के आजाद चौक व नगर पंचायत कार्यालय के सामने विभिन्न समिति सदस्यों ने प्रशासन पर समुचित ब्यवस्था नही किये जाने,यातायात को



सुब्यवस्थित नही किये को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।और प्रशासन के खिलाप नारेवाजी किया गया। छावनी रोड़ पर एक पुरानी मकान के ऊपर बने बरजा के कारण प्रतिमाओं का मार्ग अवरुद्ध हो गया। विभिन्न समिति के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए।उनका आरोप था कि समस्या के निराकरण को लेकर पूर्व में प्रशासन को अवगत कराया गया था।इसके बाद भी समस्या का समाधान नही किया गया।इसके बाद हुए हंगामे के बाद मौके पर सीओ कुंदन सिंह, एसडीएम विनोद गुप्ता द्वारा समस्या का समाधान कराया।लेकिन इसके कारण 3 घण्टे से अधिक समय तक एक किमी लंबी प्रतिमाओं का काफिला रुका रहा।समस्या समाधान के बाद 2 बजे के बाद प्रतिमाएं आगे विसर्जन के लिए बढ़ी।

एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि मकान का बरजा मां दुर्गा की प्रतिमा से टकरा रही थी जिसके चलते प्रतिमा आगे नहीं निकल रही थी बरजा तोड़ने को लेकर समितियों के कार्यकर्ताओं और मकान के मालिक के बीच नोक झोंक हुआ। समझा बुझा कर बरजा के थोड़े से हिस्से को तोड़ा गया और मूर्ति विसर्जन करा दिया गया।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसहा की टीम बनी ओवर ऑल चैंपियन

विश्ववार्ता संवाददाता

**कसया (कुशीनगर)।** संसद खेल महोत्सव के तहत विकास खंड कसया के कंपोजिट स्कूल सिरसिया में न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें न्याय पंचायत बेलवा दुर्गा राय के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हुनर व कौशल का प्रदर्शन किया।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसहा की टीम ओवर आल चौंपियन रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर के अध्यक्ष राजेश शुक्ल व प्रधानाध्यापक नीरज श्रीवास्तव ने झंडी दिखा कर किया। राजेश शुक्ल ने कहा की खेल प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में सहायक साबित होती है। अब बच्चे खेलों के माध्यम से अपना भविष्य भी सवार सकते हैं।

जूनियर बालक वर्ग खो-खो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसहा व कुरमौटा के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय भैंसहा की टीम विजयी रही।खो खो प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय कुरमौटा विजेता तो सिरसिया उपविजेता रहा।जूनियर बालक कबड्डी भैंसहा विजेता व कुरमौटा की टीम उपविजेता रही।

प्राथमिक स्तर बालक कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय नीबी खोराबार विजेता तो कुरमौटा की टीम उपविजेता रही।बालिका प्राथमिक स्तर पर कुरमौटा विजेता तो मिश्रौली उपविजेता रही।बालिका जूनियर स्तर कबड्डी में भैंसहा विजेता तो सिरसिया की टीम उपविजेता रही।

जूनियर स्तर बालकों के 50 मीटर में बेलवा के सैफुल्लाह प्रथम व भैंसहा के इरसाद अंसारी द्वितीय रहे।100 मीटर दौड़ में भैंसहा के इरसाद प्रथम तो बेलवा के सैफुल्लाह द्वितीय स्थान पर रहे।जूनियर स्तर बालक 200 मीटर दौड़ में भैंसहा के अब्दुल कादिर प्रथम व इरसाद द्वितीय रहे।बालिका जूनियर स्तर 50 मीटर में सिरसीया की सोनी भारती विजेता तो भैंसहा की चांदनी उपविजेता रही।100 मीटर दौड़ में भैंसहा की करिश्मा विजेता तो सिरसीया की काजल उपविजेता रही।बालिका 200 मीटर में भैंसहा की करिश्मा प्रथम तो बेलवा दुर्गाराय की रीना गौंड उपविजेता रही।खेल के उपरांत विजयी बच्चों को बीईओ अशोक यादव के द्वारा पुरस्कार दिया गया।

खेल का संचालन दिलीप सिंह, हरिंद्र चौरसिया, धर्मेन्द्र दूबे व कृष्ण मोहन के द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन आयोजक महेंद्र सिंह ने किया।इस अवसर पर यशोदानंद द्विवेदी,अमित राय,अनूप गुप्त, बदरुज्जमा सिद्दीकी, नीतू श्रीवास्तव, प्रियंवदा शर्मा, किरण वर्मा, सुनीता सिंह, सीमा राव, अमर प्रकाश पाण्डेय, राघवेंद्र सिंह, स्नेहा तिवारी, सुधीर राव, अनुराधा तिवारी,अरविंद सिंह, अरुणेश मिश्र,दयानंद यादव, ऋषिकेश सिंह,असदुल्ला अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया वन स्टॉप सेंटर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परदहा का आकस्मिक निरीक्षण

» वन स्टॉप सेंटर में बच्चियों का ठीक ढंग से काउंसलिंग कर समाज में दिलाए उचित स्थान

विश्ववार्ता संवाददाता

**मऊ।** आज जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने वन स्टॉप सेंटर एवं परदहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। वन स्टॉप सेंटर पर वर्तमान में लगभग 20 वर्षीय एक मानसिक रोगी महिला है, जिसके बारे में उन्होंने संबंधित स्टाफ से पूछताछ की। मौके पर दो रसोईया उपस्थित मिले तथा काउंसलर एवं सोशल वर्कर फील्ड विजिट पर पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर एवं रसोई घर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को वन स्टॉप सेंटर पर उपस्थित कर्मचारियों के माध्यम से बच्चियों का ठीक ढंग से काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में पुलिस का भी सहयोग लेने को कहा तथा वन स्टॉप सेंटर में आई बच्चियों को समाज में उचित स्थान दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी भी उपस्थित रही।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परदहा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिसिन स्टॉक का निरीक्षण किया तथा स्टॉक रजिस्टर से उसका मिलान भी किया।

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चलाई जाने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को सरकार द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य सुविधाएं आम नागरिकों को समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**आंधी–पानी** जगह–जगह बिजली की तार लाइनों के सैकड़ों खंभे एवं तारों के टूट कर धराशायी होने से लगभग पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति ठप

# तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

» धान और गन्ने की फसलें धराशायी, सैकड़ों पेड़ टूटे–ढहे

विश्ववार्ता संवाददाता





**कुशीनगर।** तीस - पैंतीस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के साथ करीब बीस घंटे हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। कल यानी बीते शुक्रवार की शाम बारिश का शुरू हुआ सिलसिला आज अपरान्ह तीन बजे तक लगातार जारी रहा। कल शाम से लेकर आज अपरान्ह तीन बजे तक सवा सौ मिमी से भी ज्यादा बारिश हुई बतायी जा रही है। ग्रामीण इलाकों जे लेकर शहर - कस्बों तक में सड़कों पर पानी भर गया। बारिश और हवा इतनी तेज रही कि लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। शहर - कस्बों की गलियों में तो गंदी नालियों का पानी भर गया था। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घरों से निकले। बारिश का सबसे ज्यादा खराब असर फसलों और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ा है। जगह - जगह पेंड उखड़ - टूट कर गिर गए हैं। बिजली की तार लाइनों के तार और खंभे जगह - जगह टूट कर जमीन पर आ गए हैं। इसकी वजह से लगभग पूरे जिले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गयी , जिसे बिजली विभाग वाले बहाल करने की जुगत में लगे हुए हैं। धान और गन्ने की फसलें धराशायी हो गयी हैं। शीघ्र पकाने वाली किस्म के धान की बालियां पानी में डूब गई है और उनके सड़ कर नष्ट हो जाने की आशंका ने किसानों को बेचैन कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी जिले में मूसलाधार बारिश के आसार हैं।

वहीं बारिश के दौरान आई तेज हवा के चलते जिले भर में बिजली के सैकड़ों खंभे टूट गए हैं। बिजली के तार पर जगह-जगह पेड़ गिरने से करीब किलोमीटर तक बिजली के तार टूट कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं , जिसे दुरुस्त करने में बिजली निगम के कर्मचारी बारिश रूकते ही जुट गए हैं। सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है। पूरे सावन माह छिटपुट बारिश हुई। भाद्रपद शुरू होने पर भी बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान बेहाल किये हुए थी। लेकिन अश्विन माह के दूसरे पक्ष के उत्तरार्द्ध में मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छाने के साथ जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इससे उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को मामूली राहत मिली।

इसी बीच कल आसमान में बादल छाने के साथ बूंदाबादी शुरू हो गई और शाम होते ही बारिश तेज होने लगी। आधी रात से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई , जो आज अपरान्ह दोपहर करीब तीन बजे तक जारी रही। लागातार बारिश के चलते शहर के कठकुईयां मोड़ पर घुटने भर पानी एकत्र हो गया। सड़क के अलग-बगल की दुकानों में बारिश का पानी घुस गया है।

वहीं शहर के गरूण नगर, नौकाटोला, चंद्रगुप्त मौर्य नगर, तुलसी आवास विकास कॉलोनी, मुन्ना कॉलोनी, ओंकार वाटिका और साहबगंज उत्तरी बंजारीघाट समेत कई मोहल्लों की सड़कों और लोगों के घर में पानी घुस गया। नौका टोला के बिक्की रंगरेज, समशेर अंसारी, नियाज अंसारी, हरि जायसवाल आदि ने बताया कि जब भी बारिश होती है , मोहल्ले में इसी तरह के हालात हो जाते हैं। मोहल्ले के अधिकांश लोगों के घर में पानी घुस गया है।

## एक नजर

### मूर्ति विसर्जन में जा रहे दो युवकों की सडक हादसे में मौत

**जरवल,बहराइच।** मूर्ति विसर्जन में घाघराघाट जा रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्द नाक मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे जरवलरोड के आस पास की दर्जनों मूर्तियों के साथ भक्त नाचते झूमते घाघरा घाट की तरफ जा रहे थे। मूर्तियों का काफिला जैसे ही कुड़वा ओवर ब्रिज के पास पहुंचा। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मूर्ति यात्रा में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक पर बैठे दोनों युवकों की पिछली पहिए के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बम्भौरा मजरा बरुहा निवासी उम्र 40 वर्षीय वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र राज बहादुर के रूप में हुई है। जबकि दूसरे का चेहरा क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है थानाध्यक्ष निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया दूसरे मृतक की पहचान कराने की कोशिश का जा रही है।

### नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म्स के समर्थन में रेहरा बजार ब्लॉक में प्रस्ताव पारित




**बलरामपुर।** रेहरा बजार ब्लॉक परिसर में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक में नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म्स के समर्थन में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लागू किये जा रहे ये जीएसटी सुधार न केवल ऐतिहासिक है। बल्कि दूरगामी आर्थिक प्रभाव वाले भी है। उन्होंने कहा कि नई कर प्रणाली को सरल ,पारदर्शी और जनहितकारी बनाया गया है। जिसका सीधा लाभ किसानों ,व्यापारियों,मध्यम वर्ग,महिलाओं युवाओं और ग्रामीण ,जनता को मिलेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण,ग्राम प्रधान ,क्षेत्र पंचायत सदस्य और व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव का समर्थन किया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि इन सुधारो से खासकर छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और ईज आफ डूइंग बिजनेस की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है।

### भारतीय किसान परिषद के हस्ताक्षर युक्त सामूहिक ज्ञापन कृषि मंत्री सौंपा



**बहराइच।** कृषि मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही जनपद प्रभारी मंत्री के जनपद में आगमन पर महामना मालवीय मिशन व भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में संचालन द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान विषमुक्त खेती - नशामुक्त गांव को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराने हेतु हस्ताक्षर युक्त सामूहिक ज्ञापन दिया गया। महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष अवध संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट प्रदेश संयोजक किसान परिषद ने कृषि मंत्री को अवगत कराया कि खेती किसानी में धडल्ले से रासायनिक उर्वरकों तथा कीट नाशक रासायनिक दवाइयों का उपयोग किया जा रहा है जिसके चलते खेती योग्य जमीन बांझ हो रही है मित्र कीट भी नष्ट हो रहे है। कृषि उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है। रसायन युक्त खाद्यान्न पदार्थों का उपयोग करने से मानव जीवन में नित नई नई घातक बीमारियां भी बढ़ रही हैं अब मानव जीवन सुरक्षित नहीं रह गया है। मालवीय मिशन व किसान परिषद प्रतिनिधि मंडल ने कृषि मंत्री से आग्रह किया कि कृषि विभाग व कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त कर्मचारी , अधिकारी व वैज्ञानिकों के माध्यम से लगातार जन जागरण अभियान चलाकर रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाईयों के दुष्प्रभावों से आमजन को अवगत कराया जाए तथा किसानों को बेहतर विकल्प कंपोस्ट खाद,गोबर खाद, नीम की खली व जैविक खाद्य उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए ताकि धरती हरीभरी रहकर पर्यावरण मानव जीवन के अनुकूल बना रह सके। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से किसान परिषद जिला संयोजक महेंद्र सिंह सेंगर , जिला मंत्री योगाचार्य सुशील बाजपेई , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, उपाध्यक्ष जय चंद सोनी एडवोकेट,नानपारा संयोजक शिव पूजन सिंह , अध्यक्ष केशव पाण्डेय , गायत्री चेतना केंद्र प्रबंधक प्राचार्य आरपीएन श्रीवास्तव, पर्यावरण विद प्रेम चंद व समाजसेवी ई 0 राधेश्याम श्रीवास्तव,प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे।

# दुर्गा प्रतिमाओं को नम आंखों से किया विदा

## चप्पे चप्पे पर तैनात रहे महासमिति के पदाधिकारी,भोर पहर तक चला विसर्जन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमाओं का महाविसर्जन दुर्गा पूजा महासमिति व जिला प्रशासन के समन्वय से सकुशल सम्पन्न हो गया। विसर्जन का दौर भोर पहर तक चलता रहा। ढोल, नगाड़ो की थाप पर माता के भक्त जयकारे लगाते हुए दुर्गा प्रतिमाओं को नम आंखों से विदा किया।

महाविसर्जन को लेकर दुर्गा पूजा महासमिति व जिला प्रशासन ने वेल प्रूफ व्यवस्था कर रखी थी। एक तरफ महासमिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मोर्चे पर डटे रहे तो दूसरी ओर पुलिस के जवान भी विसर्जन को सकुशल सम्पन्न करवा रहे थे। महासमिति के अध्यक्ष सुदामा की अगुवानी में घंटाघर चौक पर दुर्गा प्रतिमाओं का स्वागत कर रहे थे। महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने सकुशल विसर्जन के लिए पदाधिकारियों, तहसील व थाना प्रमुखों,नगर पालिका एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। महासमिति के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि महासमिति व जिला प्रशासन के आपसी समन्वय से महाविसर्जन को सकुशल सम्पन्न करवाया गया है। उन्होंने बताया कि महासमिति के पदाधिकारी चप्पे चप्पे पर तैनात थे जो उपसमितियों को विसर्जन स्थल तक दुर्गा प्रतिमाओं को ले जाने में सहयोग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 1600 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई जिनका सकुशल विसर्जन किया गया। उन्होंने सकुशल विसर्जन के जिला प्रशासन, पदाधिकारियों, सदस्यों व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय हो कि माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नवमी तिथि से ही शुरू हो जाता है जो एकादशी तिथि तक चलता रहता है।

महाविसर्जन के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में मेले जैसा दृश्य दिखाई पड़ा। भीषण बारिश भी माता के भक्तों का उत्साह कम न कर पायी। माता के भक्तो के लिए जगह जगह प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम देखने को मिला। भोर पहर तक मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा।

## सीओ कैसरगंज बालिकाओं को दी मिशन शक्ति के बारे में जानकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कैसरगंज,बहराइच।** पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने मिशन शक्ति के सिलसिले में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज में पहुंचकर बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी दी। रवि खोखर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत बहन बेटियां बेझिझक होकर अपने घर से स्कूल कॉलेज ही नहीं हर जगह स्वतंत्र होकर कभी भी आ जा सकती हैं।

किसी शरारती व्यक्ति के द्वारा गन्दी हरकत करने पर तत्काल प्रभाव से वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1090 1076 112 एवं अपने नजदीकी थाने में अपनी शिकायत तत्काल दर्ज कराये। ताकि हम पुलिस वालों को क्षेत्र में हो रही घटनाओं के बारे में जानकारी मिल सके ताकि गंदे विचारधारा वाले व्यक्तियों की सही समय पर पुलिस उनका इलाज कर सके सीओ कैसरगंज रवि खोखर ने अपने सख्त लहजे में कहा कि बहन बेटियों की इज्जत आबरू से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं है।

अगर किसी व्यक्ति ने बहन बेटियों की इज्जत के खिलाफ षड्यंत्र रचने की कोशिश की तो उन के खिलाफ कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कैसरगंज कोतवाली की महिला कांस्टेबल महिला आरक्षी सब इंस्पेक्टर बीट महिला पुलिस अधिकारी मौजूद रही।

# मृत किसानों को परिजनों दिए 50-50 हजार के चेक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जरवल,बहराइच।** धनराजपुर में आकाशीय बिजली से मृत किसानों के परिजनों को सपा सुप्रीमो ने 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भेजी है,जिसे समाजवादी पार्टी ने मृतक के परिजनों को सौंप दिया है। जरवलरोड के मोहम्मदपुर खुर्द धनराजपुर निवासी पेशकार उम्र 45 वर्ष पुत्र रामअचल और राम सूरत उर्फ भल्लर उम्र 50 वर्ष पुत्र हरपाल गांव के लोगों के साथ मावेशी चराने नदी के तट के किनारे गए हुए थे। बारिश से बचने के लिए दोनों छाता लगाकर उसी के नीचे बैठ गए। गरज चमक और कडक के साथ दोनों के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई थी।

समाजवादी पार्टी के कैसरगंज विधायक आनन्द यादव और सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नरायन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा भेजा गया 50-50 हजार रुपये का चेक मृतक के परिजन मीरा देवी व साहेबदीन को सौंपा। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी दुख की इस घडी में आपके साथ है।

सपा सुप्रीमो ने आगे भी परिवार को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर हरनाम यादव,राकेश राव, रंजन यादव, अतीक अहमद, सुनील यादव,मनीष यादव, शत्रोहन, सांवल, हुसैनी यादव, प्रदीप यादव, मायाराम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदाय भिड़े, 20 से अधिक घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» बांके जिले के पिपरहवा गांव में पत्थरबाजी का विरोध करते लोग

**रुपईडीहा,बहराइच।** पड़ोसी नेपाली जिला बांके के कुछ स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों में झड़प हो गयी। इस घटना में 3 पुलिस कर्मियों सहित 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए बांके के एसपी अंगूर जीसी ने बताया कि सभी घायलों की अवस्था सामान्य है।

झड़प में हुई हत्या को उन्होंने अफवाह बताया। उन्होंने कहा कि किसी ने गलत अफवाह फैला दी। किसी की जान नही गयी है। जिले के मुख्य 3 स्थानों पर झड़प हुई है। एक समुदाय ने घरों के ऊपर से प्रतिमा विसर्जन के जुलूस पर पत्थरबाजी की गई। जिससे कई श्रद्धालुओं के सिर फूट गए। ये स्थान हैं भारतीय सीमा से सटा गांव पिपरहवा, सुइयां व फुलटेकरा। इन तीनो स्थानों को पुलिस ने नियंत्रण में ले लिया है। शांति व्यवस्था कायम है। एसपी ने सभी से आग्रह किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। शांति व्यवस्था कायम रखते हुए संयमित रहने की अपील की है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना सादुल्लानगर की एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम महिला उप निरीक्षक तेजल पटेल, महिला आरक्षी पूजा चौधरी, महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव तथा आरक्षी अनिल नायक द्वारा अमीना कान्वेंट स्कूल, कम्मरपुर में छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा एवं गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी दी गई तथा छात्रों को साइबर अपराधों जैसे OTP शेयरिंग, लकी ड्रा, स्मार्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि से बचाव के उपाय बताए गए।

## पक्के घाट पर संपन्न हुआ अस्सी से अधिक मां के प्रतिमाओं का विसर्जन

**फखरपुर,बहराइच।** क्षेत्र के लगभग 80 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पक्के घाट पर किया गया। जिसमें बाबा दिगंबर पुरी दुर्गा पूजा समिति पहिया राजापुर, सुपनी, भूपानी जगतापुर की मूर्तियां सहित फखरपुर की अन्य प्रतिमाओं सहित बौंडी थाना क्षेत्र की मूर्तियां शामिल रहीं। विसर्जन देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे । पक्के घाट पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। भिलौरा बांसू समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान क्षेत्र के सुखद राज सिंह, रणवीर सिंह मुन्ना भैया, पेशकार यादव, बनवारी लाल कौशल, अनिल कौशल,धीरेन्द्र सिंह, सतीश पांडेय, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता विसर्जन के दौरान कोई घटना ना घटे इसके लिए चौकसी बनाए हुए थे।

## भजनु की मौत से उठ गया परिवार जनों के सर का साया

» दो दिन पूर्व ट्रेक्टर ट्राली से घर वापस जाते समय हुआ था हादसा जिससे गम्भीर रूप से हुए थे घायल इलाज के दौरान की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** गुमडी घाट से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौटते समय गुरुवार को उतरौला–गोण्डा मार्ग राजेंद्रगंज चौराहे के पास हुए ट्रैक्टर हादसे ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दिनेश कुमार वर्मा उर्फ भजनू (40) पुत्र रामसागर निवासी ग्राम गुमड़ी (तिवारीपुरवा) ने इलाज के दौरान शनिवार सुबह बस्ती के सूर्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मृतक दिनेश टेंट हाउस में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया है। पीछे पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा रह गए हैं, जिनकी उम्र 11 वर्ष से कम है। परिजनों ने बताया कि करीब दो साल पहले ही दिनेश की मां की सड़क हादसे में मृत्यु हो चुकी थी। अब बच्चों के सिर से पिता का साया भी उठ गया, जिससे परिवार पूरी तरह टूट गया है।

मृतक के छोटे भाई विकेश वर्मा ने थाना श्रीदत्तगंज में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर चालक अमरेश कुमार वर्मा निवासी पटियाला ग्रिंट (सरहसवा) शराब के नशे में तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने गति कम नहीं की और ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# कूड़े के ढेरों के दुर्गन्ध से राहगीरों का चलना दुश्वार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**रुपईडीहा, बहराइच।** नगर पंचायत में सुबह शाम हो रही सफाई तो प्रशंसनीय है। परंतु दो स्थानों पर लगे कूड़े के ढेरों से संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नगर पंचायत ने कहीं गड्ढा खोदकर कूड़े का निस्तारण नहो किया। स्टेशन रोड, बजाजा मार्केट, एनएच 927, मालगोदाम रोड की सुबह शाम दर्जनों सफाई कर्मियों द्वारा की जा रही सफाई की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

सुबह व शाम सफाई होने के बाद गृह स्वामी व दुकानदार फिर कूड़ा सड़कों पर डाल रहे हैं। नगर पंचायत द्वारा बार बार अपील करने के बाद भी इसमें सुधार नही हो रहा है। रुपईडीहा के पश्चिम दोंदरा नाले व स्वर्ग धाम के पास कूड़े का ढेर लगा है। इसमें सड़े गले जानवरों के अपशिष्ट भी बोरों में भरकर भेके जा रहे हैं। सब्जी मंडी की सड़ी सब्जियां भी फेंकी जा रही हैं। छुट्टा जानवर इसमें मुंह मारकर सड़क तक फैला रहे हैं। जिससे रुपईडीहा के पश्चिमी गांव पोखरा, पचपकरी, रंजीतबोझा, माधवपुर निदौना व शिवपुर मोहरनिया व पंडित पुरवा आदि दर्जनों गांवों के लोग व विद्यार्थी इसी मार्ग से होकर रुपईडीहा आते व जाते हैं। इसी कूड़े के ढेर के सामने कब्रिस्तान है।

जिससे कब्रिस्तान, आईसीपी व स्वर्गधाम आने जाने वाले लोगों को इस दुर्गंध भरे वातावरण से गुजरना पड़ता है। यही हाल मुस्कान होटल के सामने डंप कूड़े का है। दोनो स्थानों के कूड़े का निस्तारण स्वास्थ्य को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर पंचायत रुपईडीहा आदर्श नगर अधिशाषी अधिकारी राम बदन यादव से इस समस्या के बारे में बात की गई। तो उन्होंने कहा कि मांस बेचने वालों व सड़ी सब्जी बेचने वालों को नोटिस दी जा रही है। उन्होंने फैल रही दुर्गंध को स्वीकार करते हुए कहा कि कर्मचारियों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि उसकी व्यवस्था करें।

# वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कैसरगंज,बहराइच।** प्रदेश के मंत्री कृषि,कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग,प्रभारी मंत्री जनपद सूर्य प्रताप शाही ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उच्चापाही भिरगूपुरवा, ग्राम मझारा तौकली पहुंच कर पिछले दिनों वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर मृतक दम्पत्ति के पुत्र छब्बर व ओमप्रकाश से भेंट कर हार्दिक सांत्वना व्यक्त की तथा अनुमन्य अहेतुक सहायता का स्वीकृति पत्र भेंट किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा की इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी।

प्रभारी मंत्री श्री शाही ने पंचायत भवन मंझारा तौकली में संचालित किये जा रहे अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं तथा एण्टी रेबीज़ इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर औषधि का वितरण कराया जाय। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव से हिसंक वन्यजीवों के रेस्क्यू के सम्बन्ध में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रभारी कार्यवाही करते हुए प्रभावित ग्रामों को हिंसक वन्यजीवों की समस्या से मुक्त कराया जाय। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मुन्ना व विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, तहसीलदार मीना गौड़, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीमा जागरण मंच के बैनर तले आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता

**मिहींपुरवा,बहराइच।** भारत नेपाल सीमा के समीप सेमरहना स्थित एसपीबीपी इंटर कॉलेज में सीमा जागरण मंच के बैनर तले शनिवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ समाजसेवी शांति रावत, सीमा जागरण मंच के प्रान्त संगठन मंत्री अमरनाथ, प्रांत महामंत्री अनिल कुशवाहा, जिला महामंत्री योगेन्द्र मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के उपरान्त प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त पर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा सीमा मां जागरण मंच के समस्त पदाधिकारी तथा अतिथियों का चंदन तिलक व बैच लगाते हुए अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बालिका तथा बालक वर्ग के अलग-अलग 10 टीम में शामिल रही। कार्यक्रम के उपरान्त खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।

## खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर ग्रिंट (पुराना हाता) की खलिहान भूमि गाटा संख्या 724 पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्रामीण अंसार अली पुत्र अब्दुल मजीद ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस उतरौला में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल निर्माण रोकने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि विपक्षी बलराम पुत्र महादेव ग्रामसभा की खलिहान भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है। यह निर्माण ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल की मिलीभगत से हो रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक पूर्व में कई बार लिखित सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि विपक्षी द्वारा चारदीवारी खड़ी कर छत डालने की तैयारी कर ली गई है। हल्का लेखपाल निष्पक्ष पैमाइश करने के बजाय पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। आरोप है कि पैमाइश के दौरान बिना सूचना दिए कार्यवाही की गई और आपत्ति जताने पर शिकायतकर्ता को गालियां व धमकियां दी गईं।

अंसार अली ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गाटा संख्या 724 पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए, किसी अन्य निष्पक्ष लेखपाल से पैमाइश कराई जाए और दोषी ग्राम प्रधान व लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

## मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याए

» सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध करें निस्तारित- जिलाधिकारी

» सम्पूर्ण समाधान मनकापुर में 5 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**विश्ववार्ता संवाद**

**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील मनकापुर में कुल 101 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।

शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार बभनी पायर मनकापुर चंदन जयसवाल, नायब तहसीलदार मनकापुर अनिल कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीओ अजय प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, खंड विकास अधिकारी मनकापुर, छपिया, बभनजोत, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति** नवमी से शुरू हुआ ‘मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद’, मिशन शक्ति 5 .0 को मिलेगा नया आयाम

# नवमी से शुरू हुआ ‘मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद’, मिशन शक्ति 5.0 को मिलेगा नया आयाम

» मण्डलायुक्त की पहल, महिलाओं व बच्चों को मिलेगा सुरक्षित और मजबूत मंच

**विश्ववार्ता संवाद**






**गोण्डा।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में देवीपाटन मंडल में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मंडल मुख्यालय पर मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम की शुरुआत नवमी के अवसर पर की गई थी।

आयुक्त ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनना और उनका समाधान करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह विशेष कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मंडल मुख्यालय पर शक्ति संवाद का आयोजन होगा, जिसमें महिलाओं और बच्चों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि समस्याओं की सुनवाई महिला अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी। इसके लिए महिला अधिकारियों को नामित किया गया है, जो पीड़ित पक्ष की बात ध्यानपूर्वक सुनेंगी और तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए कदम उठाएंगी। आवश्यकता पड़ने पर उसी दिन संबंधित अधिकारी या जांच टीम को मौके पर भेजकर तथ्यात्मक जांच कराई जाएगी ताकि किसी भी समस्या के निराकरण में देरी न हो।

महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु महिला हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी। साथ ही दूरभाष, मोबाइल कॉल और व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी शिकायतें प्राप्त की जाएंगी। आयुक्त ने कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि महिलाओं का विश्वास बढ़े और उन्हें न्याय तुरंत मिल सके।

उन्होंने यह भी बताया कि मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद केवल समस्याओं की सुनवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने का भी एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस कार्यक्रम से महिलाओं को यह संदेश जाएगा कि शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है और उनकी समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस पहल को मिशन शक्ति की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए इसे जनसहभागिता और महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की शिकायत को टालने या अनदेखा करने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। सभी प्रकरणों में संवेदनशीलता, गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई होनी चाहिए।

इस तरह मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम देवीपाटन मंडल में महिलाओं और बच्चों की समस्याओं के समाधान का एक नया मंच बनकर सामने आया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ मिशन शक्ति 5.0 को और अधिक प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

## एक नजर

### अंजान बना स्वास्थ्य महकमा, झोलाछापों का धंधा जोरों पर



कन्नौज। जिले का स्वास्थ्य महकमा किस तरह अपनी जिम्मेदारियों से आंखें मूंदे है, इसका ताजा उदाहरण ठठिया कस्बे के निकट देखने को मिला। यहां एक फार्मा क्लीनिक पर बिना मान्यता और डिग्री के मरीजों का इलाज हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्लीनिक पर अप्रशिक्षित नर्सें खुलेआम मरीजों को ड्रिप और इंजेक्शन लगा रही हैं। विशाल नामक व्यक्ति बिना पंजीकरण व चिकित्सीय योग्यता के इस अवैध केंद्र को संचालित कर रहा है। शिकायतों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका। गांववालों का आरोप है कि मौसमी बीमारियों के चलते गरीब मरीज झोलाछापों के पास इलाज कराने को मजबूर हैं, जिससे उनकी जानों से खिलवाड़ हो रहा है। इस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने कहा कि अवैध क्लीनिक और झोलाछापों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यदि यह मामला सही पाया जाता है तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि इलाज केवल पंजीकृत चिकित्सकों या सरकारी अस्पतालों से ही कराएं।

### एआरपी ने स्कूल में किया पौधारोपण नियमित योग के लिए किया प्रेरित



हरदोई। बावन ब्लॉक के एआरपी राजेंद्र दीक्षित शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय तौकलपुर पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों से सामान्य ज्ञान संबंधी कुछ प्रश्न पूछे। इसके बाद उन्होंने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां भी गणित, विज्ञान विषयों से संबंधित दीं। इसके बाद स्कूल की छात्राओं ने गीत पर योग प्रदर्शन करके दिखाया। योगाभ्यास के विभिन्न सिंगल, डबल और ग्रुप वाले विभिन्न आसन करके दिखाएं। जिसकी एआरपी श्री दीक्षित ने बहुत ही सरहना की। उन्होंने सभी छात्रों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से नियमित योग का अभ्यास करने का संकल्प भी लिया। इसी दौरान उन्होंने हरसिंगार का एक पौधा भी स्कूल के प्रधान अध्यापक राजकिशोर को स्कूल में लगाने के लिए दिया। प्रधानाध्यापक के साथ एआरपी श्री दीक्षित ने स्कूल में पौधारोपण किया।

### ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी

शाहाबाद। कोतवाली क्षेत्र के आगमपुर तिराहा पर स्थित स्नेहल ज्वेलर्स की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, शाहाबाद निवासी तेजस की उक्त दुकान से चोर करीब छह जोड़ी पायल व लगभग 400 ग्राम चांदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं चोरी की घटना से स्थानीय व्यापारियों में भय व्याप्त है।

### 8 अक्टूबर को होगा युवा उत्सव व विज्ञान मेले का आयोजन

हरदोई। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रबोध कुमार ने बताया कि एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विकसित भारत यंग लीडर 2026, युवा उत्सव एवं विज्ञान मेले का आयोजन 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे स्थान रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। युवा उत्सव में डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोक नृत्य (समूह),लोक गीत (समूह),कविता लेखन, इन्नोवेशन (साइन्स मेला प्रदर्शनी) आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे।युवा उत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह लोकनृत्य, समूह_लोकगायन, चित्रकारी, कविता, भाषण, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं एवं विज्ञान मेला में प्रस्तुतीकरण करके हुए एकल व समूह में प्रतिभाग कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी / कलाकार/युवा वैज्ञानिकों की उम्र एक सितम्बर को 15 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। उन्होंने युवा उत्सव और विज्ञान मेले को लेकर सभी इंटर कॉलेज, महाविद्यालय और सभी शिक्षण संस्थानों को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि विकसित भारत यंग लीडर 2026,युवा उत्सव एवं विज्ञान मेले में अधिक से अधिक बालक/बालिकाओं को 8 अक्टूबर स्थान गांधी भवन हॉल में प्रतिभाग कराने को कहा है।

### आल इंडिया हाकी टूर्नामेंट के लिए हाकी के तीन खिलाड़ी चयनित



हरदोई। हॉकी हरदोई संघ के सचिव गोपाल नारायण मिश्रा ने बताया कि 9वीं एसएनबीपी ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट 2025 में जो कि पुणे में हो रहा है। जिसमें जिले के 3 खिलाड़ी प्रतिभाग करने के लिए हॉकी हरदोई संघ द्वारा भेजे गए हैं। जिसमें ऋषभ गुप्ता, सूरज और दीपक कुमार इस टूर्नामेंट में जिले से प्रतिभाग करने के लिए गए हैं। सचिव श्री मिश्रा ने बताया कि यह तीनों खिलाड़ी जब वापस खेल कर हरदोई आएंगे तो इन सभी को सम्मानित किया जाएगा।

### गणेश पूजन के साथ शुरू हुआ 76वां श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा महोत्सव



हरदोई। आचार्य सुनील कुमार शास्त्री ने बताया कि 76वां श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा महोत्सव शुक्रवार को श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। वैदिक ब्राह्मणों ने श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। कार्यक्रम 7 अक्टूबर दिन तक चलेगा। रविवार को अरणी मंथन के द्वारा अग्नि भगवान प्रकट होंगे। महोत्सव 7 अक्टूबर को पूर्ण आहुति, कन्या भोज, भंडारा का होगा। मुख्य जजमान दिव्य प्रकाश अवस्थी ,ज्ञानदीप शुक्ला ने पूजन किया। संचालक रविंद्र नाथ सेठ, अनिल, मदन, रामविलास तिवारी, बबलू वर्मा सहित काफी संख्या में भक्तजन गणेश पूजन में सम्मिलित हुए। श्री राम कथा आचार्य सनत कुमार मिश्रा ने सभी भक्तों को अमृत कथा का रसपान कराया। प्रातः काल 9 बजे से 4 बजे तक यज्ञ का कार्यक्रम होता है। शाम को 4 बजे से 7 तक श्री राम कथा होगी।

### मुकदमें में आवश्यक कार्यवाही न करने पर एसपी ने दरोगा को किया निलंबित

हरदोई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थाना कासिमपुर पर एक तैनात सब इंस्पेक्टर द्वारा अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही व उदासीनता बरतने पर निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 16 सितंबर 2025 को थाना कासिमपुर क्षेत्रांतर्गत निगोहिया हाल्ट,शारदा नहर रजबहा पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन के विवाद के चलते दो पक्षों के मध्य मारपीट हुई थी जिसके संबंध में इस सम्बन्ध में थाना कासिमपुर धारा 3(5)/109(1)/115(2)/352/351(3) व 3(2)(5) /3(2)(5)/3(1)घ एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमें में विवेचक चन्द्र प्रकाश द्वारा उपरोक्त मुकदमें में आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे चलते दोनों पक्षों में 2 अक्टूबर को पुनः मारपीट हुई। उक्त प्रकरण में थाने पर पुनः मारपीट सहित दलित उत्पीड़न में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# भारती किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय घेरा

## धरना प्रदर्शन कर ऑफिस में डाला ताला 5 घंटे बाद तहसीलदार ने लिया ज्ञापन उसके बाद खुला ताला 5 घंटे तक कैश काउंटर का कार्य रहा बाधित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन सावित्री गुट के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन करके घेराव किया कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय सहित सभी ऑफिस में ताला डाल दिया जिससे कैश जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को दर-दर भटकना पड़ा तहसीलदार को ज्ञापन सौपने के बाद एसडीओ सहित सभी कार्यालय के ताला खोले गए।





शनिवार को लगभग 11:00 बजे भारतीय किसान यूनियन सावित्री ग्रुप के जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता नेतृत्व में सैकड़ो किसान विद्युत वितरण खंड कार्यालय में पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर धरना प्रदर्शन किया और एसडीओ के मुख्य कार्यालय में काउंटर कक्ष कार्यालय बाबू कक्ष मैं अपना ताला डाल दिया और हंगामा काटने लगे जिससे एसडीओ कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया एसडीओ ने उच्च अधिकारियों को धरना प्रदर्शन की सूचना दी इधर भारतीय किसान यूनियन सावित्री गुटके जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने सात सूत्री ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौपने की मांग उठाई एसडीओ ने उप जिलाधिकारी को सूचना दी जिस पर तहसील छिबरामऊ से आए तहसीलदार अविनाश सिंह ने भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का ज्ञापन लिया। इस दौरान अवधेश गुप्ता ने बताया कि गांव व नगर आसपास क्षेत्र के किसान एवं आम नागरिक स्मार्ट मीटर कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली बिजली के बड़े हुए बिल किसानों पर बिजली बकाया होने के चलते उनका कनेक्शन काट देना बिजली घर में कनेक्शन के नाम पर और बिल के काम करने के नाम पर दलालों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए बिजली दरों में नागरिकों एवं किसानों को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराई जाए विनीता यादव पत्नी अजीत सिंह निवासी सांगुरा बहादुरपुर मलिकपुर कनेक्शन होने के बाद भी अवैध बिल आ रहा है जिस को ठीक किया जाए सहित 7 सूत्री ज्ञापन सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग की ज्ञापन सौंपने के बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय कैश काउंटर कार्यालय लिपिक कक्ष का ताला खोला लगभग 5 घंटे तक कैश काउंटर सहित सभी कार्यालय का ताला बद रहा।

जिसके चलते एसडीओ सहित सभी कर्मचारियों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी एसडीओ ने बताया कि कैश काउंटर में ताला होने के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए विद्युत बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को खासी दिक्कत उठानी पड़ी वहीं राजस्व का भी खासा नुकसान हुआ है।

# जनता को किसी भी स्तर पर असुविधा का सामना न करना पड़े : जिलाधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के आईएफएससी कोड परिवर्तन से उत्पन्न लेनदेन संबंधी समस्याओं पर समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बैंक कोड परिवर्तन, चेकबुक व डेबिट कार्ड निरस्त होने से जनता को किसी भी स्तर पर असुविधा न हो।



उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी स्थिति की सतर्कता से निगरानी करें और त्योहारों के समय किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक के दौरान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार ने अवगत कराया कि तकनीकी कार्यवाही अंतिम चरण में है और 8 अक्टूबर 2025 से खाताधारकों का जमा–भुगतान कार्य सामान्य रूप से शुरू हो जाएगा। कोषाधिकारी ने सुझाव दिया कि विभागीय आहरण एवं वितरण अधिकारियों तथा लाभार्थियों के खातों की नई फीडिंग शीघ्र पूरी कराई जाए, जिससे भुगतान में दिक्कत न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, लीड बैंक अधिकारी, कोषाधिकारी, एनआईसी प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट में जज बनकर संजीव कुमार ने बढ़ाया जनपद का मान

**हरदोई।** जनपद के मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम लटेनी निवासी पूर्व जज हाईकोर्ट खेमकरन के सुपुत्र संजीव कुमार ने प्रयागराज हाई कोर्ट की पीठ में न्यायाधीश बनकर जिले का नाम रोशन किया है। न्याय मूर्ति संजीव कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है। संजीव कुमार के प्रयागराज में जज बनने पर कस्बा शाहाबाद निवासी रतीराम गौतम ने ब्लाक चौराहा पर अपने समर्थकों शुभचिंतकों के साथ खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। संजीव कुमार सेवानिवृत्त जज खेमकरन के छोटे बेटे हैं। जस्टिस खेमकरन उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ में न्यायाधीश रह चुके हैं। तथा न्यायिक सेवा में उनका लंबा व सम्मानजनक कार्यकाल रहा है।

# भारत मिलाप के बाद हुआ राम का राज्याभिषेक

» लीला के मंचन को देखकर श्रद्धालुओं की आंख हुई नाम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** श्री आदर्श लीला समिति पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान मेंरा मलीला महोत्सव के तहत प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन चल रहा है। इसमें शनिवार की रात रामलीला ग्राउंड स्थित में भगवान राम के अयोध्या वापसी के दौरान भरद्वाज आश्रम पहुंचने, अयोध्या में भरत मिलाप, सरस्वती पूजन आदि लीलाओं का मंचन किया गया। सुप्रसिद्ध कलाकारों ने इन लीलाओं को मनोहारी मंचन किया। समिति के अध्यक्ष ने भगवान राम लक्ष्मण सीता माता की आरती उतार कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भरत मिलाप लीला के मंचन को देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भारतवर्ष राम के प्रेम बा संवाद मंचन देखकर दर्शकों की आंखें छलक उठी पंडाल में बैठे दर्शाने मुंह से निकल पड़ा कि भाई हो तो भारत जैसा कलाकारों ने मंच पर मनमोहन ढंग से संवाद को प्रस्तुत किया।



इससे पहले कार्यक्रम के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता एवं संरक्षक इंद्र कुमार गुप्ता ने राम लक्ष्मण सीता मां की पूजा अर्चना करके पुष्प अर्पित किए श्री रामलीला महोत्सव का समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें समिति के अध्यक्ष ने सुप्रसिद्ध कलाकारों को भगवान श्री राम लक्ष्मण की प्रतिमा देकर उन्हें सम्मानित किया इसके अलावा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समिति के पदाधिकारी को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव मनोज अग्रवाल अमित गुप्ता पिंटू गुप्ता सुशील गुप्ता लाला जोशी दिलीप गुप्ता राजेश गुप्ता अवधेश गुप्ता मोहित गुप्ता आशु वर्मा राजेश गुप्ता शाहिद समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे कस्बा प्रभारी ज्ञानी सिंह भारी पुलिस बल के साथ कार्यक्रम स्तर पर मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कन्नौज।** सदर तहसील में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 118 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, जबकि शेष के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु विभागों को निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि पिछली शिकायतें पेंडिंग न रहना सकारात्मक संकेत है।



उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण पर विशेष फोकस करने को कहा। साथ ही पारदर्शिता हेतु शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क और फोटो साक्ष्य अपलोड करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान फरियादी स्वामी विवेकानंद व महेश चंद्र को अस्वस्थ होने पर मौके पर मौजूद डॉक्टरों से जांच कराई गई। ब्लड प्रेशर व पल्स रेट अधिक पाए जाने पर डीएम ने उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने व नियमित मॉनिटरिंग के आदेश दिए। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिए अधिकारियों को समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण करना होगा। उन्होंने त्योहारों से पहले वेतन, बोनस, एरियर व डीबीटी के जरिए योजनागत धनराशि वितरण सुनिश्चित करने और पात्र लाभार्थियों को दीपावली पूर्व राशन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने "समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @2047" अभियान का जिक्र करते हुए शिक्षा विभाग की सराहना की और अन्य विभागों को भी जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर अधिकाधिक कार्यक्रम करने पर जोर दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने भी सभी विभागों से मिशन शक्ति अभियान के तहत गांव-गांव जाकर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने व शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, एसडीएम सदर वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम अवतार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कर्म से पतित रावण रूपी पुतले का हुआ अंत

**शाहाबाद/हरदोई।** श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक अहिरावण और रावण वध का जीवंत मंचन गिरिराज बालकृष्ण रामलीला व रासलीला संस्थान, गोवर्धन के कलाकारों द्वारा दिखाया गया। अहिरावण वृद्ध का शुभारंभ सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण, ब्लॉक प्रमुख शाहाबाद त्रिपुरेश मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत, कोतवाल आनंद नारायण त्रिपाठी व मेला कमेटी द्वारा आरती पूजन के बाद किया गया। अहंकारी रावण का वध होते ही मेला मैदान सहित वायुमंडल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। पुतला दहन से पूर्व जमीनी व आकाशीय आतिशबाजी का नज़ारा देख सभी आगंतुक हतप्रभ रह गये। ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा प्रभु श्रीराम के मंच से आशीर्वाद देने की शक्ति न हमारी है, और न ही आपकी है। यह प्रभु श्री राम शक्ति है कि वो हमें आशीर्वाद दें।

# आयुक्त व डीजीपी ने किया बौद्ध महोत्सव स्थल का निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर के. विजेंद्र पांडियन व उप पुलिस महानिरीक्षक कानपुर हरीश चंद्र द्वारा संकिसा पहुँचकर बौद्ध पूर्णिमा पर आयोजित होने बाले बौद्ध महोत्सव के आयोजकों व माँ विसारीदेवी सेवा समिति के सदस्यों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई।



आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि आयोजन में कोई भी वक्ता किसी भी धर्म पर टिप्पणी नहीं करेगा, सोशल मीडिया पर भी कोई आपत्तिजनक पोस्ट नही की जायेगी, धम्म यात्रा में एक ही झाँकी निकाली जाएगी, कोई भी कार्य परम्परा के अतिरिक्त नही होगा। आयुक्त द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत संकिसा को निर्देशित किया कि रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये, पेयजल, शौचालय की उचित व्यवस्था की जाये पूरे मार्ग व मेला स्थल पर लगातार साफ सफाई चलती रहे, ड्रोन द्वारा वीडियोग्राफी कराई जाए, फायर बिग्रेड की गाड़ी की तैनाती की जाये, पूरे क्षेत्र में पी.ए.सिस्टम लगाया जाये, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया। आयुक्त व डी.आई.जी. द्वारा कार्यक्रम स्थल व स्तूप का निरीक्षण भी किया। बैठक में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर मौजूद रहे।

# युवा भारत के जिला प्रभारी ने जन्म दिवस पर यज्ञ कर किया पौधारोपण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** युवा भारत के जिला प्रभारी और श्री गोविन्द वृद्ध जन सेवा एवं गौ विज्ञान समिति के उप प्रबंधक सोनू गुप्ता ने गुरुवार को अपने जन्म दिन के अवसर पर कायाकल्पकेंद्रम स्थित यज्ञशाला में हवन किया। वरिष्ठ नेचुरोपैथ डॉक्टर राजेश कुमार मिश्र के ने यज्ञ करवाया।



हवनोपरान्त कायाकल्प के संस्थापक, जिले के प्रथम नेचुरोपैथ डॉ राजेश मिश्र, एवं सभी सदस्यों ने वेद मंत्र के साथ बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही श्री गुप्ता ने जन्म दिन के शुभ अवसर पर शहीद उद्यान की भूमि पर, प्राथमिक विद्यालय के सम्मुख शांति और समृद्धि के प्रतीक अशोक का पौधा को भी रोपित किया। इस मौक पर गोविंद गुप्ता, मनोज मिश्रा, अभिषेक पांडे, नंदकिशोर,

» गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा कर लिया आशीर्वाद

सिद्धि मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने शाम को सैया पुरवा स्थित श्री गोपाल गौशाला पहुंचकर गौ माता को हरा चारा खिलाया, गुड़ खिलाया और उनकी सेवा कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर गौशाला के संरक्षक राजेश गुप्ता, आनन्द पांडे, दाताराम गुप्ता सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सरकारी एवं गरीबों की भूमि से अवैध कब्जा तत्काल खाली कराएं

» गरीब एवं असहायों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें :–डीएम

» दंबग,अपराधी,आराजक तत्वों एवं भूमाफियों की गतिविधियों पर नजर रखें :– अशोक मीणा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरदोई।** तहसील सवायजपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने सरकारी एवं गरीबों व असहाय लोगों की भूमि पर अवैध कब्जो की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व विभाग के कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करते हुए समस्त भूमि कब्जा मुक्त करायें।



जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रदेश में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिले और गरीब एवं असहाय लोगों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये, इसलिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गांव-गांव चौपाल आदि के माध्यम से गांव एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और उनका आपसी सुलह-समझौते के आधार पर गांव में ही निस्तारण करें। राशन वितरण संबंधी शिकायतों के संबंध में डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि राशन वितरण में अनियमितता करने वाले कोटेदारों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करते हुए कोटा निरस्त की कार्यवाही तथा पेंशन प्रकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उनका सत्यापन कराकर पात्र व्यक्तियों की पेंशन पुनः बहाल करायें। विद्युत विभाग की शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के साथ लोकल फाल्ट एवं खराब ट्रास्फरमार समय पर ठीक करायें और नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रोस्टर के अनुसार करायें।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीम का सहयोग करें और ग्रामीण क्षेत्र के दंबग, अपराधी, आराजक तत्वों एवं भूमाफियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रात्रि गस्त तेज करायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, जिला विकास अधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष तथा शिकायत कर्ता आदि उपस्थित रहें।

**जागरण** कानपुर के कलाकारों ने मचाई धूमसमाजसेवी ने आरती उतार कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है 22वां भगवती का विशाल जागरण संपन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** श्री दुर्गा जागरण आयोजक समिति तिराहा पार्क के तत्वाधान में 22वां मां भगवती का विशाल जागरण मैं कानपुर से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने मां भगवती के जगराते में मनमोहक गीत सुनकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया जगराते में पूरी रात दिल्ली से आए सुप्रसिद्ध कलाकारो मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करके श्रद्धालुओं को पूरी रात डटे रहने पर मजबूर कर दिया।









नगर के तिराहा स्थित पार्क मैं कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा माता रानी का विशाल मंच बनाया गया जिसमें दरबार आकर्षण का केंद्र रहा कार्यक्रम का प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र गुप्ता ने माता रानी की आरती पूजन और हवन करके शुभारंभ किया गणेश वंदना के बाद सुप्रसिद्ध कानपुर के कलाकार अजीत कुमार ने माता रानी के चरणों में गीत प्रस्तुत करते हुए चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है सारे बोलो जय माता की जय माता की जय माता की सुपरसिद्ध महिला कलाकार महिमा कानपुर ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भक्तों की लगी है कतार भवानी प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी श्रद्धा प्रयागराज में अंबे तू है जगदंबे काली जय दुर्गे खप्पर वाली तेरे ही गुण गावें में भारती ओ मैया हम सब उतारे तेरी आरती नहीं मांगते धन और दोलत ना मांगू सोना चांदी हम तो मांगू बस दिल में एक छोटा सा कौना सबकी बिगड़ी बनाने वाली लाज बचाने वाली सतियों के सत को निभाती हो मैया हम सब उतारे तेरी आरती सुप्रसिद्ध कलाकार साक्षी कानपुर ने कहा कि लाल फूलों की आई है बाहर मैया तेरे मंदिर में आकर्षक गीत गाकर कलाकारों ने श्रद्धालुओं को पूरी रात बैठने पर मजबूर कर दिया पंडित ओम जी शर्मा एण्ड जागरण पार्टी एवं अंशु म्यूजिकल ग्रुप ने मंच पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करके श्रद्धालुओं का मनमोह लिया सिम्मी ग्रुप दिल्ली द्वारा प्रस्तुत की गई 51 झांकिया ने माता रानी की दरबार की शोभा बढ़ाई और भीड़ को अपनी तरफ आकर्षित किया कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधित्व इंद्र कुमार गुप्ता प्रमुख समाजसेवी मनोज कुमार अग्रवाल तथा श्री दुर्गा जागरण आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने माता रानी के दरबार में आरती उतार कर उनका पूजन किया और चुन्नी चढ़ाई विशाल दुर्गा जागरण में अजय किशोर गंगा चरण उपाध्याय रामनिवास पाठक राजेश यादव यश गुप्ता संजीव गुप्ता शिवम गुप्ता अनन्या अवधपाल आध्या आवत पाल रचना गुप्ता मीना गुप्ता महिमा ठाकुर मयंक अवधवाल सोना अवधवाल अक्षर आर्थिक ओम दिव्या प्राची गुप्ता विनीता गुप्ता रंजीत गुप्ता गीतांजलि गुप्ता संध्या गुप्ता अनुपम गुप्ता कंचन प्रिया गुप्ता आरती शिवम वैभव सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी आलोक दुबे शहर चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे।

## एक नजर

### नीतीश के फ्लाइंग कैच से चंद्रपॉल आउट

भारत ने अहमदाबाद टेस्ट में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया। भारत ने पहला मैच जीतकर दो टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पूरे मैच में भारतीय टीम हावी रही। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन नीतीश रेड्डी ने हवा में छलांग लगाकर तेगनारायण चंद्रपॉल का कैच पकड़ा। इससे पहले, दूसरे दिन जब केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाया तो तीनों ने ही अलग-अलग अंदाज में इसे सेलिब्रेट किया।

### गिल- जब तक जीतते रहेंगे, टॉस मायने नहीं रखता

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट जीतने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने कहा, यह हमारे लिए परफेक्ट गेम था। टीम इंडिया के उप-कप्तान रवींद्र जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत ने पहला टेस्ट पारी और 140 रनों से जीत लिया। भारत ने इस जीत के साथ दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है।

### ईरानी कप- विदर्भ दूसरी पारी में 232 पर ऑलआउट

ईरानी कप में रणजी चैंपियन विदर्भ मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन विदर्भ ने रेस्ट ऑफ इंडिया को 361 रन का टारगेट दिया। टीम ने स्टंप्स तक रेस्ट ऑफ इंडिया के दो विकेट भी गिरा दिए। कप्तान रजत पाटीदार और ईशान किशन नाबाद लौटे है। नागपुर स्टेडियम में विदर्भ की दूसरी पारी 232 रन पर ऑलआउट हो गई। रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से अंशुल कम्बोज ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। पहली पारी टीम को 128 रन की बढ़त मिली थी। रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम अपनी पहली पारी में 214 रन पर ही सिमट गई थी। नागपुर के VCA स्टेडियम में विदर्भ ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी।

### सबा करीम बोले- भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे

पूर्व विकेटकीपर सबा करीम का मानना है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान बहुत पीछे है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों का सामना कल यानी 5 अक्टूबर को कोलंबो में होना है। इस मुकाबले से पहले शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और जियोस्टार एक्सपर्ट सबा करीम ने मीडिया-डे के दौरान दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, दोनों टीमों के प्रदर्शन में काफी अंतर है। इसलिए मुझे लगता है कि भारत की ताकत इसी से पता चलती है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास एक बहुत ही मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप है। हमारा टॉप ऑर्डर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसके साथ ही मैं मिडिल ऑर्डर से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं। हरमन का फॉर्म अच्छा है, लेकिन रन उतने नहीं बन रहे जितने बनने चाहिए। हमारी बॉलिंग यूनिट, खासकर हमारे स्पिनर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा हमने 15 मेंबर्स स्क्वॉड में कई अच्छे ऑलराउंडर चुने हैं।

### बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 सीरीज जीती

बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को दूसरे टी-20 में 2 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने ऑलराउंडर प्रदर्शन किया। उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 13 रन दिए और एक विकेट लिया, साथ ही नाबाद 11 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# रोहित शर्मा से वनडे की कप्तानी छीनी गई शुभमन गिल नए कप्तान, श्रेयस उपकप्तान

## ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज खेलेंगे रोहित-विराट




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा से भारत की वनडे टीम की कप्तानी छीन ली गई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली शामिल हैं, लेकिन कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। गिल पहले से टेस्ट टीम के कप्तान हैं। रोहित और विराट ने आखिरी वनडे मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी साल 9 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था।

टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

**भारत की वनडे और टी-20 टीम**

वनडे : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल।

टी-20 : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।

**रोहित और कोहली का 2027 वर्ल्ड कप खेलना तय नहीं**

चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने कहा- 'रोहित शर्मा और विराट कोहली का 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलना अभी तय नहीं है। इसलिए रोहित को कप्तान नहीं बनाया गया है। उनसे इस बारे में बात कर ली गई है। शुभमन गिल को टेस्ट के साथ-साथ वनडे की कमान दिए जाने पर उन्होंने कहा कि तीन फॉर्मेट के लिए तीन कप्तान बनाना मुमकिन नहीं है। इसलिए गिल को दो फॉर्मेट में कप्तान बनाया गया है।'

**गिल ने अब तक 55 वनडे खेले हैं**

शुभमन गिल ने अब तक 55 वनडे इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 8 शतकों की मदद से 2775 रन बनाए हैं। औसत 59.04 का और स्ट्राइक रेट 99.56 का है। गिल को 50 ओवर के फॉर्मेट में कप्तानी का ज्यादा अनुभव नहीं है। लिस्ट ए क्रिकेट में उन्होंने 6 मैचों में कप्तानी की है। इसमें उनकी टीम पांच में जीत हासिल करने में कामयाब रही। वनडे इंटरनेशनल में गिल ने आज तक कप्तानी नहीं की है।

# भारत ने वेस्टइंडीज से 77 साल का हिसाब चुकता किया

## ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट, मैच में जडेजा की सेंचुरी और 4 विकेट




**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। एक टेस्ट मैच में 450 ओवर का खेल मुमकिन होता है, लेकिन अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट 217.2 ओवर में ही समाप्त हो गया।

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शनिवार को 45.1 ओवर में महज 146 रन के स्कोर पर सिमट गई। रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 3 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। एक विकेट वॉशिंगटन सुंदर को मिला। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। यानी भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन बिल्कुल बैटिंग नहीं की। वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचने के लिए 287 रनों की जरूरत थी। उसकी पहली पारी 162 रन पर ऑलआउट हुई थी। भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है।

यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। एक टेस्ट मैच में 450 ओवर का खेल मुमकिन होता है, लेकिन अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट 217.2 ओवर में ही समाप्त हो गया।

वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शनिवार को 45.1 ओवर में महज 146 रन के स्कोर पर सिमट गई। रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 3 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। एक विकेट वॉशिंगटन सुंदर को मिला। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। यानी भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन बिल्कुल बैटिंग नहीं की।

**77 साल में पहली बार घर में वेस्टइंडीज से जीत-हार बराबर**

यह सीरीज शुरू होने से पहले वेस्टइंडीज दुनिया की इकलौती टीम थी जिसके खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत को अपने ही देश में जीत कम और हार ज्यादा मिली थी। अब जीत और हार के नंबर बराबर हो गए हैं। अगर भारतीय टीम दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भी जीत हासिल कर लेती है तो टेस्ट खेलने वाली सभी टीमों के खिलाफ उसका घरेलू रिकॉर्ड पॉजिटिव हो जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम 1948 में पहली बार भारत के दौरे पर आई थी। तब से वह भारतीय जमीन पर जीत के मामले में भारतीय टीम से आगे रही थी।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश कही

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडियरी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (''एलजीईआईएल'' या ''कंपनी'') ने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग पेश की है। इसके प्रति ईक्विटी शेयर का मूल्य 1,080 रुपये से 1,140 रुपये होगा। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 06 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार तय की गई है। इस बिड/ऑफर की सदस्यता 07 अक्टूबर, 2025, दिन मंगलवार से शुरू होगी और 09 अक्टूबर, 2025, दिन गुरुवार को समाप्त होगी। निवेशक कम से कम 13 ईक्विटी शेयर के लिए, और उसके बाद 13 ईक्विटी शेयर के गुणांक में बोली लगा सकेंगे। एम्प्लॉई रिज़र्वेशन पोर्शन के अंतर्गत बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति ईक्विटी शेयर 108 रुपये का डिस्काउंट दिया जाएगा।

संपूर्ण विवरण के लिए दिनांक 30 सितंबर को प्रकाशित प्राईस बैंड का एडवरटाईज़मेंट देखें, जो अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

इस ऑफर में प्रमोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक. द्वारा 10 रुपये प्रति शेयर की फेस वैल्यू के 101,815,859 ईक्विटी शेयर्स तक की बिक्री शामिल है।

इसके बुक रनिंग लीड मैनेजर एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड हैं, तथा केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड इस ऑफर के रजिस्ट्रार हैं। इक्विटी शेयरों को एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

यह ऑफर सेबी आईसीडीआर रेगुलेशंस के रेगुलेशन 31 के साथ पढ़े जाते हुए संशोधित सिक्योरिटीज़ कांट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) नियमों, 1957 ('एससीआरआर') के नियम 19(2)(बी) की शर्तों के अंतर्गत पेश किया जा रहा है. यह ऑफर सेबी आईसीडीआर रेगुलेशंस के रेगुलेशन 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें नेट ऑफर का अधिकतम 50% तक का हिस्सा आनुपातिक आधार पर अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीदार को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा।

# ई-कॉमर्स कैश ऑन डिलीवरी पर एक्स्ट्रा चार्ज ले रहे सरकार बोली ये गलत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर कैश ऑन डिलीवरी ऑर्डर्स पर एक्स्ट्रा चार्ज लगाए जाने की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स द्वारा सीओडी पर अतिरिक्त शुल्क लगाना एक तरह का 'डार्क पैटर्न' है। इस साल प्राप्त शिकायतों के बाद विभाग ने जांच तेज कर दी है।'

जोशी के मुताबिक, सीओडी पर ज्यादा पैसे लेना ड्रिप प्राइसिंग का उदाहरण है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 13 डार्क पैटर्न्स में से एक है। जुलाई में जेप्टो जैसे प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ सोशल मीडिया पर शिकायतें सामने आईं, जहां चेकआउट पर 'कैश हैंडलिंग फीस' जोड़ी गई।



मंत्री ने कहा, 'प्लेटफॉर्म्स की गहन जांच होगी। ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पक्की की जाएगी, ताकि ई-कॉमर्स में पारदर्शिता बनी रहे।

ड्रिप प्राइसिंग: ऑर्डर के अंतिम चरण में छिपे शुल्क जोड़ना

फॉल्स अर्जेंसी: 'केवल 1 आइटम बचा' जैसे झूठे संदेश

सब्सक्रिप्शन ट्रैप्स: आसानी से रद्द न होने वाली मेंमरशिप


# भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी : नीरव

## छह साल से लंदन की जेल में है प्रत्यर्पण केस को फिर से ओपन करने के लिए याचिका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टॉर्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवंबर को हो सकती है।

हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 'हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर UK की अदालत पूछेगी तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।'



**नीरव पर PNB से 6,498 करोड़ हड़पने का आरोप**

नीरव पर पंजाब नेशनल बैंक से फर्जी तरीके से 6,498 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप है। नीरव ने सैकड़ों लेटर ऑफ अंडरटेकिंग का दुरुपयोग भी किया है। सभी जांच एजेंसियां इस बात पर एकमत हैं कि उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। नीरव को मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था। अभी वह UK जेल में बंद है और उसे भारत लाने की कार्यवाही अभी पेंडिंग है। भारत ने UK को बताया है कि नीरव को मुंबई के आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा, जहां हिंसा, भीड़भाड़ या दुर्व्यवहार का कोई खतरा नहीं है और मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध है। एजेंसियों ने UK को भरोसा दिया है कि नीरव पर कोई नया आरोप नहीं लगाया जाएगा। 54 साल के नीरव मोदी को 19 मार्च 2019 को प्रत्यर्पण वारंट पर गिरफ्तार किया गया था। तत्कालीन UK गृह सचिव प्रीति पटेल ने अप्रैल 2021 में उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। वह करीब छह साल से लंदन की जेल में है। पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी के मामले में CBI जांच कर रही है। ED का उस धोखाधड़ी की कमाई से मनी लॉन्ड्रिंग का केस देख रही है और CBI केस में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का तीसरा केस चला रही है।

# जुबीन के साथी का दावा- उन्हें मैनेजर-ऑर्गनाइजर ने जहर दिया

## हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची, सिंगर हांफ रहे थे, फिर भी तैरने भेजा



सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था- जाबो दे, जाबो दे (उसे जाने दो, उसे जाने दो)।

**बैंडमेट गोस्वामी के आरोप, कहा- जुबीन की मौत डूबने से नहीं हुई**

हम सभी 19 सितंबर को समुद्र में एक याट पर गए थे। शर्मा के कंट्रोल में लेने के बाद याट समुद्र में खतरनाक तरीके से हिलने लगी थी।। सभी की जान जोखिम में पड़ गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि शर्मा ने असम एसोसिएशन (सिंगापुर) के सदस्य और NRI तन्मॉय फुकन को ड्रिंक की व्यवस्था न करने को कहा और खुद ही सभी ड्रिंक्स देने की बात कही।

जब जुबीन को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और वो लगभग डूब रहे थे, तब शर्मा चिल्लाते हुए सुने गए, 'जाबो दे, जाबो दे' (जाने दो, जाने दो)।

जुबीन ट्रेंड स्विमर था। उसने मुझे और शर्मा को भी तैरना सिखाया था, इसलिए उनकी मौत डूबने से नहीं हो सकती। शर्मा और महंत दोनों ने सिंगर को जहर दिया और साजिश छुपाने के लिए सिंगापुर को चुना। शर्मा ने मुझे याट के किसी भी वीडियो को किसी के साथ शेयर न करने के लिए कहा था। असम सरकार ने जुबीन के मौत के मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता गुवाहाटी हाईकोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सैकिया करेंगे। CM हेमंत सरमा ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया था।



# रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। एम9 न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने 'अंजनी पुत्रा' और 'चमक' जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'चालो' से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई 'गीता गोविंदम' ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'देवदास', 'यजमाना', 'डियर कॉमरेड', 'भीष्म', 'सरिलेरु नीकेव्वरु', 'पुष्पा : द राइज' और 'पुष्पा 2 : द रूल' जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की। वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने 'एनिमल' और 'छावा' जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की 'सिकंदर' में भी नजर आई हैं।

# फरहान अख्तर के साथ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी

## एक्टर के कार्ड का मिसयूज कर ड्राइवर ने निकाले पैसे, मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार

एक्टर फरहान अख्तर के साथ धोखाधड़ी हुई है। मुंबई पुलिस ने उनके ड्राइवर नरेश सिंह और एक अन्य व्यक्ति अरुण सिंह के खिलाफ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि बिना जानकारी के एक्टर के कार्ड का इस्तेमाल कर पैसे की गड़बड़ी की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, यह शिकायत एक्टर की मां हनी ईरानी की मैनेजर दिया भाटिया ने दर्ज कराई है। धोखाधड़ी तब सामने आई जब उन्होंने पेट्रोल के रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाई। आरोप है कि कार की टंकी की क्षमता केवल 35 लीटर थी, लेकिन रिकॉर्ड में 62 लीटर पेट्रोल-डीजल का बिल दिखाया गया। साथ ही पेट्रोल उस गाड़ी के लिए लिया गया था, जिसे सात साल पहले बेच दिया गया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने ड्राइवर नरेश सिंह और बांद्रा झील के पास स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी अरुण सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस पूछताछ में नरेश सिंह ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया और बताया कि फरहान के नाम से जारी कार्ड उसे 2022 में एक्टर के पूर्व ड्राइवर के जरिए मिला था। वह पेट्रोल पंप पर बिना पेट्रोल डाले ही कैश लेता था और कमीशन के तौर पर पेट्रोल पंप कर्मचारी को हिस्सा देता था। रोजाना लगभग 1000 से 1500 रुपए की यह रकम होती थी।फरहान अख्तर जल्द ही फिल्म 120 बहादुर में नजर आएंगे। इसका टीजर भी जारी हो चुका है। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होगी और यह 1962 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित है।



# पंकज त्रिपाठी का नया लुक देख लोग हैरान

## हरी शेरवानी-धोती स्टाइल पैंट में आए नजर, रणवीर सिंह बोले- हम सुधर गए और आप बिगड़ गए



एक्टर पंकज त्रिपाठी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं, जिसमें वो बिल्कुल नए लुक में नजर आ रहे हैं। दरअसल हाल ही में पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में पंकज हरे रंग की वैल्वेट शेरवानी जैकेट में नजर आए। इस पर सुनहरी कढ़ाई की डिजाइन बनी हुई थी। अंदर उन्होंने काले रंग की शर्ट पहनी थी। सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला हिस्सा था लाल धोती स्टाइल पैंट, जिस पर बड़े सुनहरे फूल बने थे। उन्होंने इस लुक को गोल्डन जूते और भूरे रंग की टोपी के साथ पूरा किया।पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक नई शुरुआत। यह किसी दिलचस्प चीज की शुरुआत है। माहौल कैसा है? पंकज त्रिपाठी की तस्वीरों पर सेलेब्स ने रिएक्शन दिए। एक्टर रणवीर सिंह ने मजाकिया अंदाज में लिखा, "अरे! ये क्या गुरुजी?! हम सुधर गए, और आप बिगड़ गए?

## एक नजर

### दुर्गा पूजा व विसर्जन शोभायात्रा की तैयारियों का एडीजी ने लिया जायजा



**सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा महोत्सव और प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाने हेतु एडीजी जोन लखनऊ सुजीत पांडेय शनिवार को सुलतानपुर पहुंचे। उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में एक अहम बैठक कर जिले की तैयारियों की गहन समीक्षा की। बैठक में आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार, डीएम कुमार हर्ष, एसपी कुंवर अनुपम सिंह, एएसपी अखंड प्रताप सिंह सहित जिले के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे। एडीजी ने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़-प्रबंधन पर फोकस रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों और विसर्जन मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित किए जाएं। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने, ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी की मदद से निगरानी बढ़ाने और किसी भी अफवाह पर तत्काल कार्रवाई करने पर बल दिया। एडीजी सुजीत पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ उन्होंने शहर के संवेदनशील इलाकों का भी जायजा लिया।

### पिता की बगिया में दिवंगत चिकित्सक बेटे की प्रतिमा का लोकार्पण

**लंभुआ-सुलतानपुर।** माता – पिता – पत्नी के करुण क्रंदन के बीच शनिवार को दिवंगत चिकित्सक डॉ लक्ष्मी कांत साहू की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ। करीब चार वर्ष पूर्व युवा चिकित्सक की कोरोना से मौत हुई थी। लोकार्पण के बाद मित्र, परिजन व रिश्तेदार ने उनके संस्मरण भी साझा किए। दरअसल, नगर पंचायत के गांधीनगर निवासी राम प्यारे साहू के बेटे व चिकित्सक डॉ लक्ष्मीकांत साहू अपने दायित्व के दौरान कोरोना से ग्रस्त हो गए थे।उस वक्त डॉ लक्ष्मी कांत साहू अमेठी जिले के शाहगढ़ सीएचसी में तैनात थे। 19 अप्रैल 2021 को डॉ साहू की मौत हो गई थी। पूरा परिवार इस हादसे से स्तब्ध रह गया था। युवा चिकित्सक पत्नी डॉ रुचि साहू बेसुध पड़ी थी तो माता मिथिलेश साहू – पिता राम प्यारे साहू-भाई रजनीकांत साहू भी इस दर्दनाक हादसे को भुला नहीं पा रहे थे। इस दौरान पिता ने गांधीनगर मोहल्ले में मौजूद पारिवारिक भूमि पर चिकित्सक बेटे की याद को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए एक उपवन सजाना शुरू किया। इसी उपवन के एक तरफ चिकित्सक बेटे डॉ लक्ष्मी कांत साहू की प्रतिमा भी स्थापित की गई। शनिवार को चिकित्सक की प्रतिमा का लोकार्पण हुआ तो लोग अपने आंसू रोक नहीं पाए। भांजी आस्था साहू ने अपनी पुस्तक 'सोल्जर इन व्हाइट' को लोकार्पित करते हुए उनके साथ बिताए संस्मरण साझा किए। बचपन के मित्र अनु महाराज उर्फ हनुमान, डॉ. नीरज साहू, राजमणि पांडेय, डॉ. राम अभिलाष तिवारी, दर्शन साहू आदि वक्ताओं ने स्मृतियों को साझा किया। रेल अफसर व अनुज रजनीकांत साहू ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया।



### पूर्व विधायक सोनू समेत 19 आरोपी बरी हुए

**सुलतानपुर।** 19 साल पूर्व मायंग में दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला करने के चर्चित मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनके 19 समर्थकों को एमपी – एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने बरी कर दिया है। कूरेभार थाने में घुसकर सिपाही की पिटाई करने के आरोप में पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू पर दर्ज आपराधिक केस में 24 अगस्त 2006 की शाम चार बजे तत्कालीन थानाध्यक्ष जोखूलाल सरोज मायंग में उनके घर पुलिस टीम के साथ दबिश देने पहुंचे थे। आरोप था कि दबिश के दौरान इसौली के पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू ने समर्थकों के साथ ईंट गुम्मे से हमला कर बलवा और मारपीट कर हत्या की धमकी दी थी जिसमें आठ सिपाही घायल हुए थे। बचाव पक्ष के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया कि कोर्ट में 19 साल तक चले केस में अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए लेकिन वे आरोप साबित नहीं कर पाए। सुनवाई के बाद इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सत्येंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनु भद्र सिंह, सुशील सिंह, हैंडिल, सुजीत सिंह, शोभनाथ मिश्र, सुनील मिश्र, सतीश मिश्र, देव प्रकाश तिवारी, वीरेंद्र कुमार, राम अचल यादव, इंद्रमणि दुबे, त्रिलोकी सिंह, रणविजय सिंह, टिल्लू गुप्ता, गिरिजा प्रसाद मिश्र को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी तिलकधारी सिंह, शिवपूजन पांडेय, श्याम सुन्दर, कल्लू गुप्ता, राजेश सिंह और संजय सिंह की मुकदमे के दौरान मौत हो गई थी।

### कटावां में स्थापित हुई दुर्गा माता की प्रतिमा

**सुलतानपुर।** जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या-33 पवन मिश्रा (कटावां) के नेतृत्व में श्री अम्बे माता पूजा समिति द्वारा गांव कटावां में दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन कुमार अग्रहरी, मोहनलाल अग्रहरी, दयाराम अग्रहरी, डॉ. अंकित अग्रहरी, आलोक अग्रहरी, गौरव बरनवाल, आदित्य अग्रहरी, आयुष अग्रहरी, अपूर्व अग्रहरी, मनोज अग्रहरी, मुकेश अग्रहरी, राकेश अग्रहरी, मनीष गुप्ता, शिवम अग्रहरी, सुरेश अग्रहरी, रमेश अग्रहरी, प्रवीन अग्रहरी, आदर्श अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व समिति के सदस्य शामिल हुए। श्री अम्बे माता पूजा समिति ने मेले में आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। माहौल जय माता दी और जय मां शेरावाली के जयकारों से गूंज उठा।



### सीएमओ ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**सुलतानपुर।** ऐतिहासिक दुर्गापूजा महोत्सव के अवसर पर डाकखाना चौराहा स्थित डॉ. बीसी मिश्र के आवास के सामने प्रताप सेवा समिति के सौजन्य से आयोजित चिकित्सा शिविर का शुभारंभ शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, चिकित्सक और समिति पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच, इलाज व परामर्श विशेषज्ञ डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा किया जा रहा है। दशकों से प्रताप सेवा समिति यह सेवा शिविर आयोजित कर मां के भक्तों को समर्पित करती आ रही है। मुख्य अतिथि डॉ. भारत भूषण ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जनपद की ऐतिहासिक दुर्गापूजा आस्था, भक्ति और अनेकता में एकता का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग भी मेले को लेकर पूरी तरह सतर्क और तैयार है। वहीं मेला प्रभारी डॉ. लालजी ने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। खुले व तैलीय खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। समिति के सचिव विजय विद्रोही ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. अबसार अहमद, डॉ. एसके श्रीवास्तव, पंकज तिवारी, प्रताप सेवा समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. बीसी मिश्र सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत, एक घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कूरेभार-सुलतानपुर।** पीढ़ी-हलियापुर मार्ग पर शनिवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य ग्रामीण घायल हो गया। सूचना पर पहुँची कूरेभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।



घटना सुबह करीब 6 बजे बरौला गांव के पास हुई। बताया जा रहा है कि फुलौना की ओर जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की पहचान सुरजीत कुमार निषाद पुत्र संतराम निषाद निवासी खालिसपुर दुर्गा छींटपट्टी, जनपद सुल्तानपुर के रूप में की।

वहीं हादसे में बरौला गांव निवासी ऊदल भी चपेट में आकर घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन थाने पहुँचे और शव की पहचान की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी भेज दिया।

## मिशन शक्ति 5 .0 : कूरेभार पुलिस ने छात्र-छात्राओं को दिए सुरक्षा मंत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कूरेभार-सुलतानपुर।** महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा को लेकर कूरेभार पुलिस ने शनिवार को कस्बे के जनता इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090, 1098, 181, 108, 102 व 1930 की जानकारी दी। साथ ही आकस्मिक स्थिति में थानाध्यक्ष कूरेभार का मोबाइल नम्बर 9454404345 सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के महत्त्वपूर्ण नम्बरों को भी साझा किया गया।



यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस टीम ने छात्रों को किसी भी विपरीत परिस्थिति में निडर होकर मदद मांगने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, हे.का. राहुल कुमार, म.हे.का. अंजूलता सिंह, म.का. आकांक्षा यादव और म.का. प्रिंयका मौजूद रहीं।

## बस में तोड़फोड़ और चालक परिचालक से मारपीट में मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** राजकीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े सैदपुर के पास उपद्रवियों द्वारा रोडवेज बस में तोड़ फोड़, चालक और परिचालक से मारपीट व रुपये छीनने के मामले में पुलिस ने पांच-छह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, चोरी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में छह आरोपितों को पाबंद किया है।

लालगंज डिपो बस के चालक संतोष कुमार माली और परिचालक विशेष प्रताप यादव शुक्रवार को अयोध्या से बस लेकर सुलतानपुर पहुंचे थे। शहर में दुर्गापूजा महोत्सव के चलते रूट डायवर्ट होने से चालक सुलतानपुर से यात्रियों को बस पर बैठाकर टांटिया नगर के रास्ते अमेठी जा रहा था। लखनऊ- बलिया मार्ग पर गोसाईगंज के सैदपुर के पास सड़क पर किसी ने वाहन खड़ा कर रखा था। जब बस रुकी और परिचालक ने वाहन को हटाने के लिए कहा तो पांच-छह लोग बस पर चढ़ गए।

चालक सन्तोष के मुताबिक गाली गलौज करते हुए आरोपितों ने बस के शीशे तोड़ डाले। इतना ही नही उपद्रवियों ने उनके साथ मारपीट की और परिचालक की टिकट मशीन और पैसा लेकर भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच- छह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, चोरी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया छह आरोपितों को पाबंद करने की कार्रवाई की गई है। अन्य की गिफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## अरविन्द केजरीवाल के मामले में सुनवाई फिर टली

**सुलतानपुर।** अमेठी जिले के गौरीगंज कस्बे में 11 साल पूर्व रोड जाम, उपद्रव व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मुकदमे में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुनवाई शनिवार को 30 अक्टूबर के लिए टल गई। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 20 अप्रैल 2014 को अमेठी के अपर मुख्य अधिकारी जग प्रसाद मौर्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना में अरविंद केजरीवाल, कुमार विश्वास हरिकृष्ण, बब्लू तिवारी व अजय सिंह समेत कई लोगों पर चार्जशीट दाखिल हुई थी। उधर मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद में चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अरविंद केजरीवाल पर दूसरा मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों मामले में केजरीवाल व कुमार विश्वास के खिलाफ सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : 22 शिकायतों का तत्काल निस्तारण, बाकियों के लिए आदेश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** तहसील सदर सभागार में जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर 22 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया।





जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनके अधिकारी सम्बंधित प्रकरणों का गंभीर और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रकरणों का निस्तारण तुरंत करायें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 93 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय रहते निस्तारण कर कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराएं।

इसके अलावा, अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित कर जन शिकायतें सुनी गईं और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंभुआ में ग्यारहवीं शरीफ पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

### गौस पाक की याद में हुआ भव्य आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लम्भुआ - सुलतानपुर।** नगर पंचायत में शनिवार को ग्यारहवीं शरीफ का आयोजन अकीदत और श्रद्धा के साथ किया गया। हज़रत गौस पाक अब्दुल कादिर जिलानी की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।



कार्यक्रम की शुरुआत जुलूस गौसिया से हुई, जो जामा मस्जिद गौसिया से निकलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हाजी मोहम्मद इमाम अली जूनियर हाईस्कूल परिसर तक पहुंचा। रास्ते भर "ग्यारहवीं शरीफ जिंदाबाद" और "गौस पाक जिंदाबाद" के नारों से नगर की गलियां गूंजती रहीं।

महिलाओं से लेकर पुरुषों तक ने बड़े ही जोश और श्रद्धा से जुलूस में हिस्सा लिया।स्कूल प्रांगण में हुए मुख्य कार्यक्रम में अंजुमनों के प्रतिभागियों ने मनकबत और नाते पाक पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए कलाकारों को आयोजकों की ओर से सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर काजीए शरा मौलाना महमूद रज़वी, मुफ्ती अकील अहमद मिस्बाही रौनाही और मकबूल अहमद नूरी जैसे प्रतिष्ठित उलेमा ने गौस पाक की करामातों और शिक्षाओं पर रोशनी डालते हुए समाज में भाईचारा, इंसानियत और धार्मिक जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया।

आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत लंभुआ के कई प्रमुख लोग और मुख्य आयोजक गुलाम दस्तगीर कादरी, हाजी जाहिद हुसैन फारुकी, खुर्शीद अहमद फारुकी, लल्लन भाई, सुशील बरनवाल, वाजिद हुसैन फारुकी, मोहम्मद इसराइल प्रधान, समीर अहमद सब्बाग, सलीम अंसारी, हारून भाई, हाजी सगीर अहमद, असगर अली फारुकी, महफ़ूज़ आलम, अनस रजा, इरफान फारूकी, फारूक अहमद सब्बाग, अमीन फारुकी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्य आयोजक गुलाम दस्तगीर कादरी ने सभी आए अकीदतमंदों का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि ग्यारहवीं शरीफ का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक उत्सव है, बल्कि समाज में शांति, भाईचारे और एकता का संदेश देता है।

## बार एसोसिएशन चुनाव : रविशंकर बने अध्यक्ष, वीरेंद्र महासचिव



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर- सुलतानपुर।** शनिवार को बार एसोसिएशन जयसिंहपुर के वार्षिक चुनाव में इस बार जबरदस्त सरगर्मी देखने को मिली। पुलिस की मौजूदगी में शांति पूर्ण ढंग से मतदान और मतगणना प्रक्रिया संपन्न हुई। घोषित नतीजों में अध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा और महासचिव पद पर वीरेंद्र प्रकाश वर्मा विजयी घोषित किए गए। प्रमुख पदों पर त्रिकोणीय मुकाबले के बीच मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम सामने आए।

अध्यक्ष पद पर रविशंकर मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बब्बन प्रसाद मिश्रा को सात मतों से हराया। रविशंकर को कुल 37 मत प्राप्त हुए, जबकि बब्बन प्रसाद को 30 मत मिले। वहीं, ओम प्रकाश शुक्ला मात्र पांच मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। एक मत अवैध रहा। महासचिव पद पर कड़ा संघर्ष देखने को मिला। इस पद पर वीरेंद्र प्रकाश वर्मा ने 38 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने प्रदीप कुमार शुक्ला को 20 मत और प्रेमशंकर पांडेय 15 मत को पीछे छोड़ते हुए 18 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। चुनाव समिति के पदाधिकारियों निवर्तमान अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ला, सचिव अमित शुक्ला, संतोष कुमार, अरविंद प्रताप सिंह, राजबहादुर तिवारी, रमाकांत मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह व एल्डर कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी, फतेह बहादुर सिंह, राज नारायण मिश्र, सुधाकर विकास चतुर्वेदी, राम शिरोमणि की मौजूदगी में सुबह मतदान शुरू हुआ। शाम कारीब साढ़े तीन बजे मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए गए। इससे पहले विभिन्न पदों पर एक ही नामांकन होने से सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रवींद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष पद पर श्रीनाथ वर्मा को चुना गया।

इसी तरह, सहसचिव प्रशासन पद पर देवानंद पांडेय, सहसचिव पुस्तकालय श्रीकृष्ण सिंह, सहसचिव कल्याण निधि चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सत्येंद्र शुक्ल, भगवान सिंह, गोविंद पांडेय, धनंजय चौबे और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर हरि शंकर शुक्ल, राम बहादुर सिंह व धर्मेंद्र कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया गया।

इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शुक्ल नगवा, एडवोकेट जयप्रकाश तिवारी, महेंद्र पांडेय, सन्तोष मिश्र, शिव शंकर तिवारी, बहादुर, राम सजीवन विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, गया प्रसाद तिवारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी से बवाल, वायरल वीडियो से सियासी भूचाल

### शिक्षक नेता से भरे मंच पर कादीपुर विधायक ने छीना माइक, लगाई लताड़

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** विजयदशमी जैसे पावन पर्व पर कादीपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का वीडियो वायरल होते ही बवाल खड़ा हो गया है।

वीडियो में शिक्षक नेता श्यामलाल निषाद को सनातन धर्म और भगवा पहनने वालों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सुना जा रहा है। मंच से दी गई इस टिप्पणी में उन्होंने "हरामी" शब्द का इस्तेमाल किया, जिसने माहौल को पूरी तरह गरमा दिया।



#### विधायक ने छीना माइक, मंच पर मचा हंगामा

कार्यक्रम में मौजूद कादीपुर से भाजपा विधायक राजेश गौतम इस टिप्पणी से आगबबूला हो गए। उन्होंने तत्काल मंच से माइक छीनकर इसका विरोध दर्ज कराया और खुले मंच से ही इस बयान को सनातन धर्म का अपमान बताते हुए कड़ा एतराज जताया। मौके पर माहौल गरम हो गया और कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनपने लगा।

#### वायरल वीडियो ने बढ़ाई हलचल

वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, मामला सुलतानपुर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों में भी सुर्खियों में आ गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व सनातन धर्म के अनुयायियों ने इसे आस्था पर सीधी चोट बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। कई स्थानों पर लोग आक्रोशित होकर कार्रवाई की मांग करने लगे। इस विवाद ने कादीपुर का राजनीतिक तापमान भी बढ़ा दिया है। स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक भाजपा कार्यकर्ता लामबंद हो रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ा राजनीतिक विवाद बन सकता है। मामला तूल पकड़ने के बाद प्रशासन व पुलिस भी हरकत में आ गई है। सूत्रों के मुताबिक, वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है और पूरे प्रकरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**मेले में रौनक** सुबह से ही लगा रहा बाबा के चौरा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता, गृहस्थ व कृषि सामानों की हुई जमकर खरीदारी

# पांडेयबाबा धाम मेला में तीसरे दिन भी उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** ऐतिहासिक पांडेयबाबा धाम पर दशहरे से शुरू हुआ पारंपरिक मेला तीसरे दिन भी पूरी रौनक के साथ जारी रहा। सुबह से ही बाबा के चौरा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। आस-पास गांवों से आई महिलाओं ने कड़ाही चढ़ाकर हलुआ-पूड़ी का प्रसाद बाबा को अर्पित किया।

दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं ने मेले में सजी दुकानों से गृहस्थ व कृषि उपयोगी सामानों की जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने बेलन, कड़ाही, चाकू, छिलनी, चलनी, सूप, चौका, खैलर, सिकहर, आमफर्नी, स्टील बॉक्स जैसे घरेलू सामान खरीदे तो बुजुर्गों ने खेती-किसानी के औजार खुरपी, कुदाल, फरसा, कुल्हाड़ी आदि की खरीद-फरोख्त की। मेले में युवाओं ने पारंपरिक वस्तुएं जैसे लाठी, बांसुरी, गुड़ की जलेबी खरीदी और सर्कस का आनंद लिया। वहीं बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की और चटपटी चाट का लुत्फ उठाया।





#### कौड़ियों की चढ़त का महत्व

मेले में बाबा को चढ़ाई गई कौड़ियों का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इन्हें घर या पशुओं के गले में बांधने तथा दुकानों में रखने से बाबा के आशीर्वाद से समृद्धि प्राप्त होती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मेले में मोतिगरपुर थाने की पुलिस व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे।

## एक नजर

### गोवा में केजरीवाल ने मांगी माफी



**माएम।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गोवा के माएम में आम आदमी पार्टी के ऑफिस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवा की बीजेपी पर सरकार पर खूब निशाना साधा और गोवा की जनता को लूटने का आरोप लगाया। इसी के साथ उन्होंने एक दिल्ली वाला एक दांव भी खेला। अपने भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भरे मंच से माफी भी मांगी। ये माफी कार्यक्रम में उनके देरी से पहुंचने को लेकर थी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आप लोग काफी देर से इंतजार कर रहे थे लेकिन वह सही समय पर इसलिए नहीं पहुंच पाए क्योंकि जिस रास्ते से उन्हें आना था वहां सड़क की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज पर मायेम में भी एक क्लिनिक खोलने का वादा किया है जिसमें इलाज से लेकर दवा तक हर चीज फ्री होगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा, आपको कोई भी समस्या हो, आप हमारे पास आइए। हम आपकी समस्याओं को दूर करायेंगे। अब 2 सप्ताह बाद माएम विधानसभा में एक क्लीनिक भी खोला जाएगा, यहां बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। आज यहां हमारा विधायक और सरकार नहीं है तो इतना काम कराया जा रहा है तो जब हमारी सरकार होगी तब कितना काम कराया जाएगा।

### महाराष्ट्र में सात साल की बच्ची का रेप-मर्डर

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में 33 साल के एक पावरलूम मजदूर ने पड़ोस में रहने वाली सात साल की एक बच्ची के साथ रेप किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। फिर बच्ची के शव को एक बोरे में बंद करके भाग गया। घटना 1 अक्टूबर की है। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। आरोपी ने इसी पैटर्न पर साल 2023 में रेप-मर्डर की एक और घटना को अंजाम दिया था। तब उसने भिवंडी में ही छह साल की बच्ची के साथ हैवानियत की और फिर उसकी जान ले ली थी। उस मामले में वह जेल में था। दो महीने पहले अदालत से पेशी के दौरान भाग गया था। पुलिस ने उसे 1 अक्टूबर को घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर फिर से गिरफ्तार कर लिया। वह घटना को अंजाम देने के बाद बिहार के मधुबनी स्थित अपने घर भागने की कोशिश कर रहा था। अदालत ने उसे आठ दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### पंजाब में बेटी को नहर में फेंक दिया, मौत

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में बाप ने अपनी बेटी की नहर में फेंककर हत्या कर दी। बेटी के दोनों हाथ बांध रखे थे। इस दौरान उसकी मां भी वहां मौजूद थी। बाप ने ही इस पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। अब वीडियो सामने आया है। पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी व्यक्ति पांच बेटियों का पिता था और 17 वर्षीय अपनी बड़ी बेटी के चरित्र पर अकसर शक किया करता था। आस-पड़ोस के लोग बताते हैं कि वह अकसर इस बेटी पर बेहद सख्त रवैया अपनाता था, पर हत्या कर देना अकल्पनीय था। वारदात की जानकारी मृतका की बुआ ने पुलिस को दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसने बेटी को कई बार समझाने की कोशिश की, पर वह उसकी बातों पर ध्यान नहीं दे रही थी तो उसने उसे मार डाला। मामला 30 सितंबर का है।

### ओडिशा में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो जगह झड़प

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक शहर में शनिवार तड़के 2 बजे दुर्गा पूजा की मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान दो अलग-अलग जगहों पर झड़प हो गई। इनमें कुल 15 लोग घायल हो गए, जिनमें डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस ऋषिकेश खिलारी और चार अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पहली झड़प झंजीरिमंगला पूजा समिति की भासना यात्रा के दौरान तेज म्यूजिक बजाने की वजह से हुई। दो गुटों ने एक-दूसरे पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। दूसरी घटना राउसपटना यात्रा के दौरान हाथी पोखरी इलाके में हुई, इसमें एक दूसरे से मारपीट और तोड़फोड़ की खबरें आईं। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसे SCB मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। DCP खिलारी की हालत स्थिर है। झड़पों से करीब 50 मूर्ति ले जाने वाली गाड़ियां लगभग चार घंटे रुक गईं थीं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने सुबह 6 बजे के आसपास यात्राएं भारी सुरक्षा के बीच फिर शुरू कराईं। मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### टीआरएफ के फाउंडर सज्जाद की 2 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** पुलिस ने आतंकी संगठन टीआरएफ के फाउंडर और नामी आतंकी सज्जाद गुल की 2 करोड़ रुपए कीमत की तीन मंजिला इमारत को कुर्क किया है। टीआरएफ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। यह बिल्डिंग रोज एवेन्यू, एचएमटी स्थित 15 मरला भूमि पर बनी हुई थी। ये प्रॉपर्टी आतंकी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता गुलाम मोहम्मद शेख के नाम पर दर्ज थी। इस बात की जानकारी राजस्व रिकॉर्ड से मिली है। आतंकी की संपत्ति पर ये कार्रवाई परिमपोरा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के तहत की गई है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत शुरू की गई है। इसके तहत अधिकारियों के पास आतंकी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार होता है।

### बंगाल में पेट्रोल बम बनाते वक्त मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार सुबह एक आदमी की बम बनाते वक्त मौत हो गई। रानीनगर थाने के चेटियानी इलाके में उस्मान बिस्वास नाम का शख्स पेट्रोल बम बना रहा था, तभी बम फट गया। पुलिस ने घटनास्थल से कई पेट्रोल बम बरामद किए। इससे पहले शुक्रवार को डोमकाल इलाके में एक महिला की बम ब्लास्ट में मौत हो गई थी। पुलिस अब विस्फोटकों के सोर्स और बम बनाने के मकसद की जांच कर रही है।

### फायर ब्रिगेड के वाहन से बाइक सवार की मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सोनिया विहार क्षेत्र में शनिवार को फायर ब्रिगेड के वाहन ने मोटरसाईकल सवार को कुचल दिया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फायर ब्रिगेड टीम यमुना में डूब रहे शख्स को बचाने जा रही थी, तभी घटना हो गई।

### जगदीश पांचाल बने गुजरात भाजपा अध्यक्ष

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार में सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। जगदीश पंचाल गुजरात भाजपा के 14वें प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह लेंगे। विश्वकर्मा अहमदाबाद के निकोल विधान सभा से विधायक हैं। गुजरात भाजपा के अध्यक्ष पद के पर्यवेक्षक केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव हैं। गुजरात भाजपा इकाई में कुल 292 सदस्य हैं। ये सदस्य ही राज्य इकाई के अध्यक्ष का चुनाव करते हैं।

### वायनाड को केंद्र ने केवल 260 करोड़ मंजूर किये: प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार पर वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार ने पुनर्वास व राहत कार्यों के लिए 2,221 करोड़ की मांग की थी, लेकिन केंद्र ने सिर्फ 260 करोड़ मंजूर किए। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विधानसभा में बताया कि घोषित राशि अब तक राज्य को नहीं मिली है। उन्होंने वायनाड की त्रासदी को 'राष्ट्रीय आपदा' और 'गंभीर प्रकृति की आपदा' घोषित करने की मांग दोहराई। राज्य सरकार ने एल्स्टन एस्टेट में 64.47 हेक्टेयर जमीन पर टाउनशिप प्रोजेक्ट शुरू किया है, जो जनवरी 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### मणिपुर में तीन जिलों से 10 उग्रवादी गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर में सिक्योरिटी फोर्सेस ने तीन जिलों से 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। असम राइफल्स ने 1 अक्टूबर को चुराचांदपुर के जंगलों में ऑपरेशन सोंगकोट के तहत यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के सीनियर कमांडर जमखोगिन गुइटे लुप्हो उर्फ पेप्सी समेत 5 लोगों को पकड़ा। यह कमांडर जनवरी 2024 में बिष्णुपुर जिले में चार मीतै समुदाय के लोगों की हत्या में शामिल बताया जा रहा है। इसके अलावा शुक्रवार को थौबल और इंफाल वेस्ट जिलों से चार और उग्रवादी गिरफ्तार हुए।

# नलकूपों से पानी का दुरुपयोग रोकने को अपनायें वैज्ञानिक पद्धति

## चेकडैम, तालाब और ब्लास्टकूप निर्माण को बनायें जनांदोलन : योगी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय नलकूपों के जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नलकूपों से पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाए और वाटर कंजर्वेशन की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा का मौसम इसके लिए सबसे उपयुक्त है। इससे भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने में मदद मिलेगी और डार्क जोन वाले क्षेत्रों में सुधार होगा।

सीएम योगी ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं।



अपने सरकारी आवास में चालू वित्तीय वर्ष में चैकडैम/एनीकट के निर्माण सम्बंधी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक करते सीएम योगी

यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिंग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिंचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें। बरसात के बाद इन्हें मत्स्य पालन और सिंघाड़ा उत्पादन के लिए उपयोग में लाकर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं।

रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए यह कदम निर्णायक साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 तक प्रदेश में 82 अतिदोहित और 47 क्रिटिकल क्षेत्र थे। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में यह घटकर 50 अतिदोहित और 45 क्रिटिकल क्षेत्र रह गए हैं, जो संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और तेजी लाकर आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों को पूरी तरह सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जैसे ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान ने वृक्षारोपण को जनांदोलन का रूप दिया है, वैसे ही चेकडैम और तालाब निर्माण भी सामूहिक प्रयासों से बड़े स्तर पर संचालित किया जाए। यह न केवल जल संकट से निपटने में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा।

# केन्द्र की तर्ज पर बिहार कर्मियों को तीन फीसदी डीए का लाभ

## राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया निर्णय, 55% से बढ़ाकर महंगाई भत्ता किया गया 58%

**संजय सिंह**

**पटना।** राज्य सरकार ने केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर बिहार सरकार के सभी वर्ग के कर्मियों और पेंशनधारकों के महंगाई भत्ता (डीए) में बढ़ोतरी कर दी है। डीए को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य कैबिनेट की विशेष बैठक में लिया गया। कैबिनेट में लिए निर्णयों की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में 129 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें कई विभागों में बहाली से संबंधित प्रस्ताव से लेकर सड़क निर्माण समेत कई अहम एजेंडे शामिल हैं।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी कर्मियों के साथ ही पेंशनधारकों को बढ़े हुए डीए का लाभ 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से मिलेगा। इस बढ़ोतरी से राज्य सरकार के खजाने पर 917 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने



सरकारी कर्मियों के साथ ही पेंशनधारकों को बढ़े हुए डीए का लाभ 1 जुलाई 2025 के प्रभाव से मिलेगा

पिछले कुछ महीनों में जनकल्याणकारी और कर्मियों को लाभ पहुंचाने से संबंधित जो भी घोषणाएं की गई हैं, उन्हें अमलीजामा पहनाने के लिए कैबिनेट में खासतौर से निर्णय लिए गए हैं। इन्हें मूर्तरूप देने या धरातल पर उतारने के लिए कैबिनेट में अलग-अलग राशि दी गई है। इसके तहत मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित अल्पवास गृहों को शक्ति सदन में परिवर्तित कर संचालित करने के लिए 250 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

राज्य सरकार ने मोतिहारी, छपरा एवं भागलपुर में हवाई अड्डा का पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन (प्री फिजिब्लिटी स्टडी) के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से कराने तथा इनका चयन कराने के लिए 1 करोड़ 21 लाख 58 हजार रुपये स्वीकृति दी गई है। भागलपुर के सुल्तानगंज के तहत ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा के निर्माण के लिए 931 एकड़ भूमि अर्जित करने के लिए 472 करोड़ 12 लाख रुपये की प्राशसनिक स्वीकृति दी गई है। सहरसा में हवाई अड्डा के रनवे विस्तार के लिए 12.08 एकड़ जमीन अर्जित करने के लिए 147 करोड़ 76 लाख रुपये मुआवजा राशि की स्वीकृति दी गई है।

राज्य में साइबर अपराध के तेजी से बढ़ते मामलों की समुचित तरीके से जांच करने और संबंधित अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एक अलग साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का गठन किया गया है। वर्तमान में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अंतर्गत कार्यरत इस इकाई को अलग कर दिया गया है। यह सीधे पुलिस मुख्यालय के अधीन काम करेगा। इसके संचालन के लिए 23 नए पदों का सृजन किया गया है और पूर्व से सृजित एवं विमुक्त विभिन्न कोटि के 321 पदों को कर्णांकित तथा 207 पदों को हस्तांतरित किए जाने की स्वीकृति दी गई है। पटना में बांकीपुर बस स्टैंड परिसर की भूमि पर जन-निजी भागीदारी के माध्य से पांच सितारा होटल का निर्माण कराया जाएगा। होटल के निर्माण के लिए आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार के स्तर से अनुमोदित रियायती एकरारनामा दस्तावेज के आधार पर सफल निविदाकर्ता को लेटर ऑफ अवार्ड निर्गत करने की स्वीकृति दी गई है। कोलकाता की सारगा होटल प्राइवेट लिमिटेड को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। लीज की गई जमीन के न्यूनतम पंजीकृत मूल्य का भुगतान 90 वर्ष के लिए लीज पर दिया जाएगा। इस जमीन का न्यूनतम पंजीकृत मूल्य 68 करोड़ 4 लाख रुपये है।

# केजरीवाल का 'शीशमहल' बनेगा अब अतिथि गृह

## रेखा सरकार की योजना, आम लोगों को भी मिलेगी एंट्री



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शासनकाल में तैयार हुए उनके सरकारी निवास, जिसे भाजपा 'शीश महल' कहती है, को रेखा गुप्ता सरकार कैफेटेरिया युक्त राज्य अतिथि गृह (स्टेट गेस्ट हाऊस) में बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए योजना पूरी तरह तैयार हो चुकी है और बस उस पर अंतिम मुहल लगना बाकी है। इस बारे में जानकारी देते हुए शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि इस बंगले में जल्द ही शहर के अन्य राज्य भवनों की तरह पारंपरिक व्यंजन परोसने वाली एक कैंटीन शुरू हो सकती है। सबसे खास बात जो उन्होंने बताई वह यह कि यहां आम जनता के प्रवेश की अनुमति भी होगी, और वह भी इस स्थान का लाभ उठा सकेंगे। इसके अलावा इस प्रस्ताव के अनुसार यहां एक पार्किंग स्थल, वेटिंग हॉल और अन्य सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा। हालांकि इस योजना को फिलहाल अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'सरकार सिविल लाइंस इलाके में फ्लैगस्टाफ रोड पर स्थित इस बंगला नंबर 6 में एक राज्य अतिथि गृह बनाने के काम को अंतिम रूप देने के करीब है, जो पूर्व मुख्यमंत्री के आवास के रूप खाली पड़ा था। इसमें एक फूड आउटलेट, पार्किंग और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।'

उक्त अधिकारी ने आगे कहा, 'जिस तरह अन्य राज्य अतिथि गृहों में अधिकारी और मंत्री मीटिंग और ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए आकर ठहरते हैं और बदले में कमरों का किराया देते हैं, यहां भी ऐसा ही किया जाएगा। हालांकि इस योजना को अभी उच्च अधिकारियों से अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है।'

अधिकारी ने आगे बताया कि बंगले के रखरखाव के लिए फिलहाल वहां लगभग 10 लोगों का स्टाफ मौजूद है, जिन पर अलग-अलग कामों को करने की जिम्मेदारी है। इसमें रोजाना झाड़ू लगाना, सफाई करना और रेफ्रीजरेटर व एयर कंडीशनर जैसे बिजली के उपकरणों को नियमित रूप से चलाकर देखना व उनकी देखभाल करना शामिल है।

इससे कुछ ही दिन पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि 'शीश महल' बंगला एक सफेद हाथी की तरह है और दिल्ली सरकार को अभी इसके भाग्य के बारे में फैसला करना बाकी है। गुप्ता ने कहा था, यह दिल्ली सरकार के पास सफेद हाथी की तरह पड़ा है और हम सोच रहे हैं कि इसका क्या किया जाए। यह वही बंगला है जिसे अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

बता दें कि यह वही सरकारी बंगला है, जिसे भाजपा ने एक बड़ा मुद्दा बनाते हुए पूर्व सीएम केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। भाजपा ने इसे शीशमहल नाम देते हुए इसके पुनर्निर्माण के लिए केजरीवाल पर करोड़ों रुपए फूंकने का आरोप लगाया था। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि साल 2022 तक इस बंगले के पुनर्निर्माण पर लगभग 33.86 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। हालांकि, भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए दावा किया था कि इस बंगले की वास्तविक लागत 75 से 80 करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी।

### जुबीन को मैनेजर-ऑर्गनाइजर ने जहर दिया, दावा

**नयी दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी।

शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था- जाबो दे, जाबो दे (उसे जाने दो, उसे जाने दो)। जुबीन ट्रेंड स्विमर था। उसने मुझे और शर्मा को भी तैरना सिखाया था, इसलिए उनकी मौत डूबने से नहीं हो सकती। शर्मा और महंत दोनों ने सिंगर को जहर दिया और साजिश छुपाने के लिए सिंगापुर को चुना। शर्मा ने मुझे याट के किसी भी वीडियो को किसी के साथ शेयर न करने के लिए कहा था।

# जापान में तकाइची बनेंगी पहली महिला प्रधानमंत्री

## देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी

**एजेंसी**

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है। ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी।

ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के



चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था।

एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। इसके बाद शीर्ष दो दावेदारों ताकाइची और कोइजुमी के बीच दूसरे दौर का मुकाबला हुआ। इसमें ताकाइची को 185 और कोइजुमी को 156 वोट मिले। ताकाइची ने जीत के बाद कहा- 'मैं खुश होने के बजाय यह सोच रही हूं कि आगे का रास्ता कितना मुश्किल होने वाला है।'

ताकाइची हाल ही में ट्रम्प प्रशासन के साथ हुए ट्रेड डील के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि इस पर फिर से बातचीत की जानी चाहिए। जापान और अमेरिका के बीच अगस्त में डील हुई थी। इसमें जापान ने अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया था। ताकाइची समलैंगिक विवाह की विरोधी हैं। उनका मानना है कि इससे पारिवारिक मूल्य कम होते हैं।

विदेशियों के जापान में आने के नियमों को सख्त करने की मांग कर चुकी हैं। उनका मानना है कि गैरकानूनी रूप से आने वाले लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वैवाहिक जोड़े के नाम में अलग-अलग टाइटल रखने का विरोध करती हैं।

# राजनाथ की चेतावनी के बाद भी सर क्रीक विवाद सुलझने के आसार नहीं

## अंग्रेजों की सीमांकन रेखाओं की अलग-अलग व्याख्या से अब भी उलझे हैं भारत और पाकिस्तान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सर क्रीक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सर क्रीक सेक्टर में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का निर्णायक जवाब दिया जाएगा, जो इतिहास और भूगोल दोनों को बदल देगा। गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप एक सैन्य अड्डे पर भाषण के दौरान राजनाथ सिंह ने यह बात कही। राजनाथ सिंह का यह बयान विवादित क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा सैन्य बुनियादी ढांचे के विस्तार की पृष्ठभूमि में आया था।

सर क्रीक गुजरात के कच्छ के रण और पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर लंबा ज्वारीय मुहाना है। दोनों पक्षों द्वारा समुद्री सीमा की अलग-अलग व्याख्याओं के कारण इसे एक विवादित क्षेत्र माना जाता है। इसे पहले 'बन गंगा' कहा जाता था और बाद में एक ब्रिटिश अधिकारी के नाम पर 'सर क्रीक' कहा जाने लगा। यह छोटा दिखने वाला किनारा लंबे समय से दोनों देशों के बीच समुद्री सीमा, समुद्री संसाधनों के नियंत्रण और सामरिक दबदबे से जुड़ा विवाद बना हुआ है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सर क्रीक विवाद की जड़ ब्रिटिश शासन के दौरान सीमांकन की रेखाओं की अलग अलग व्याख्याओं की वजह से है। 1914 में बॉम्बे सरकार ने सिंध और कच्छ के बीच एक निर्णय लिया था, लेकिन 1947 के बाद और खासकर 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद यह मामला और



जटिल हो गया। 1965 के बाद रण ऑफ कच्छ और सर क्रीक के विवाद को निपटाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल बनाया गया, जिसने 1968 में रिपोर्ट दी।

इंटरनेशनल ट्रिब्लूनल की रिपोर्ट में रण ऑफ कच्छ में भारत के दावों को बड़े हिस्से में स्वीकार किया गया, लेकिन सर क्रीक की बॉउन्ड्री लाइन के कुछ पहलुओं को छोड़ दिया गया। पाकिस्तान 1914 के रिजॉल्यूशन और भू भौतिक तथ्यों का हवाला देते हुए कहता है कि कच्छ का विस्तार एक प्राकृतिक अवरोध है और उसे समान्तर रूप में बांटा जाना चाहिए, जबकि भारत 1925 में की गई संशोधित स्पष्टियों को आधार बनाकर अपने अधिकार तय करता है।

दोनों देशों ने 2007 में आपसी हाइड्रोग्राफिक सर्वे और चार्टों के आदान प्रदान जैसे कदम उठाए थे, लेकिन विवाद का कोई अंतिम समाधान नहीं निकला है। 1984 के शिमला समझौते के बाद यह भी स्पष्ट है कि तीसरे पक्ष की दखलअंदाजी संभव नहीं है; यदि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाएं भी तो उन्हें अपनी दावे कुछ हद तक छोड़ने होंगे, जो फिलहाल राजनीतिक रूप से स्वीकार्य नहीं नजर आता। इसीलिए विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के सीमा विवाद का केवल और केवल द्विपक्षीय संवाद और सहमति के जरिए ही स्थायी हल निकल सकता है।

राजनाथ सिंह ने अपने बयान में यह भी कहा कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने सर क्रीक में सैन्य उपस्थिति बढ़ाई है और यह कदम भारत की सहने की क्षमता के परे है। उन्होंने 1965 में मिली सैन्य सफलता और हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र कर कहा कि भारत ने दुश्मन को निर्णायक रूप से जवाब दिया है और जरूरत पड़ी तो फिर वैसा ही कड़ा जवाब देने में पीछे नहीं हटेगा। उनका लक्ष्य स्पष्ट संदेश देना था कि भारत अपनी सीमाओं और समुद्री हकों पर किसी भी तरह के समझौते से पहले पूरी सतर्कता और तैयारी के साथ सामने आएगा। सर क्रीक विवाद का आज का राजनीतिक और सामरिक परिप्रेक्ष्य केवल सीमा रेखा तक सीमित नहीं है; यह क्षेत्रीय ऊर्जा संसाधनों, मछली पकड़ने के अधिकारों और समुद्री मार्गों के नियंत्रण से भी जुड़ा हुआ है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com